CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 12°C

मेरठ, सोमवार 24 नवम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 174 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बीएलओ की मौत के आंकड़े वास्तविकता से बहुत अधिक, स्थिति अत्यंत चिंताजनक: खड़गे पेज 2



केएल राहुल साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में कप्तानी करेंगे खेल टाइम्स



सेना बनाम सर्वोच्च न्यायालय बनाम मानवाधिकार सम्पादकीय



बांग्लादेश में विशेषज्ञों ने दी भीषण भूकंप की चेतावनी पेज 12

# देश में एक दिसम्बर से केस लिस्टिंग का नया सिस्टम: जस्टिस सूर्यकांत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- बोले- मेरा फोकस अदालतों में पेंडिंग केसों की संख्या कम करना, आज शपथ ग्रहण
- जस्टिस सूर्यकांत एक दिसम्बर को देश को सरप्राइज देंगे
- लिस्टिंग की व्यवस्था इतनी अच्छी होगी सब इसका करेंगे स्वागत



**नई दिल्ली।** जस्टिस सूर्यकांत 24 नवम्बर को सुप्रीम कोर्ट के 53वें सीजेआई के तौर पर शपथ लेने वाले हैं। इससे पहले संकेत दिए कि वे एक दिसम्बर को देश को सरप्राइज देंगे। उन्होंने केवल इतना इशारा किया कि सरप्राइज केसों की लिस्टिंग को लेकर है। लिस्टिंग की व्यवस्था इतनी अच्छी होगी कि सब इसका स्वागत करेंगे।

देश के सबसे बड़े ज्यूडिशियल ऑफिस का चार्ज संभालने से पहले, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डेजिग्नेटेड, जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि उनका मेन फोकस देश की अदालतों में पेंडिंग केसों की भारी संख्या को कम करना होगा। जस्टिस सूर्यकांत सुप्रीम कोर्ट के उन मामलों का निपटारा करेंगे, जो हाईकोर्ट में लास्ट स्टेज में हैं और सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण लटके हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने मीडिएशन को भी एक गेम चेंजर बताया। उन्होंने कहा कि यह लिटिगेंट्स को कोर्ट के बाहर तेजी से सेटलमेंट दिला सकता है। अगर पेंडिंग और प्री-लिटिगेशन केस मीडिएशन से सुलझाए जाते हैं, तो कोर्ट पर बोझ काफी कम हो जाएगा। जस्टिस सूर्यकांत दिल्ली में अपने सरकारी आवास पर लीगल जर्नलिस्ट्स के एक ग्रुप को एड्रेस कर रहे थे। जस्टिस सूर्यकांत की बकेटलिस्ट के अनूसार एरियर (पेंडिंग केस) को इंडिविजुअल कोर्ट लेवल पर और पैन-इंडिया बेसिस पर, दोनों तरह से एड्रेस किया जाना चाहिए। एक बड़ा चैलेंज मामलों का ओवरलैप होना है। कई जरूरी केस 5, 7 या 9 जजों की कॉन्स्टीट्यूशनल बेंच को भेजे गए हैं और इस वजह से, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी कई दूसरे केस नहीं देख पा रहे हैं। हजारों मामले इन बड़ी बेंचों के फैसलों का इंतजार करते हुए रुके हुए हैं। इस वजह से, हाईकोर्ट और डिस्ट्रिक्ट कोर्ट भी कई कानूनी सवालों की वजह से अटके हुए हैं, जो अभी तक सुलझे नहीं हैं। हालात को करीब से समझने के लिए लगभग एक हफ्ते का समय लगेगा और इस काम में भी कुछ समय लगेगा। एक क्राइटेरिया यह है कि सबसे पुराने केस पहले लिए जाएं। हालांकि, कुछ नए मामले भी हैं जिन पर तुरंत और सच में ध्यान देने की जरूरत है। डिजिटल कोर्ट और एआई के इस्तेमाल को भी ज्यूडिशियल सिस्टम के कामकाज में शामिल किया जा सकता है। यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है, जो मतलब का बदलाव ला सकती है। लेकिन एक समय ऐसा आता है जब हर लिटिगेंट आखिरी फैसला सुनाने के लिए एक इंसानी कोर्ट की उम्मीद करता है। इसलिए, मुकदमेबाजी में एआई की सीमित लेकिन उपयोगी भूमिका है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसआईआर अभियान: 19 दिन में 6 राज्यों में 15 बीएलओ की मौत

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) अभियान के बीच बूथ लेवल अफसरों (बीएलओ) की मौतें चिंता का कारण बन गई हैं। 21 नवम्बर की रात से 22 नवम्बर के मध्य प्रदेश में दो बीएलओ की बीमारी के कारण मौत हो गई। मध्य प्रदेश के भोपाल में दो बीएलओ को हार्ट अटैक के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। पश्चिम बंगाल में एक महिला बीएलओ ने भी आत्महत्या कर ली। मृतकों के परिजनों ने ज्यादा काम और लक्ष्य पूरा करने के दबाव को मौत का कारण बताया है। निर्वाचन आयोग की शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार बड़े राज्यों में राजस्थान में सर्वाधिक 60.54 फीसदी फॉर्म डिजिटलाइज हुए हैं। वहीं, केरल में सबसे कम 10.58 फीसदी फॉर्म डिजिटल हो पाए हैं। कुल 98.98 फीसदी फॉर्म बंट चुके हैं।

### मैदानों में कड़ाके की सर्दी शुरू, चार शहरों में एक्यूआई 300+

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे पहाड़ी राज्यों पर बर्फबारी हो रही है। इससे मैदानी इलाकों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। मध्य प्रदेश में भोपाल, इंदौर समेत 7 शहरों में शनिवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। पचमढ़ी में सबसे कम 6.2 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान में सर्दी के साथ धुंध का असर बढ़ने लगा है। इसके कारण शहरों में प्रदूषण भी बढ़ गया है। शनिवार शाम को भिवाड़ी, जयपुर, कोटा, टोंक में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) लेवल 300 से ऊपर दर्ज हुआ। 8 शहरों में एक्यूआई 200 से ऊपर रहा। यूपी और बिहार में अब तक सर्दी से राहत थी, लेकिन सोमवार से तापमान गिरने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, यूपी में पहाड़ों से ठंडी हवाएं आने लगी हैं। इसके कारण, अगले पांच दिनों के दौरान राज्य का तापमान 2 से 4 डिग्री तक गिरने की आशंका है। बिहार में 24 नवम्बर के बाद तापमान गिरने लगेगा। 27-28 नवम्बर तक भीषण सर्दी पड़ सकती है। कई शहरों में अभी से घना कोहरे छाने लगा है।

### शीतकालीन सत्र में चंडीगढ़ से संबंधित विधेयक नहीं आएगा: गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की वैधानिक स्थिति बदलने के बारे में आ रही रिपोर्टों के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अभी चंडीगढ़ के लिए केंद्र द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास विचाराधीन है और इस संबंध में संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक लाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। इन रिपोर्टों के कारण सियासी हलकों में तीखी प्रक्रिया हो रही है। इसे देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि चंडीगढ़ के साथ पंजाब या हरियाणा के परंपरागत संबंधों को परिवर्तित करने के बारे में कोई बातचीत नहीं चल रही है। पोस्ट में कहा गया है कि संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ के लिए सिर्फ केंद्र सरकार द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव अभी केंद्र सरकार के स्तर पर विचाराधीन है।

### शीर्ष उल्फा कमांडर, बॉडी गार्ड ने किया सरेंडर

**गुवाहाटी।** यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के एंटी-टॉक ग्रुप के एक शीर्ष कमांडर और उसके एक साथी ने रविवार को असम राइफल्स के सामने सरेंडर कर दिया। अरुणोदोई दहोतिया उर्फ बिजित गोगोई नाम का यह कमांडर, संगठन की 709 कंपनी से जुड़ा था, जिसे उल्फा (इंडिपेंडेंट) के नाम से भी जाना जाता था। दहोतिया को उल्फा (आई) चीफ परेश बरुआ का भरोसेमंद साथी भी माना जाता है। दहोतिया के साथ उसके एक बॉडी गार्ड, फ्रांसिस असोम ने भी आत्मसमर्पण कर दिया।

# एआई के गलत इस्तेमाल पर रोक जरूरी: पीएम मोदी

## कहा: अपराध और आतंकवाद में एआई का प्रयोग खतरनाक

जोहान्सबर्ग, वार्ता



- जी-20 में ग्लोबल लीडर्स से मिले पीएम
- इससे बचाव के लिए मजबूत नियम और कानून बनाने चाहिए
- एआई पर अंतर्राष्ट्रीय समझौता होना जरूरी
- एआई का गलत इस्तेमाल समाज के लिए बड़ी समस्या बन जाएगा

**पीएम मोदी** ने जोहान्सबर्ग में हो रहे जी-20 समिट के दौरान दुनिया के 20 ग्लोबल लीडर्स से मुलाकात की। इनमें इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों समेत कई बड़े अंतर्राष्ट्रीय नेता शामिल रहे।

मोदी ने रविवार को समिट के तीसरे सेशन में दुनिया को एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है, इसलिए सभी देशों को मिलकर इसके लिए मजबूत नियम-कानून बनाने चाहिए। मोदी ने कहा कि एआई पर एक ग्लोबल काम्पैक्ट (यानी अंतर्राष्ट्रीय समझौता) होना जरूरी है। इसमें तीन चीजें सबसे जरूरी होंगी। निगरानी , सुरक्षा और पारदर्शिता। उन्होंने खास तौर पर चेतावनी दी कि डीपफेक वीडियो-ऑडियो, अपराध और आतंकवाद में एआई का इस्तेमाल बहुत खतरनाक है। मोदी ने कहा कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो एआई का गलत इस्तेमाल समाज के लिए बड़ी समस्या बन सकता है। इसलिए समय रहते पूरी दुनिया को एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। इससे पहले मोदी ने बताया था कि, शनिवार को जी-20 शिखर सम्मेलन की बैठक अच्छी रही। उन्होंने कहा कि मैंने दो सत्रों में भाग लिया और प्रमुख मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। मोदी ने एक्स पर बताया कि जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति रामफोसा के साथ शानदार बैठक हुई। हमने भारत-दक्षिण अफ्रीका साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा की, विशेष रूप से ट्रेड, कल्चर, इंवेस्टमेंट और टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट, एआई, रेयर अर्थ मेटल में सहयोग में विविधता लाने पर। इसके साथ ही मोदी ने जी-20 की सफल अध्यक्षता के लिए राष्ट्रपति रामफोसा को बधाई दी। मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत- ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (आईबीएसए) नेताओं की बैठक में शामिल -शेष पृष्ठ दो पर

### जी-20 में पहली बार मेजबानी हैंडओवर नहीं हुई

- ट्रम्प के न आने से नाराज था साउथ अफ्रीका, अमेरिका बोला: यह ठीक नहीं किया

**जोहान्सबर्ग।** साउथ अफ्रीका में 20वां जी-20 समिट रविवार को बिना औपचारिक हैंडओवर के समाप्त हो गया। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने किसी अमेरिकी अधिकारी को गवेल अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा नहीं सौंपा। विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला ने कहा कि आज कोई औपचारिक हैंडओवर सेरेमनी नहीं होगी।

अमेरिका चाहे तो सोमवार से डीआईआरसीओ (दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय) के दफ्तर से जी-20 से जुड़े दस्तावेज ले सकता है। इसके बाद व्हाइट हाउस की डिप्टी सेकेट्ररी अन्ना केली ने आरोप लगाया कि साउथ अफ्रीका ने जी-20 का औपचारिक हैंडओवर नहीं कर गलत किया है।

साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने रविवार को जी-20 समिट के समापन का ऐलान किया। दरअसल, हर जी-20 समिट में पिछले साल की मेजबानी करने वाला देश, अगले मेजबानी करने वाले देश को औपचारिक रूप से 'गवेल' सौंपता है। यह एक लाइव सेरेमनी होती है, जिसमें दोनों देशों के नेता आमने-सामने मौजूद रहते हैं। इस बार अमेरिका की तरफ से राष्ट्रपति ट्रम्प शामिल नहीं हुए। ट्रम्प ने कहा कि साउथ अफ्रीका में गोरे ईसाइयों को मारा जा रहा है।

# ऑपरेशन सिंदूर एक भरोसेमंद आर्केस्ट्रा जैसा था: सेना प्रमुख

शाह टाइम्स ब्यूरो



- हर म्यूजिशियन ने भूमिका निभाई, 22 मिनट में भारतीय सेना ने 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक भरोसेमंद आर्केस्ट्रा की तरह था, जहां हर म्यूजिशियन ने एक साथ मिलकर काम करने वाली भूमिका निभाई, इसी तरह 22 मिनट में भारतीय सेना ने 9 आतंकी जगहों को तबाह कर दिया।

उन्होंने कहा कि मिलिट्री ऑपरेशन में हालात के बदलने के साथ बदलाव का अंदाजा लगाने की दूर की सोच दिखाई देती है। यह एक ऐसा जवाब था, जो उस पल में नहीं बल्कि सालों की सोच से बना था कि कैसे इंटेलिजेंस, सटीकता और टेक्नोलॉजी मिलकर एक्शन में बदल सकती हैं। जनरल द्विवेदी ने कहा कि पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ हमले किए और उसके बाद भारत के सभी जवाबी हमले भी ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए। न्यूक्लियर हथियारों से लैस दो पड़ोसियों के बीच करीब 88 घंटे तक चली मिलिट्री लड़ाई 10 मई की शाम को एक समझौते पर पहुंचने के बाद रुक गई। सेना 21वीं सदी में दुनिया प्रतिस्पर्धा और टकराव से भरी है।

### बॉर्डर कब बदल जाए कोई नहीं जानता: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज सिंध की जमीन भारत का हिस्सा भले न हो, लेकिन सभ्यता के हिसाब से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। और जहां तक जमीन की बात है।

कब बॉर्डर बदल जाए कौन जानता है, कल सिंध फिर से भारत में वापस आ जाए। राजनाथ सिंह ने ये बातें रविवार को दिल्ली में सिंधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी का भी जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने (आडवाणी) अपनी एक किताब में लिखा था कि सिंधी हिंदू, खासकर उनकी पीढ़ी के लोग अभी भी सिंध को भारत से अलग नहीं मानते हैं। दरअसल 1947 में भारत- पाकिस्तान बंटवारे के बाद सिंध प्रांत पाकिस्तान में चला गया। यह पाकिस्तान का तीसरा सबसे बड़ा प्रांत है। जिसकी राजधानी कराची है। प्रांत में उर्दू, सिंधी और अंग्रेजी बोली जाती है।



कहा: आज सिंध की जमीन भारत का हिस्सा भले न हो, पर सभ्यता के हिसाब से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा

# दिल्ली ब्लास्ट: उमर को जमात से मिले थे 40 लाख

- हिसाब गड़बड़ हुआ तो उमर व मुजम्मिल झगड़े
- पुलिस ने फरीदाबाद में मस्जिद, घर, होटल, गोदाम खंगाले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 10 नवम्बर को हुए कार ब्लास्ट में शामिल सुसाइड बॉम्बर डा. उमर और डा. मुजम्मिल के बीच 40 लाख रुपये को लेकर झगड़ा हुआ था। फंडिंग जमात की तरफ से हुई थी। इसी पैसे से सामान खरीदने में हुए खर्च को लेकर उमर और मुजम्मिल की बीच तनाव था।

एनआईए टीम यूनिवर्सिटी के पास की मस्जिद के मौलवी इश्तियाक को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इसे ही जमात के जरिए कई लाख रुपये मिले थे, जिसका इस्तेमाल मुजम्मिल ने ब्लास्ट के लिए सामान खरीदने में किया था। सूत्रों के मुताबिक इन्हीं पैसों में हेरफेर को लेकर मुजम्मिल और उमर के बीच तनाव था। इधर, फरीदाबाद में पुलिस ने धौज गांव समेत 4 थाना क्षेत्रों में शनिवार को सर्च अभियान चलाया। पुलिस टीम ने दिनभर मस्जिदों, दुकानों, होटलों, घरों व गोदामों में चेकिंग की। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया मॉड्यूल का हर आरोपी एक अलग हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। मुजम्मिल का हैंडलर अलग था, जबकि ब्लास्ट करने वाला उमर दूसरे हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। दो खास हैंडलर मंसूर और हाशिम एक सीनियर हैंडलर इब्राहिम के अंडर काम कर रहे थे, जो मॉड्यूल की पूरी एक्टिविटीज को सुपरवाइज कर रहा था।

# पाकिस्तानी पत्रकार ने फेक न्यूज फैलाई: फ्रांसीसी नौसेना

## हमने राफेल गिरने की बात नहीं मानी, गलत तरीके से पेश किया अफसर का बयान

- हामिद मीर ने एक फ्रांसीसी अधिकारी के बयान का हवाला देते हुए राफेल गिरने का किया था दावा
- रिपोर्ट में जिस अफसर का नाम लिखा गया है, वह भी गलत : फ्रांसीसी नेवी



**पेरिस।** फ्रांसीसी ने ऑपरेशन सिंदूर में राफेल गिरने की पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर की रिपोर्ट को फर्जी बता दिया है। नौसेना ने कहा है कि राफेल गिरने की बात न तो कभी मानी गई और न ही किसी अधिकारी ने ऐसा बयान दिया।

हामिद मीर ने एक फ्रांसीसी अधिकारी के बयान का हवाला देते राफेल गिरने का दावा किया था। फ्रांसीसी नेवी ने बताया कि रिपोर्ट में जिस अफसर का नाम लिखा गया है, वह भी गलत है। रिपोर्ट में जैक्स लौने कहा गया, जबकि सही नाम कैप्टन यवन लौने है। नेवी ने कहा कि कैप्टन लौने के पद और जिम्मेदारियों को भी बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया। फ्रांस के मुताबिक कैप्टन लौने ने न तो राफेल गिराए जाने की कोई बात कही और न ही भारत-पाकिस्तान झड़प को लेकर कोई दावा किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल पूछे जाने पर सिर्फ इतना कहा था कि वे इस पर टिप्पणी नहीं कर सकते। इसके बावजूद रिपोर्ट में इसे पुष्टि की तरह पेश किया गया। हामिद मीर ने अपनी रिपोर्ट में कैप्टन लै.नि. के बयान का झूठा हवाला देते हुए भारत के राफेल फाइटर जेट गिरने की बात की। हामिद के मुताबिक कैप्टन लै.नि. ने कहा कि राफेल के गिरना चीन के जे-10 से. की तकनीकी क्षमता की वजह से नहीं, बल्कि ऑपरेशन को संभालने के तरीके वजह से हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक कैप्टन लै.नि. ने कहा कि राफेल में कोई दिक्कत नहीं थी, लेकिन उसका सही उपयोग नहीं किया गया। राफेल किसी भी स्थिति में जे-10सी को हरा सकता है। पाकिस्तानी पत्रकार ने कैप्टन लोनै के हवाले से रिपोर्ट में दावा किया कि दोनों देशों के 140+ फाइटर जेट एक-दूसरे के सामने थे। इतनी बड़ी संख्या में टारगेट होने से किसी भी विमान को मार गिराना आसान था। पाकिस्तान इस जटिल स्थिति को बेहतर तरीके से संभालने में कामयाब रहा। बीजेपी नेता अमित मालवीय ने कहा कि पाकिस्तान का मिस इन्फॉर्मेशन नेटवर्क एक बार फिर बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा कि हामिद मीर की रिपोर्ट में राफेल जेट्स को लेकर वही पुराने, मनगढ़ंत दावे दोहराए गए, जिन्हें अब फ्रांसीसी नेवी ने भी झूठा बता दिया है। मालवीय ने यह भी आरोप लगाया कि हामिद मीर के कुछ भारतीय मीडिया संस्थानों से करीबी संबंध हैं, जिससे पाकिस्तान की प्रोपेगेंडा मशीनरी को बढ़ावा मिलता है। एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन की लड़ाई (ऑपरेशन सिंदूर) में पाकिस्तान को बड़ी सैन्य कामयाबी मिली थी। इस रिपोर्ट में पहलगाम अटैक को भी आतंकी हमला न मानकर विद्रोही हमला माना गया है। 800 पन्नों की इस रिपोर्ट को यूएस-चाइना इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने जारी किया है। रिपोर्ट पर पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि अमेरिकी संसद में पेश हुई इस रिपोर्ट ने भारत के साथ हुई सैन्य टकराव में पाकिस्तान की जीत पर मुहर लगा दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीजीपी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को किया सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने रविवार को पूरे प्रदेश में गर्व और सम्मान के साथ झंडा दिवस मनाया। लखनऊ में पुलिस डीजीपी राजीव कृष्णा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके सरकारी आवास पर पहुंचकर पुलिस फ्लैग लगाकर सम्मानित किया। डीजीपी ने मुख्यमंत्री को मोमेंटो भी भेंट किया। मुख्यमंत्री की तरफ से यूपी पुलिस के इस अवसर की तस्वीरें साझा की गई हैं। यह आयोजन यूपी पुलिस के इतिहास और गौरव को याद करने का महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है। 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन पीएम द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को उत्कृष्ट कार्य और पेशेवर दक्षता के लिए आधिकारिक पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था।

### उपराज्यपाल ने जम्मू में सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दिल्ली में पिछले हफ्ते हुए जानलेवा विस्फोट के बाद के हालात की रविवार को समीक्षा की और यहां एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक में सुरक्षा बलों की सर्दियों की तैयारियों का जायजा लिया। यह सूचना आधिकारिक सूत्रों ने दी। बैठक में पुलिस, आर्मी, सीआरपीएफ के शीर्ष अधिकारियों के साथ-साथ इंटेलिजेंस एजेंसियों और प्रशासन के उच्च अधिकारी शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा करने के साथ-साथ, सर्दियों की तैयारियों, खासकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के हालात का भी जायजा लिया। इसके अलावा, उन्हें जम्मू-कश्मीर में टेरर इकोसिस्टम को खत्म करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी जानकारी दी गई।

### मुख्यमंत्री योगी ने साढ़े तीन करोड़ लोगों को दी बड़ी राहत

# यूपी में अभी नहीं बढ़ेंगे बिजली के दाम

शाह टाइम्स ब्यूरो



- छह साल पुराने रेट पर ही बनेगा बिल
- बिजली आपूर्ति और सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार लाएं अधिकारी: शर्मा

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने लगातार छठवें साल बिजली दरें न बढ़ने का फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा उपभोक्ताओं को राहत मिली है।

बिजली दरें बढ़ाने को लेकर पावर कॉरपोरेशन की तरफ से नियामक आयोग को प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन अब सरकार के इस कदम से अब उपभोक्ताओं को बिजली जलाने के एवज में अतिरिक्त पैसे खर्च करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अब उन्हें छह साल पहले वाली बिजली की जो दरें तय हैं, उन्हीं से बिल का भुगतान करना होगा। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि जनता के हित में लिए गए इस महत्वपूर्ण निर्णय से स्पष्ट है कि सरकार उपभोक्ता सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। ऊर्जा विभाग की पूरी टीम उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने और पारदर्शी तरीके से कार्य करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आगामी वर्षों में भी सरकार ऐसे निर्णय लेती रहेगी, जो आम जनता के हित में हों। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बिजली आपूर्ति और सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार लाएं। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने योगी आदित्यनाथ सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली दरों में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी न किए जाने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी और कहा कि यह निर्णय प्रदेश सरकार की जन-केन्द्रित नीतियों और उपभोक्ता हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पिछले कई साल में सरकार ने बिजली के क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं, जिसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा है। यह उपलब्धि प्रदेश को देश का पहला ऐसा राज्य बनाती है, जिसने लंबी अवधि तक अपने उपभोक्ताओं को स्थिर और किफायती बिजली दरों का लाभ प्रदान किया है। यूपी विद्युत नियामक आयोग ने घोषणा की है कि घरेलू, व्यावसायिक, औद्योगिक, कृषि और ग्रामीण उपभोक्ताओं सहित सभी श्रेणियों के लिए बिजली के टैरिफ लगातार छठवें वर्ष भी पहले की ही तरह रखे गए हैं। किसी भी उपभोक्ता पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। इस निर्णय से न सिर्फ घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, बल्कि व्यापारियों, उद्योगों और किसानों को भी लाभ होगा, जिससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी और रोजगार को भी मजबूती मिलेगी। बिजली दरों में स्थिरता उद्योगों को अपनी लागत नियंत्रित करने में मदद करती है, जिससे प्रदेश में निवेश का माहौल भी बेहतर होता है। ऊर्जा मंत्री ने कहा है कि वर्तमान समय में जब देश के कई राज्यों में बिजली दरें बढ़ाई जा रही हैं।

### गीता का ज्ञान लोगों को बनाएगा स्मार्ट: सीएम

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म ने हमें सिखाया है कि अच्छे कर्म का फल अच्छा मिलता है और बुरे कर्म का फल बुरा होता है। हमें गीता ने बताया कि फल की इच्छा से इतर निष्काम कर्म ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए।

सीएम ने स्मार्ट सिटी को लेकर भी बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी का क्या फायदा जब स्मार्ट सिटीजन ही नहीं होंगे। ऐसे में गीता का ज्ञान लोगों को स्मार्ट बनाने के लिए है। स्वार्थगत तुष्टिकरण के बादल छंट रहे हैं, सनातन का उदय हो रहा है। सीएम ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि गीता के संदेश को घर घर और जन जन तक पहुंचाने का है।

# बीएलओ की मौत के आंकड़ों की स्थिति चिंताजनक: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



- बीजेपी की वोट चोरी बीएलओ की जानलेवा बनी
- हम नहीं जागे, तो बिखर जाएगा लोकतंत्र: कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि काम के दबाव में बीएलओ की मौत के जो आंकड़े दिखाए जा रहे हैं वास्तविक संख्या उनसे बहुत अधिक है।

यह अत्यंत गंभीर चिंता का विषय है और इस पर सबको ध्यान देना जरूरी है। खड़गे ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी सरकार के मतदाता सूची गहन विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि भाजपा की वोट चोरी बीएलओ के लिए जानलेवा रूप ले चुकी है। उन्होंने कहा ष्काम के भार से बीएलओ और पोलिंग अधिकारी लगातार आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। मेरी हर एक परिवार, जिसने अपनों को खोया है, उनके प्रति गहन संवेदनाएं। मौत के जो आंकड़े दिखाए जा रहे हैं वास्तविक संख्या उनसे कहीं अधिक है। जो बेहद चिंता. जनक है। इन परिवारों को न्याय कौन दिलाएगा।ष श्री खड़गे ने चुनाव आयोग पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा चोरी की सत्ता की मलाई खाने में व्यस्त है और आयोग मूक दर्शक बने तमाशा देख रहा है। हड़बड़ी में बिना योजना के जबरन एसआईआर लागू करना नोटबंदी और कोरोना लॉकडाउन की याद दिलाता है। सत्ता का दुरुपयोग कर संस्थानों के कर्मचारियों से आत्महत्या करवाना, संविधान की धज्जियां उड़ाना और लो. कतंत्र को दुर्बल बनाना भाजपा की सत्ता की भूख का नतीजा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अब बस ! अगर अभी भी हम नहीं जागे तो लोकतंत्र के आखरी स्तंभों को गिरने से कोई नहीं बचा सकता। जो लोग एसआईआर और वोट चोरी पर चुप हैं वो इन निर्दोष बीएलओ की मृत्यु के कसूरवार है। आवाज़ उठाइए, लोकतंत्र बचाइए।

# पुलिस झंडा दिवस उत्कृष्ट कार्य उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए: राज्यपाल

लखनऊ, वार्ता



- नीरा रावत ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को फ्लैग लगाया

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने को रविवार को राजभवन में पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन, उत्तर प्रदेश, नीरा रावत ने फ्लैग लगाया।

इस मौके पर राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। इस अवसर पर हुए संवाद में राज्यपाल ने कहा कि पुलिस झंडा दिवस केवल औपचारिक कार्यक्रम न बनकर पूरे वर्ष में अपराध नियंत्रण, नवाचार और समाज सेवा के क्षेत्र में पुलिस द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि झंडा दिवस इस बात का उत्सव होना चाहिए कि कितना अपराध कम हुआ, कौन-कौन से नवाचार किए गए और समाज सेवा में कितना योगदान दिया गया। राज्यपाल ने नौ से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए चल रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों की सभी बेटियों को यह वैक्सीन अवश्य लगनी चाहिए। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को शत-प्रतिशत लक्ष्य के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरुआत सबसे पहले राजभवन उत्तर प्रदेश से हुई, जिसके बाद इसे विश्वविद्यालयों, प्राथमिक विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों और पुलिसकर्मियों की पुत्रियों तक विस्तारित किया गया है। संवाद के दौरान राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान नियमों के अनुसार आयुष्मान कार्ड सात सदस्यों वाले परिवार को ही मिलता है।

# एसआईआर कोई सुधार नहीं थोपा गया जुल्म: राहुल गांधी

नई दिल्ली, वार्ता

- विशेष गहन पुनर्रीक्षण एक सोची-समझी चाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक बार फिर सरकार और चुनाव आयोग पर हमला बोला है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सरकार और चुनाव आयोग को घेरने की कोशिश की है। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने एसआईआर के नाम पर देश भर में अफरा-तफरी मचा रखी है, अब इसके नतीजे भी सामने आने लगे। एसआईआर की वजह से पिछले करीब 3 हफ्तों में 16 बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) की जान चली गई। राहुल गांधी ने कहा कि एसआईआर एक सोची-समझी चाल है, जहां नागरिकों को परेशान किया जा रहा है और बीएलओ की अनावश्यक दबाव से मौतों को कॉलैटरल डैमेज मानकर अनदेखा किया जा रहा है। यह नाकामी नहीं, षड्यंत्र है और सत्ता की रक्षा में लोकतंत्र की बलि है। राहुल गांधी ने कहा कि इन बीएलओ में से किसी ने काम के दबाव के चलते आत्महत्या कर ली, तो किसी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। आज भी सैकड़ों बीएलओ भारी तनाव में एसआईआर का काम कर रहे हैं।

### असम में उग्रवाद नियंत्रित करने में तरूण गोगोई की अहम भूमिका: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने असम के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता तरुण गोगोई की पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए उन्हें राज्य में उग्रवाद को नियंत्रित करने और सौहार्द स्थापित करने वाला नेता बताया। खड़गे ने कहा कि श्री गोगोई की निर्णायक भूमिका ने असम में उग्रवाद को नियंत्रित करने, सौहार्द स्थापित और राज्य में शांति एवं प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि श्री गोगोई की पुण्यतिथि पर हम उनके योगदान को याद करते हैं। पूर्वोत्तर भारत के सबसे सम्मानित और कद्दावर नेताओं में से एक श्री गोगोई ने अपना जीवन असम के विकास और कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उग्रवाद पर अंकुश लगाने और राज्य में सद्भाव, शांति और प्रगति लाने में उनकी निर्णायक भूमिका को लोग सदैव याद रखेंगे। जोरहाट के ताई-अहोम परिवार में जन्मे श्री गोगोई 1971 से 1985 तक पांच बार लोकसभा सदस्य चुने गए और इंदिरा गांधी, राजीव गांधी सरकारों में केंद्रीय मंत्री भी रहे।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 85632.68
निफ्टी 26192.15

सोना रु. 127000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 159000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में दिखेगा वैश्विक कारकों का प्रभाव

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद अगले सप्ताह वैश्विक कारकों का प्रभाव दिख सकता है। घरेलू स्तर पर शुक्रवार को रुपये में एक प्रतिशत से ज्यादा की भारी गिरावट का असर भी आने वाले सप्ताह में दिख सकता है। इसके अलावा, निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर रहेगी। अगले सप्ताह औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी जारी होने हैं, लेकिन वे शुक्रवार शाम जारी होंगे जिससे उनका असर आने वाले सप्ताह में नहीं दिखेगा।

शेयर बाजारों के लिए बीता सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रहा। सोमवार को बाजार तेजी में खुले, लेकिन अगले ही दिन लुढ़क गए। मंगलवार और शुक्रवार को फिर तेजी दर्ज की गई और बीएसई का सेंसेक्स तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का नि“टी.50 सूचकांक इस साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। अंतिम कारोबारी दिवस पर इसमें गिरावट रही। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 669.14 अंक द्ध0.79 प्रतिशतत्र मजबूत हुआ और सप्ताहांत पर 85,231.92 अंक पर बंद हुआ। नि“टी-50 भी 158.10 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में 26,068.15 अंक पर पहुंच गया। खास बात यह रही कि जहां दिग्गज कंपनियों के सूचकांकों में तेजी रही, वहीं मझौली और छोटी कंपनियों की सूचकांक साप्ताहिक गिरावट में रहा। नि“टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.55 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 2.22 प्रतिशत लुढ़क गया। यह दिखाता है कि बाजार में कुल मिलाकर निवेश धारणा नकारात्मक रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 में साप्ताहिक तेजी और अन्य 13 में गिरावट रही। भारती एयरटेल का शेयर सबसे अधिक 3.06 फीसदी चढ़ा। इंफोसिस में 2.80 प्रतिशत, एक्सिस बैंक में 2.62 फीसदी, पावरग्रिड में 2.34, टाइटन में 2.10, मारुति सुजुकी में 1.92 और रिलायंस में 1.78 फीसदी की मजबूती दर्ज की गई। टेक महिंद्रा का शेयर 1.57 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.49, टीसीएस का 1.45 और सनफार्मा का 1.33 प्रतिशत चढ़ा। एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी साप्ताहिक बढ़त में रहे। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने सबसे अधिक 7.49 प्रतिशत का नुकसान उठाया। टाटा स्टील का शेयर 3.53 फीसदी, बीईएल का 2.52, अडानी पोर्ट्स का 2.13, बजाज फाइनेंस का 1.30, अल्ट्राटेस सीमेंट का 1.14 और एशियन पेंट्स का 1.04 प्रतिशत लुढ़क गया।

### मदरसा शिक्षक से होगी 16.59 लाख की रिकवरी

**लखनऊ।** यूपी में राष्ट्रीय सुरक्षा और भ्रष्टाचार पर योगी सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। आजमगढ़ के मदरसा शिक्षक शमशुल हुदा खान के पाकिस्तान से अवैध संबंध उजागर होने के बाद अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के चार अधिकारियों को निलंबित किया गया है। आरोप है कि इन अधिकारियों ने शिक्षक को विदेश में रहते हुए भी वेतन और अन्य लाभ दिलाए। इस मामले में 16.59 लाख की वसूली और विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा इस मामले से जुड़े जितने भी अधिकारियों को निलंबित किया गया है, उन सभी को विभागीय जांच के दायरे में लाया गया है। ये भी संभावना है कि आगे और अधिकारियों और कर्मचारियों पर निलंबन की कार्रवाई हो सकती है। ये मामला आजमगढ़ के मदरसा शिक्षक शमशुल हुदा खान से जुड़ा है, जिसके पाकिस्तान से अवैध कनेक्शन पाए गए थे। आरोप है कि इन अधिकारियों ने शमशुल हुदा खान को विदेश में रहते हुए भी वर्षों तक वेतन, चिकित्सा अवकाश और स्वैच्छिक सेवा. निवृत्ति (वीआरएस) जैसे लाभ दिलाए।

# गेहूं, चीनी में साप्ताहिक गिरावट दालें मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव स्थिर रहे। गेहूं और चीनी के दाम घट गए जबकि दालों में तेजी देखी गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत लगभग स्थिर रही और सप्ताहांत पर यह 3,819.66 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

गेहूं नौ रुपये की टूटकर 2,848.14 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत 11 रुपये फिसलकर 3,301.38 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। बीते सप्ताह सरसों तेल 44 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ जबकि सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल में टिकाव रहा। मूंगफली तेल औसतन 60 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 43 रुपये और वनस्पति की 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में साप्ताहिक तेजी रही। तुअर दाल 36 रुपये और मसूर दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। चना दाल और मूंग दाल के भाव लगभग स्थिर रहे। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 32 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे.दाल-दलहन : दाल चना 7858.64 रुपये, मसूर काली 8113.10 रुपये, मूंग दाल 10087.75 रुपये, उड़द दाल 10380.68 रुपये, तूअर दाल 10544.11 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलत्र गेहूं दड़ा 2848.14 रुपये और चावल 3819.66 रुपये प्रति क्विंटल। आटा द्धगेहूंत्र 3301.38 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4319.72 रुपये और गुड़ 4976.91 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**एआई के...**

हुए। इसमें विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी शामिल हुए। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा और दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा भी बैठक में मौजूद रहे। इस दौरान मोदी ने कहा कि वैश्विक संस्थाओं में सुधार जरूरी है, आईबीएसए को दुनिया को एक संद.ेश देना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संस्थानों में सुधार अब वैकल्पिक नहीं, बल्कि जरूरी हो गया है।

ये संस्थाएं 21वीं सदी की वास्तविकता से बहुत दूर हो चुकी हैं। अब बदलाव का समय आ गया है। आतंकवाद के मुद्दे पर कोई दोहरा मापदंड नहीं चल सकता। तीनों देशों को इस लड़ाई में पूरा समन्वय रखना होगा। तकनीक का इस्तेमाल इंसानों के विकास के लिए किया जाए। इसके लिए एक नया 'आईबीएसए डिजिटल इनोवेशन अलायंस' बनाया जाना चाहिए। खाद्य सुरक्षा और सतत विकास के लिए 'आईबीएसए फंड फॉर क्लाइमेट-रेजि.लिएंट एग्रीकल्चर' शुरू किया जाए। यह कोष जलवायु परिवर्तन से प्रभावित कृषि को मजबूत बनाने में मदद करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बायकाट के बावजूद 20वीं जी-20 समिट के पहले दिन शनिवार को सदस्य देशों ने साउथ अफ्रीका के बनाए घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने बताया कि सभी देशों का अंतिम बयान पर सहमत होना बेहद जरूरी था, भले ही अमेरिका इसमें शामिल नहीं हुआ। वहीं, ट्रम्प ने आखिरी सेशन में 2026 की मेजबानी लेने के लिए एक अमेरिकी अधिकारी को भेजने की बात कही थी। दक्षिण अफ्रीकी अध्यक्षता ने अमेरिकी अधिकारी को मेजबानी सौंपने के प्रस्ताव को नकार दिया। इस बार के जी-20 समिट में दो बड़ी परंपराएं टूट गईं और यही वजह है कि यह बैठक ऐतिहासिक रूप से अलग मानी जा रही है। पहली परंपरा मेजबानी सौंपने की है। हर जी-20 समिट में पिछले साल की मेजबानी करने वाला देश, इस साल के मेजबानी देश को औपचारिक रूप से 'गवेल' (अध्यक्षता का प्रतीक) सौंपता है। यह एक लाइव सेरेमनी होती है, जिसमें दोनों देशों के नेता आमने-सामने मौजूद रहते हैं। इस बार अमे.रिका की तरफ से राष्ट्रपति ट्रम्प शामिल नहीं हुए। 2024 में जी-20 की मेजबानी अमेरिका (सैन फ्रांसिस्को) ने की थी, इसलिए गवेल ट्रम्प को ही सौंपना था। लेकिन उनकी गैरहाजिरी की वजह से साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति ने खाली कुर्सी को मेजबानी सौंपने का ऐलान किया है।

# लखनऊ घोषणा पत्र में संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मांग उठी

- 52 देशों के जजों ने की विश्व शांति के लिए सुधार की अपील

**लखनऊ।** लखनऊ घोषणा पत्र में 52 देशों के मुख्य न्यायाधीशों ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में तत्काल सुधार की अपील की। विश्व शांति और स्वच्छ वातावरण के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। यह सम्मेलन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 की भावना पर आधारित रहा, जो एक नई विश्व व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

लखनऊ में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का रविवार को सफल समापन हुआ। प्राइवेट सिटी मोंटेसरी स्कूल द्वारा तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। समापन पर 52 देशों के 160 से अधिक मुख्य न्यायाधीशों और न्यायविदों ने सर्वसम्मति से 'लखनऊ घोषणा पत्र' जारी किया। इसमें संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) में सुधार की अपील की गई। यह सम्मेलन 20 से 23 नवंबर तक सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि लखनऊ की मेयर, सुषमा खर्कवाल ने घोषणा पत्र जारी करते हुए यूएन में तत्काल सुधार, विश्व शांति और स्वच्छ वातावरण के लिए सभी देशों के प्रयासों पर बल दिय। सम्मेलन में न्यायविदों ने यूएन सुधार, मूलभूत अधिकारों की रक्षा, सभी धर्मों के सम्मान और स्कूलों में नागरिक व शांति शिक्षा को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी, जो एक नई विश्व व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेयर ने कहा कि यह घोषणा पत्र समता और शांति आधारित नई विश्व व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि प्रातः सत्र में 'बिल्डिंग टुमारोज़ लीगल आर्किटेक्चर' विषय पर चर्चा हुई, जिसमें मिस्र, इस्वातिनी, अर्जेंटीना और सामोआ के शीर्ष न्यायाधीशों ने मध्यस्थता, न्यायिक सहयोग और निरंतर संवाद को वैश्विक स्थिरता के लिए आवश्यक बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पहले दिन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा था कि न्याय न केवल समता का बल्कि हर नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके भविष्य का आधार बनना चाहिए। वहीं सम्मेलन संयोजिका गीता गांधी किंगडन ने कहा कि यह मंच गरीबी, अशिक्षा, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों के समाधान को दिशा देगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पुलिस ने व्यापारी के नौकर से लूट करने वाले मुठभेड़ के बाद दबोचे

## एक बदमाश के पैर में लगी गोली, पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी में कराया भर्ती

■ बदमाशों ने परीक्षितगढ़ क्षेत्र में दिया था लूट की घटना को अंजाम



शाह टाइम्स संवाददाता

**परीक्षितगढ़।** नगर के व्यापारी के नौकर से छह दिन पूर्व हुई लूट के मामले में थाना पुलिस ने चार बदमाशों को मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया है। वहीं एक बदमाश के पैर में गोली भी लग गई है घायल बदमाश को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह ने बताया की नगर के व्यापारी लखमी. चंद के नौकर से नकाबपोश बदमाशों ने छह दिन पूर्व स्कूटी लूट ली थी जिसमें डेढ़ लाख रुपए भी रखें थे पुलिस तभी से बदमाशों को पकड़ने में लगी हुई थी। शनिवार देर रात मवाना नहर पुल के पास नासरपुर से आने वाले रास्ते पर पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई जिसमें चार बदमाश गिरफ्तार कर लिए गये इसमें मुठभेड़ के बाद एक बदमाश यश सैनी पुत्र अनिल सैनी निवासी संजय नगर थाना भावनपुर के पैर में गोली लग गई। वहीं विपिन पुत्र रविन्द्र, ललित पुत्र प्रमोद निवासीगण भटीपुरा थाना किठौर व विशाल पुत्र सुभाष निवासी ग्राम लूमब थाना छपरोली को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस दो बाइक लूटीं गई स्कूटी व एक लाख रुपए बरामद कर लिए हैं। थाना अध्यक्ष ने बताया कि घायल बदमाश को सीएचसी पर भर्ती कराया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

# हाईकोर्ट बैंच की मांग: व्यापारियों ने 17 दिसंबर बंद का किया समर्थन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की खंडपीठ स्थापना की मांग को बल देते हुए मेरठ बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल रविवार को संयुक्त व्यापार संघ (निर्वाचित) के कार्यालय पहुंचा। अध्यक्ष संजय शर्मा और महामंत्री राजेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ अधिवक्ता जी.एस. धामा, कुंवर विनय सिंह, अमित राणा, अरविंद भाटी, सहन्सर पाल शर्मा, देवी शरण और हामिद अली शामिल रहे। अधिवक्ताओं ने 17 दिसंबर को प्रस्तावित 'संपूर्ण मेरठ बंद' के लिए व्यापारियों से समर्थन मांगा। इस दौरान संयुक्त व्यापार संघ की ओर से अध्यक्ष नवीन गुप्ता, महामंत्री संजय जैन, कोषाध्यक्ष विजय आनंद अग्रवाल, मंत्री विकास गिरधर और अमित बंसल उपस्थित रहे। संघ ने कहा कि जनता को सस्ता और त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के लिए मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना आवश्यक है। संघ ने बंद का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि 17 दिसंबर को सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर इस जनहित आंदोलन को सफल बनाएंगे।



# व्यापारियों से रूबरू हुए राज्य मंत्री दिनेश खटीक



बहसूमा क्षेत्र में व्यापारियों के बीच पहुंचकर राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने सुनीं समस्याएं।

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहसूमा।** हस्तिनापुर विधायक एवं राज्य मंत्री दिनेश खटीक नगर में अपने काफिले के साथ व्यापारियों के बीच रूबरू हुए। उन्होंने व्यापारियों पर आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार व्यापारियों के हक में कार्य कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा व्यापारियों की सुरक्षा एवं उनकी आने वाली समस्याओं पूरा कर रहे है।उन्होंने कहा कि व्यापारी की कोई भी समस्या हो वह तुरंत उसका समाधान करेंगे। वहीं पूर्व में हुई चोरी के बारे में भी व्यापारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस मामले में एसएसपी से बातचीत हुई है मामले का खुलासा करवाएंगे। उन्होंने व्यापारियों का भी हाल-चाल जाना। उसके बाद पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अमित गोयल के प्रतिष्ठान पर मंत्री दिनेश खटीक का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, व्यापार संघ अध्यक्ष अमन गोयल, मंडल अध्यक्ष राजीव चौधरी, महामंत्री विपुल गोयल, कोषाध्यक्ष पियूष सिंघल, मंत्री राजा रस्तौगी, धर्म जागरण खंड संयोजक ऋषभ गोयल, लक्की चौधरी, विकास मौजूद रहे।

# दौराला में भाजपाइयों ने बीएलओ से ली एसआईआर फार्म की जानकारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** भाजपा जिला अध्यक्ष शिवकुमार राणा और दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के तहत ग्राम भराला, ए.टू.जे कालोनी सिवाया, दुल्हेड़ा चौहान, धंजू, इकलौत्ता, एव दौराला के सभी बूथों के सभी पदाधिकारियों बूथ अध्यक्ष समेत बीएलओ एक, बीएलओ दो , सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर फार्म की जानकारी ली और इस अभियान को गति देने हेतु चर्चा की और सभी को इसमें जुड़ जाने के लिए कहा कोई पात्र अपनी वोट से वंचित न रहे इसकी सभी को चिंता करनी है। इस दौरान भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, मंडल महामंत्री रवि पूनिया, गन्ना समिति चेयरमैन भूपेंद्र अहलावत, पूर्व चेयरमैन नवीन शर्मा, कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन सुरेंद्र अहलावत, धर्मेंद्र अहलावत, सूरज अहलावत, संजय नामदेव, राकेश गुप्ता, सचिन उपाध्याय, सोनू प्रजापति, संजीव राणा, अमित गुप्ता, सचिन विहान, मिंटू विहान, मुकुट चौहान, डाक्टर सतबीर पाल, राहुल खरे प्रधान, नवनीत खरे, डॉ. धनेश, प्रदीप शर्मा, प्रशांत अहलावत, पवन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# वेंक्टेश्वरा में पांच दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का हुआ समापन

## बेटों से ज्यादा बेटियों ने जीते पदक, नारी सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण: डॉ. राजीव

■ विजेताओं ने 28 स्वर्ण पदक 34 रजत पदक, 52 कास्य पदक के साथ दो दर्जन टीम पदकों पर किया अपना कब्जा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** श्री वेंक्टेश्वरा विवि संस्थान में पिछले पांच दिनो से चली आ रही वार्षिक स्पोर्टस एवं कल्चरल मीट एस.वी.यू. ओयसिस-2025 का शानदार समापन हो गया। इस पांच दिवसीय खेल महाकुम्भ में विश्वविद्यालय की दस टीमो के साथ-साथ अलग-अलग जनपदो के शिक्षण संस्थानो की तीन दर्जन टीमो के 1200 से अधिक खिलाड़ियों ने अलग-अलग स्र्पधाओं में दमदार प्रदर्शन करते हुए सौ से अधिक मेडल एवं ट्रॉफी व्यक्तिगत एवं टीम के नाम दर्ज करायी।

समापन समारोह पर ''आउट आर्फ रेंज'' फेम मशहूर पंजाबी सिंगर हैप्पी शर्मा ने एक से बढ़कर एक पंजाबी एवं बॉलीवुड गीतो पर अपनी प्रस्तुति देकर समारोह को यादगार बना दिया। श्री वेंक्टेश्वरा विवि के मेजर ध्यानचंद ओपन खेल परिसर में खेल महाकुम्भ वार्षिक स्पोर्टस मीट एस.वी.यू. ओयसिस 2025 के समापन समारोह को प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, कल्चर कमेटी की चेयरमैन डॉ. मधु चतुर्वेदी, कुलसि. चव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि पिछले एक दशक प्रधानमंत्री की खेलो इण्डिया, फिट इण्डिया, स्वच्छ भारत- स्वस्थ भारत जैसी शानदार योजनाओ से अन्तर्राष्ट्रीय खेल स्र्पधाओ की अंक तालिका में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। जल्द विकसित भारत का सपना सच होगा, बल्कि जल्दी ही भारत फिर से दुनिया का सिरमौर बनेगा। इस अवसर पर संयोजक डॉ. नीतू पंवार, डॉ. एस. के. श्रीवास्तव, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. थॉमस, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. दर्पण, डॉ. स्नेहलता, डॉ. शिल्पा रैना, डॉ. आसिया, डॉ. सहर्ष, डॉ. आक. ाश, डॉ. श्रीराम गुप्ता, डॉ. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। टग ऑफ बार में एस.वी.यू. बी टीम के लवजीत सिरोही, रोबिन, प्रियांशु, सिद्धांत, कबड्डी टीम में स्कूल ऑफ



एग्रीकल्चर साईंस-एस.वी.यू. के सूजल, जासा, कुलजीत, बॉलीवाल टीम में एस.वी.यू. मिक्स टीम के आदि, लवजीत सिरोही, मनु शर्मा, जतिन, बेडमिंटन डबल टीम में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के जगवेश और आदि यादव, 100मी. पुरूष दौड में स्कूल ऑफ फार्मेसी के गुलजार प्रथम और निखिल द्वितीय स्थान, स्किपिंग में स्कूल ऑफ लॉ के चर्चित द्वितीय स्थान आदि विजेता रहे। कल्चरल कार्यक्रम में रंगौली में स्वेता, अंजिल, डक्यूमेंटरी मेकिंग में ज्योति यादव, मेहंदी में भूमिका, डिबेट कम्पटीशन में अर्पित गौतम, क्वीज कम्पटीशन में अलतमस, कासिम, पोस्टर कम्पटीशन, स्कैचिंग और पेंटिंग में अफशा, मतीन आदि प्रथम स्थान पर रहे।




# सीडीएसएल ने छात्रों को आमंत्रित करते हुए की आइडियाथॉन की शुरुआत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** एशिया की पहली सूचीबद्ध डिपॉजिटरी और 16.7 करोड़ से ज्यादा डीमैट खातों की विश्वसनीय संरक्षक, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड सीडी एसएल ने छात्रों के लिए एक नवाचार चुनौती, अपना पहला आइडियाथॉन शुरू किया है। रीइमेजिन आइडिया थॉन, सीडीएसएल के वार्षिक रीइमेजिन सिम्पोजियम के तीसरे संस्करण के तहत एक पहल है। सीडीएसएल के प्रबंध निदेशक और सीईओ नेहल वोरा ने कहा रीइमेजिन आइडियाथॉन जिम्मेदार नवाचार का उत्सव है। निरंतर विकसित होते बाजार परिदृश्य में तकनीक विश्वास के उत्प्रेरक और चक्का का काम करती है जो निवेशकों को सही उपकरण और अंतदृष्टि प्रदान करके सशक्त बनाती है। प्रतिभूति बाजार हर निवेशक के लिए सहज, समावेशी और सुलभ होना चाहिए, और यह आइडियाथॉन राष्ट्र निर्माण और एक आत्मनिर्भर निवेशक को मजबूत करने के लिए सीडीएसएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# एसआईआर सर्वेक्षण में विपक्ष आगे, भाजपा फिसड्डी!

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर विशेष पुनरीक्षण सर्वेक्षण में सरधना नगर व देहात क्षेत्र में विपक्ष द्वारा मजबूती से काम किया जा रहा है, दिन-रात सभी दलों के नेता व कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करते हुए फार्म दाखिल करा रहें है। इस मामलें में भाजपा कार्यकर्ता व नेता फिसड्डी साबित हो रहे जिसकी चर्चा पूरे नगर में चल रही है।

बिहार विधानसभा चुनाव में जिस तरह से विपक्ष का सूपड़ा साफ हुआ है, वहीं डर आगामी यूपी 2027 विधानसभा चुनाव में विपक्ष खुद को मजबूत करते के लिए मैदान में उतर चुका है। विपक्ष ने बिहार चुनाव से पूर्व वोट चोरी व एसआईआर के दौरान 65 लाख वोट गायब होने का मुद्दा बड़े ही जोर शोरों के उठाकर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाएं थे। इसी के चलते यूपी विधानसभा की तैयारी में जुटा विपक्ष यूपी में चल रहे एसआईआर के दौरान कोई चूक करना नहीं चाहता। इसी का नतीजा है सरधना नगर में विपक्ष दिन रात जुट कर वोटरों को जागरूक करने व फार्म भरने में कसर नहीं छोड़ रहा। अब देखने वाली बात यह होगी कि इसका लाभ विपक्ष को मिलता है या फिर भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने में कामयाब होगी।

### समाजवादी पार्टी के लिए नायक बने आगा अली शाह



अपनी टीम के साथ फार्म भरवाने में लगे आगा अली शाह।

**सरधना।** चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर के दौरान समाजवादी पार्टी कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहती है। सरधना नगर में वरिष्ठ समाजसेवी व विधायक अतुल प्रधान के बेहद करीबी आगा अली शाह इस सर्वेक्षण की कमान संभाले हुए हैं। उनके नेतृत्व में ही सरधना नगर में पार्टी की तरफ से सभी वार्डो में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उनके साथ नगर अध्यक्ष अशरफ राणा, ललित गुर्जर, शाहवेज अंसारी, अतीक अहमद, शाहिद मलिक, मंजूर मलिक आदि भी लगे हुए हैं।

### सैकड़ों फार्म भरवाकर जमा करा चुके मोहसीन: मुख्तार



बीएलओ के साथ मिलकर फार्म भरवाते मुख्तार खान।

**सरधना।** नगर के मोहल्ला बैरून सराय निवासी वार्ड सभासद प्रतिनिधि मोहसीन अंसारी व वरिष्ठ समाजवादी पार्टी के नेता मुख्तार अंसारी वार्ड के गलियों में घर घर जाकर वोटरों को जागरूक करने में कमी नहीं छोड़ रहे। इन दोनों युवा नेताओं ने मेहनत करते हुए सैकड़ों की संख्या में फार्म भरकर जमा भी करा दिए हैं, जिसकी सराहना वार्ड के सभी मतदाता कर रहे हैं।

### जिम्मेदारी की भूमिका निभा रहे इरशाद पठान



बीएलओ के साथ मिलकर फार्म भरवाते इरशाद पठान।

**सरधना।** वार्ड नंबर 19 में रहने वाले इरशाद पठान एक नागरिक की अहम भूमिका निभाते हुए बीएलओ के साथ मिलकर कई वार्डो में घूम-घूमकर फार्म भरवाने में योगदान दे रहे हैं जिनकी सराहना पूरे नगर के लोग कर रहे हैं।

### सभासद का कर्त्तव्य निभा रहे दानिश मिर्जा



सरधना देहात में फार्म भरवाते दानिश मिर्जा।

**सरधना।** सरधना देहात के जगमोहन नगर से वार्ड सभासद दानिश मिर्जा ने नगर व देहात क्षेत्र में सैकड़ों फार्म भरवाकर अपने फर्ज को बखूबी निभाया है। दिन रात दानिश मिर्जा घर घर जाकर वोटरों को जागरूक कर रहे हैं।

### भाजपा नहीं, संगीत सोम की टीम जुड़ी



सरधना में सर्वेक्षण कराते संगीत सोम की टीम के सदस्य।

**सरधना।** चुनाव आयोग के सर्वेक्षण में सरधना में भाजपा की टीम नदारद दिखाई दे रही है लेकिन दूसरी तरफ पूर्व विधायक ठा. संगीत सोम के कार्यकर्ता सर्वेक्षण में लगे हुए हैं। उनकी टीम से सभासद शानू जैन, मोहित ठाकुर, आशीष भरत फार्म भरवाने में लगे हुए हैं।



घर-घर व दुकानों पर जाकर फार्म भरवाते मोहसीन अंसारी।

### ऑनलाईन भी सबमिट किए जा रहे एसआईआर फार्म

वहीं हजारों की संख्या में मतदाताओं ने खुद की जागरूकता का परिचय देते हुए स्वयं अथवा साइबर कैफे के माध्यम से बड़ी संख्या में एसआईआर फार्म ऑनलाईन जमा कर दिए हैं। लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। हर कोई लोकतंत्र के पर्व में आहूति देने के लिए तत्पर नजर आ रहा है।

### भीम आर्मी के लिए इमरान ठाकुर कर रहे हैं मेहनत




**सरधना।** वार्ड नंबर 25 से दूसरी बार चुनाव जीतकर इमरान ठाकुर वार्ड के लोगों के साथ एसआईआर की जागरूकता में लगे हुए हैं। दिन रात काम में लगे इमरान ठाकुर ने सैकड़ों फार्म भरकर अपना दायित्व निभाने में कमी नहीं छोड़ रहे हैं।

# ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन की थीम को पेश किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने अपने गुरुग्राम संस्करण में द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन की थीम को पेश किया। यहां यह दिखाया गया कि टेक्नोलॉजी, डिजाइन और इमर्सिव स्टोरीटेलिंग किस तरह फैशन अनुभव को एक नई दिशा दे रहे हैं। इस साल के 'फैशन के अगले कदम' वाले थीम को आगे बढ़ाते हुए, इस एडिशन ने ऐसा विजुअल अनुभव प्रस्तुत किया जिसने हॉट कुटडोर को कपड़ों और पारंपरिक डिजाइन से आगे निकालकर एआई, कोड और इंटरैक्शन के डिजिटल दौर में पहुंचा दिया। पर्नोड रिकर्ड इंडिया की सीएमओ देबा श्री दासगुप्ता ने कहा ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर हमेशा से रचनात्मकता और अभिव्यक्ति की सीमाओं को आगे बढ़ाने वाला मंच रहा है। इस शोकेस के साथ हमने फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन की ओर एक साहसिक कदम बढ़ाया है, ऐसा इमर्सिव अनुभव जो भविष्य में फैशन पेश करने के तरीकों को नई परिभाषा देता है।

# रालोद के युवा रोजगार मेले में बेरोजगारों को मिलेगी नौकरी

## बुधवार को नई बस्ती अम्बेडकर कॉलेज में होगा आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा 26 नवम्बर को डॉ. अंबेडकर डिग्री कॉलेज नई बस्ती में संविधान जन-संवाद एवं युवा रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार होंगे।

रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव प्रतीक जैन ने बताया कि संविधान दिवस पर यह आयोजन न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मेले में 5 हजार से अधिक प्रतिभागियों के पहुंचने तथा 30-40 कंपनियों के रोजगार और ट्रेनिंग अवसर उपलब्ध कराने की उम्मीद है। ऑन-स्पॉट इंटरव्यू, कौशल प्रशिक्षण, महिला स्वावलंबन, SHG जागरूकता, PMKVY व स्टार्टअप संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन, नागरिक अधिकार-कर्तव्य जन जागरूकता और मेधावी युवाओं महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगा। कार्यक्रम में यशपाल बघेल, डॉ. सुशील, मोबिन कुरैशी, नईम सागर, अनुराग कुमार व लोकेश आदि पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# धनसिंह कोतवाल जन्मोत्सव यात्रा पर हुई फूलों की वर्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** रविवार को क्रांति नायक धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान मेरठ द्वारा धन सिंह कोतवाल जन्मोत्सव सप्ताह कार्यक्रमों के तहत जनयात्रा का आयोजन किया गया।

जनयात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर हरिकांत अहलूवा. लिया तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष राष्ट्रपति पदक से अलंकृत सरबजीत सिंह कपूर एवं धन सिंह कोतवाल शोध संस्थान के अध्यक्ष तस्वीर सिंह चपराना ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जनयात्रा का शुभारंभ कराया। जनयात्रा का धनसिंह कोतवाल जी की प्रतिमा कमिश्नरी चौराहे से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक पूर्वी कचहरी मार्ग होते हुए ईव्ज चौराहा, खैरनगर चौराहा, जली कोठी से शहीद स्मारक पर धनसिंह कोतवाल जी की प्रतिमा पर जाकर समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिकांत अहलूवालिया ने धनसिंह कोतवाल अमर रहे का जय घोष करके अपने उद्बोधन में कहा कि वीर सपूत धनसिंह कोतवाल की समर्पित जनयात्रा में आकर वह गोरन्वित हैं। इस जन्मोत्सव सप्ताह द्वारा जो एक करोड़ ज्ञात-अज्ञात क्रांतिकारियों को नमन करने की परंपरा का शुभारंभ हुआ है उसका वह स्वागत करते हैं। जनयात्रा में प्रोफेसर देवेश चंद शर्मा पूर्व डीएसपी बले सिहं, डाक्टर अशोक कुमार चौधरी, सत्येंद्र भड़ाना, ललित शर्मा, राजीव खटीक प्रधानाचार्य, देशपाल प्रधानाचार्य संत कुमार सिंह, शर्मा प्रधानाचार्य राजीव संजीव नागर एवं पूर्व पार्षद गुलबीर सिंह, अरुण खटाना विपिन बसोया, इंजीनियर जितेंद्र कुमार, सुरेंद्र अक्की, पूर्व पार्षद शौकत अली, वर्तमान पार्षद हर्षपाल, इंजीनियर अनिल कुमार, विनय कसाना श्यामसुंदर सिंह, संजय प्रधान सलारपुर आदि के साथ-साथ विद्यालय के अध्यापक गण एनसीसी के छात्र आदि ने जनयात्रा में सक्रिय सहभागिता प्रदान की। धनसिंह कोतवाल को संस्थान की सोशल मीडिया प्रभारी ज्योति तथा इवेंट मैनेजमेंट प्रबंधन अंशिका ने कार्यक्रम प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।



# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, शरीर पर मिले चोट के निशान

## पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर डूडा कॉलोनी के निकट रविवार को लगभग 38 वर्षीय महिला बॉबी पत्नी स्व याकूब अपनी झोपडी में मृत अवस्था में मिली। पड़ोसियों को महिला के छोटे बच्चे ने जाकर बताया, तभी काफी संख्या में मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर महिला के परिजन भी किठौर से लावड़ पहुंच गए। बताया जाता है कि महिला की नाक से खून बह रहा था। वहीं चर्चा है कि महिला के गले व अन्य जगह भी चोट के निशान हैं जिससे हत्या होने का भी अंदेशा है। वहीं सूचना पर इंचौली थाना प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी व लावड़ चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। महिला के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उसे अचानक ब्रेन हैमरेज हो गया जिससे उसकी मौत हुई है। वहीं पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरते हुए शव को पीएम के लिए भेजा। बताया जाता है कि महिला के पति याकूब ने लगभग दो वर्ष पहले अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्महत्या की थी। मृतक के 6 बच्चे हैं जिनमें बड़ा बेटा 15 वर्ष का है जो किसी होटल पर बाहर रहता है जबकि उसकी एक तीन वर्ष की छोटी बच्ची भी है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि उसके छोटे बच्चों का पालन पोषण कौन करेगा।

# 39 मुकदमों से संबंधित कुल 139 लीटर देशी शराब कराई नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** थाना महावन पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को 39 मुकदमों से संबंधित कुल 139 लीटर देशी शराब का विनिष्टीकरण कराया गया। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की गई।

जानकारी के अनुसार, थाना महावन पर दर्ज विभिन्न मामलों में जब्त की गई देसी शराब को आज न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन (त्वरित न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मथुरा के आदेश पर नष्ट किया गया। इस पूरी प्रक्रिया को कानून के नियमों के अनुसार पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शराब का विनिष्टीकरण इसलिए कराया जाता है ताकि जब्त की गई अवैध शराब दोबारा किसी गलत व्यक्ति के हाथों में न पहुंच सके और उसका दुरुपयोग रोका जा सके।

इसके लिए पहले न्यायालय से अनुमति ली जाती है और फिर अधिकारियों की मौजूदगी में शराब को पूरी तरह नष्ट किया जाता है। इस कार्रवाई के दौरान कई विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे, जिससे पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और विधि सम्मत तरीके से पूरी हो सकी। मौके पर उपस्थित अधिकारियों में एपीओ श्री अमितेश मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक थाना महावन ध्यानवीर सिंह, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–04 मथुरा श्रीमती ईशा गोयल तथा तथा न्यायालय के लिपिक श्री अनुपम साहू मौजूद रहे।

# प्रियंका ने संसद में दलितों, गरीबों मजदूर वर्ग की आवाज उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के सांसद बनने का एक वर्ष पूर्ण होने पर सेठबाग स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि जन–जन की नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का सांसद के रूप में आज एक वर्ष पूर्ण हुआ है। उन्होंने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में संसद में दलितों, गरीबा. , मजदूर वर्ग की आवाज उठाई।

उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य की गिरती व्यवस्थाओं पर मुखर होकर सरकार को आइना दिखाया। वह कांग्रेस संगठन को निरंतर मजबूत करने के लिए प्रयासरत रहीं और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए हवन किया गया। महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि ने कहा कि प्रियंका गांधी जी सदैव सक्रिय रहीं, जिसका उदाहरण हाथरस में दिवंगत मनीषा और आगरा के अरुण वाल्मीकि पर हुए अत्याचार के खिलाफ न्याय दिलाने का संघर्ष है। वह वंचित और उपेक्षित लोगों के लिए मुखर हैं। वह देश की एक संघर्षशील नेता हैं, उनमें इंदिरा जी जैसा साहस दिखाई देता है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। हवन कार्यक्रम का संच. ालन वैध मनोज गौड़ ने किया। हवन कार्यक्रम में अप्रतिम सक्सेना, प्रेम शंकर शर्मा, अशीष अग्रवाल ,रमेश कश्यप, तपेश गौतम, महेश चौबे, जिलानी कादरी, हाशिम हुमेर, अशोक, निषाद ,आशीष चतुर्वेदी ,विनोद दिवाकर ,लोकेश सिंह ,चंद्र प्रका,श अनूप गौतम, मुस्लिम कुरेशी, सुरेश शर्मा ,बलवीर सिंह, लक्ष्य गौड़, अनिल खरे, उमाशंकर, नाम सिंह ,दिलशाद खान, हर्ष कुमार, विवेक कुमार ,राजेश कुमार, करण निषाद, सागर माहौर, आजम कुरैश ,अजीम शाह सहित आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# मुलायम सिंह यादव को खिराज–ए–अकीदत की पेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुलायम सिंह यादव की जयंती पर उन्हें याद करते हुए भारतीय किसान यूनियन के नेता महबूब अली सोलाना ने कहा कि मुलायम सिंह यादव जैसा नेता भारत में नहीं रहा, उन्होंने हमेशा गरीबों की आवाज को मजबूत किया है, उनकी जयंती पर देशभर में उन्हें याद किया गया। महबूब अली ने कहा कि मुलायम सिंह यादव की जयंती के मौके पर हम उनकी सेवाओं, सादगी और जनता के प्रति उनके प्रेम को खिराज–ए–अकीदत पेश करते हैं। महबूब अली ने सभी से मुलायम सिंह यादव के पद चिन्ह पर चलने का आह्वान किया।

# संत, जीव एवं राष्ट्र सेवा का व्रत ले सनातनी : धार्माचार्य

**वृंदावन।** राष्ट्र संत गीतानन्द महाराज की 21वीं पुण्यतिथि रविवार को श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई। इसमें धर्माचार्यों ने हिंदुओं की एकता संत–भक्त–जीव सेवा का आह्वान किया। उन्होंने भिक्षु गीतानन्द जी महाराज की दयालुता, सेवा, परा. पकार, देशभक्ति, सत्कर्मों, दानव. ीरता की मुक्त कंठ से सराहना वंदना करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्षता कर रहे समारोह आयोजक महामण्डलेश्वर स्वामी डॉ अवशेषानन्द महाराज ने मन, वाणी, कर्म से संत को आदर्श मानने और यूट्यूब पर कुछ और आचरण में कुछ करने वालों से दूर रहने को कहा। उनका यह भी कहना था कि वृंदावन में फ्लैट–प्लाट के कमीशनखोरों के चक्कर में पढ़ें , घर न तोड़ें और वहीं भजन करें। उन्होंने सभी अतिथि संतों, सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महामण्डलेश्वरों, महंतों, संतों का सम्मान किया। हजारों साधुओं, जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र–कम्बल भेंट किया और सभी को भोजन करा दक्षिणा भी दी। समारोह में हाईकोर्ट के सेवा. निवृत्त रजिस्ट्रार जनरल व जज एसएस कुलश्रेष्ठ एन यू जे हो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ कमल कांत उपमन्यु एडवोकेट ने कहा कि संत गीता नंदी महाराज के किए गए सेवा कार्यों को हमेशा किया जाएगा तथा उनके बताई रास्ते से ही धर्म एवं राष्ट्र की सच्ची सेवा हो सकती है बृहद श्रद्धांजलि समारोह में चतुर संप्रदाय महंत फूलडोल विहारी दास, महामण्डलेश्वर महेशानंद सरस्वती, महामण्डलेश्वर गोविंदानन्द तीर्थ, महामण्डलेश्वर भास्करानन्द, आचार्य डॉ मनोज मोहन शास्त्री,पीपा द्वाराचार्य जगद्गुरु बलराम देवाचार्य, महंत लाडिलीदास, महामण्डलेश्वर चितप्रकाशानन्द, महामण्डलेश्वर सच्चिदानंद, सिंघपौर हनुमान मंदिर महंत सुंदरदास, महंत जयराम दास, नारायण आश्रम महंत स्वामी सुरेशानन्द, भागवत आचार्य डॉ अनुराग कृष्ण पाठक, महामण्डलेश्वर रामदेवानन्द, डॉ विनोद बनर्जी रमेशानन्द सरस्वती, स्वामी मुकुंदानन्द, ब्रह्म मित्रानन्द सरस्वती, अनूप शर्मा,रमेशचंद्राचार्य विधि शास्त्री, उमेश्वर देवानन्द प्रकाश, पंकज महाराज, गौरे दाऊजी के महंत प्रहलाद दास, महामण्डलेश्वर नवलगिरी, मधुर कार्ष्णि विशाखा सखी, सतचेतन्य दास, महंत हरिकिशन दास, महंत सेवादास, संचालक सेवानन्द ब्रह्मचारी, , डॉ. राकेशप्रिया श्री अशोक व्यास रामायणी, श्री मारुति नंदन वागीश,ने महाराज गीतानन्द जी का नमन–वंदन किया। कार्यक्रम में डॉ बिहारी लाल वशिष्ठ,डॉ प्रहलाद सिंह,साध्वी राधा दासी, भागवताचार्य विमल आचार्य, प्रकाश अरोड़ा, संजय अरोड़ा लंदन, दर्शनलाल बवेजा देवेंद्र वाधवा , वीरेंद्र गोयल , डिंपल बवेजा , बीना धींगड़ा आदि रहे।

## एसआईआर फार्म भरने को लेकर कैंपों में रही सक्रियता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर में एसआईआर कार्य तेजी से प्रगति पर है। रविवार को अवकाश के बावजूद सुपरवाइजर और बीएलओ की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर कैम्प आयोजित कर बड़ी संख्या में एसआईआर फार्म भरे गए। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम की उपस्थिति में मौ0 सराय खास, लाल मस्जिद सहित आसपास के कई मोहल्लों में विशेष कैम्प लगाकर लोगों को फार्म भरवाए गए। अधिशासी अधिकारी, सफाई निरीक्षक सुनील कुमार तथा बीएलओ टीम ने क्षेत्रवासियों को एसआईआर फार्म भरने के प्रति जागरूक और प्रोत्साहित किया। कैम्प कार्यालय पर दिनभर फार्म भरवाने वालों की खासी भीड़ रही और लोग उत्साहपूर्वक प्रक्रिया में शामिल हुए। बीएलओ नरेश कुमार ने बताया कि पिछले फार्म पूर्ण कर सुपरवाइजर को हैण्डओवर कर दिए गए हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में डा. सौरभ कौशल किए गए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अलीगढ़।** विश्व हिंदी परिषद के तत्वाधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में डॉक्टर सौरभ कौशल को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र–लेखन के लिए सम्मानित किया गया।

विज्ञान भवन,नई दिल्ली में विश्व हिंदी परिषद के तत्वाधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में "राष्ट्रीयता और मानवतावाद के प्रतीक पंडित दीन दयाल उपाध्याय " विषयक अंतराष्ट्रीय सेमिनार में सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र लेखन हेतु डॉक्टर सौरभ कौशल को पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ सौरभ कौशल डीएवी इंटर कॉलेज,अलीगढ़ के पूर्व प्रिंसिपल स्वं एन.डी. कौशल गुरुजी के सुपुत्र हैं।उनका यह शोध–पत्र त्मममितततमक ंदक च्ममतमक–त्मअपमूमक प्दजमतदंजपवदंस श्रवनतदंस केन्द्रीय हिंदी निदेशालय मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग ) नई दिल्ली द्वारा चयनित राष्ट्रीय शोध परिकल्पना की पत्रिका – "वाद संवाद "में प्रका. शित किया गया है जो अंतराष्ट्रीय मानकों को पूर्ण करता है,जो शोध से जुड़े लोगों का सपना होता है कि इस स्तर के जर्नल में लेख प्रकाशित हो सके। डॉक्टर सौरभ कौशल इस समय प्रयागराज में कार्यरत हैं उन्होंने अपने इस सम्मान का पूरा श्रेय व प्रेरणा स्त्रोत उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय श्री एन.डी. कौशल को समर्पित किया है।परिवार एवं समाज में खुशी की लहर है,लोगों ने डॉ कौशल को अपनी शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। डॉक्टर सौरभ कौशल को इस उपलब्धि पर बधाई देने वालों में विधायक घ्अनिल पाराशर,डॉ सुरेश पचौरी,प्रदीप शर्मा,अनिल शर्मा आदि अन्य मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए घ्बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# ओडिशा पुलिस ने दी दबिश, नहीं हाथ लगा आरोपी

**वृंदावन।** ओड़िशा के भुवनेश्वर की युवती को शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न करने के आरोपी को पकड़ने के लिये शनिवार को ओडिशा पुलिस ने दबिश दी, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लगा। जानक. ारी के अनुसार, कुछ समय पूर्व भुवनेश्वर निवासी युवती परिजनों के साथ वृंदावन घूमने आई थी। युवती की मुलाकात यहाँ एक युवक से हुई। दोनों के बीच दोस्ती हो गई। आरोप है कि युवक ने युवती से शादी करने का झांसा देकर यौन उत्पीड़न किया और बाद में मुकर गया। इसके बाद युवती ने ओडिसा में युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा दिया। एफआईआर दर्ज होने के बाद ओडिशा पुलिस उसकी तलाश के लिये शनिवार को वृंदावन पहुंची और कोतवाली पुलिस के साथ संभावित स्थानों पर दबिश दी, लेकिन युवक पुलिस के हाथ नहीं आया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ने के लिये ओडिशा पुलिस आई है। युवक की तलाश को दबिश दी जा रही है।

# स्वरोजगार के नाम पर ठगी गई महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वृंदावन।** साइबर ठगों ने स्वरोजगार के नाम पर एक महिला को धोखाधड़ी का शिकार बना लिया। पीड़ित महिला ने शनिवार को कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। परिक्रमा मार्ग में मैत्री विधवा घर के पीछे रहने वाली अनीता पत्नी सोनू ने दी तहरीर में बताया कि उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया जिसने नटराज नामक कम्पनी से जोड़कर स्वरोजगार शुरू कराने का सपना दिखाया। पंजीकरण के नाम पर 650 रुपए मांगे जोकि महिला ने ऑनलाइन दे दिए। इसके बाद माल डिलीवरी के नाम पर दो बार में 4860 रुपए ऑनलाइन लिये गये, लेकिन जब माल नहीं आया तो महिला ने फोन किया। तब उसे कहा गया कि 2800 और भेज दो, तुम्हारा माल डीग गेट चौकी के पास रखा है, वहां से उठा लो। महिला ने 2800 रुपए भी डाल दिए और पति को माल लेने चौकी भेजा, लेकिन वहां कोई सामान नहीं मिला। तहरीर लेकर पुलिस जाँच कर रही है।

# पुलिस ने जादू–टोना का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना गलशहीद पुलिस ने जादू–टोना और तंत्र–मंत्र से उपचार का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने, जान से मारने की धमकी देने तथा ब्लैकमेल कर पैसों की वसूली करने के गंभीर आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पीड़िता ने बीती 18 नवंबर को थाना गलशहीद में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की थी।पीड़िता के अनुसार, आरोपी तंत्र–मंत्र का इलाज करने का बहाना बनाकर उसे बहला–फुसलाकर एक होटल के कमरे में ले गया। वहां आरोपी ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और जबरन दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, पीड़िता को डराने के लिए आरोपी ने



उसकी फोटो वायरल करने की धमकी दी और ब्लैकमेल कर उससे पैसों की मांग भी की। घटना से डरी–सहमी पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर पुलिस को तहरीर दी, जिसके बाद थाना गलशहीद में गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में चल रही विवेचना के क्रम में उपनिरीक्षक ज्योतिष कुमार एवं उनकी टीम ने दबिश देकर आरोपी तसलीम सलमानी पुत्र नईम निवासी रहमत नगर, गली नंबर 1, साबुन फैक्ट्री, थाना कटघर, जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से इलाके में तंत्र–मंत्र के नाम पर लोगों को गुमराह करता था।

## युक्त मोर्चा के आह्वान पर 26 नवम्बर होनी वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए बैठक में रणनीति तैयार




**ठाकुरद्वारा।** अखिल भारतीय किसान मजदूर तथा किसान सभा के पदाधिकारी ने संयुक्त किसान मोर्चा के आहवान पर 26 नवंबर 2025 को ठाकुरद्वारा में विशाल प्रदर्शन व किसान मजदूर महापंचायत को सफल बनाने के लिए ब्लॉक ठाकुरद्वारा के प्रांगण में कामरेड साकिर हुसैन की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया है। इस दौरान अभाकिमस के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड धर्मपाल सिंहस ने विचार रखते हुए कहा कि सरकार के द्वारा स्वामीनाथन आयोग की संस्तुति अनुसार सभी फसलों का सी2घ्50: के हिसाब से एसपी घोषित करना व खरीद का गारंटी कानून बनाया जाए इसी क्रम में 300 यूनिट घरेलू खपत की बिजली मुफ्त दी जाए स्मार्ट मीटर लगाना बंद किया जाए। वृद्ध विकलांगों तथा विधवाओं को घ्10000 प्रति माह पेंशन का कानून बनाया जाए। किसान मजदूर के सभी कर्ज रद्द किए जाएं तथा गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्यघ्500 घोषित किया जाए। सभी वस्तुओं पर लगाए गए सभी तरह के टैक्स रद्द किए जाएं तथा आमदनी पर टैक्स लगाया जाए। रामगंगा नदी में आई बाढ के कारण हुए नुकसान का मुआवजा किसानों को तुरंत दिलवाया जाए आदि मांगों पर जोर दिया गया।

# पुलिस ने चोरी के आरोपी को पकड़ कर मोबाइल किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कुआखेड़ा में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करके उसके घर से चोरी का सामान भी बरामद किया। इस मामले में पकड़े गए आरोपी को मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया। बिलारी के गांव कुआंखेड़ा निवासी जैनुददिन पुत्र अजीज ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था कि 21 अगस्त की रात को चोर घर में घुस आए और उसके घर में मौजूद मेहमान गुलशन के कानों के कुंडल व पड़ोसी सुधीस पुत्र करण सिंह के घर से गैस सिलेंडर, गुड्डू पत्नी ब्रजराज के घर से मोबाइल आदि सामान चोरी कर ले गए।

## मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ढकियानरु में मारपीट करके घायल करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। गांव के दयाराम पुत्र नरेश के साथ 13 जुलाई को अखिलेश कुमार पुत्र रामसेवक निवासी राजा का सहसपुर ने मारपीट की थी, इसके अलावा अन्य सदस्य भी शामिल थे। इस मामले में अब पुलिस ने आरा. ेपी अखिलेश कुमार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

# शांति भंग के आरोप में दो भाई गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** च्चो को लेकर मारपीट पर उतारू दो व्यक्तियों को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा करीम निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बच्चो को हुए विवाद में गांव के वियजपाल , रोि. हत पुत्रगण नन्हे पर मारपीट का आरोप लगाया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर और मारपीट करने पर दोनों भाईयों को शाति भग के आरोप मे गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस ने दोनों भाईयों का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां पर उन्हे जमानत पर रिहा कर दिया है।

# बाईपास पर फिर हादसाः साइकिल–बाइक की टक्कर में दो घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** आगरा नेशनल हाइवे बाईपास पर रविवार को हुए सड़क हादसे ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चांदपुर मंगोल निवासी इंद्रपाल पुत्र मुंशी साइकिल से सड़क पार कर रहे थे, तभी चंदौसी दिशा से अपने पुत्र के साथ बाइक से आ रहे रेहान पुत्र असलम की साइकिल से तेज टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद साइकिल सवार इंद्रपाल की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बाईपास पर डिवाइडर न होने से अक्सर ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द डिवाइडर व अन्य सुरक्षा प्रबंध किए जाएं, ताकि इस मार्ग पर हादसों पर रोक लगाई जा सके।

# कैथल साप्ताहिक बाजार फिर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कैथल क्षेत्र दशकों से अपने प्रसिद्ध पशु हाट और साप्ताहिक बाजार के लिए जाना जाता रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां लगभग 60 वर्षों से नियमित रूप से बाजार लगती आ रही थी, जहां दूर–दराज से सब्जी, जूते–चप्पल, घरेलू सामान बेचने वाले व्यापारी तथा खरीदार बड़ी संख्या में पहुंचते थे। इस बाजार की सबसे बड़ी पहचान गाय, भैंस, बकरी, मुर्गा और मछली जैसे पालतू एवं उपयोगी पशुओं की बड़े स्तर पर होने वाली खरीद–फरोख्त रही है।

रविवार को लगने वाली यह पारंपरिक बाजार कोविड–19 महामारी के दौरान बंद हो गई और लगभग पांच माह पूर्व जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस ने इसे पूरी तरह रोक दिया। उस समय बाजार संचालन में साझेदारी विवाद और टैक्स जमा न करने जैसी शिकायतें सामने आई थीं। बाजार बंद होते ही साप्ताहिक दुकानें लगाने वाले छोटे व्यापारियों की आजीविका पर ताला लग गया, जिससे सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए। बाजार के बंद होने के बाद कैथल के ग्रामीणों ने आजीविका बनाए रखने के उद्देश्य से देवी मंदिर के आसपास अस्थायी रूप से बाजार लगवाना शुरू किया, जिसमें अच्छी–खासी भीड़ भी जुटने



लगी। इसके बावजूद पुरानी जगह पर लगने वाली बाजार का स्वरूप और सुविधा लोगों को खलती रही। इसी बीच आखिरकार 23 नवंबर, रविवार से पशु बाजार का संचालन पुनः अपनी पुरानी जगह पर यथावत शुरू कर दिया गया। बाजार शुरू होते ही जूते–चप्पल, सब्जी, घरेलू सामान बेचने वाले व्यापारियों और पालतू पशु विक्रेताओं के चेहरों पर फिर से खुशी लौट आई। लंबे समय बाद बाजार में चहल–पहल दिखी और खरीदारों की भी अच्छी उपस्थिति देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि अब बाजार बिना रुकावट नियमित रूप से संचालित होती रहेगी, ताकि छोटे व्यापारियों की आजीविका और कैथल की पुरानी पहचान दोनों सुरक्षित रह सकें।

# जल निगम के खिलाफ लोगों ने किया हंगामा

## पाइपलाइन बिछाने और मरम्मत के काम में लापरवाही का आरोप लगा रुकवाया काम, लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जल निगम के खिलाफ स्थानीय लोगों ने रविवार को जमकर हंगामा किया। लोगों ने पानी की पाइपलाइन बिछाने और मरम्मत के काम में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल निगम के कर्मचारियों का काम रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों पर सड़कों को तोड़कर बिना मरम्मत छोड़े जाने और गंदगी फैलाने का आरोप लगाया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निगम द्वारा शहर में पानी की पाइपलाइनों के नवीनीकरण, मरम्मत और नई पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। इन कार्यों के दौरान सड़कों को तोड़ दिया गया है, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं की जा रही है। इससे पूरे इलाके में गंदगी फैल रही है और लोगों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों को कई बार शिकायत करने के बावजूद काम में तेजी नहीं लाई गई। लोगों को राहत देने के बजाय उन्हें और परेशानियों में डाला जा रहा है। उन्होंने घनश्याम दास मार्ग का उदाहरण देते हुए कहा कि यह सड़क आज भी बदहाल है और इस पर चलना मुश्किल हो गया है। आज होली चौक से शहर के मुख्य मार्ग पर जल निगम के कर्मचारियों द्वारा काम शुरू करते ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने हंगामा करते हुए काम रुकवा दिया और अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि सभी कार्य निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार किए जाएं और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।







# शीतला माता के मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** माता कॉलोनी में स्थित ऐतिहासिक शीतला माता मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो गया है। नगर पालिका द्वारा इसके नवीनीकरण के लिए 10 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है।

यह कार्य सभासद मोहन चौहान के प्रयासों के बाद संभव हो पाया है। मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। शीतला माता मंदिर बागपत शहर में भक्तों की आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। काफी समय से इस मंदिर के नवीनीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, क्योंकि इसकी हालत ठीक नहीं थी। सभासद मोहन चौहान ने बताया कि मंदिर की खराब स्थिति और लगातार लोगों की मांग के बाद उन्होंने नगर पालिका को इसका प्रस्ताव भेजा था। नगर पालिका ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगाते हुए 10 लाख रुपये का बजट पास कर दिया। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए सभासद मोहन चौहान और बागपत नगर पालिका का धन्यवाद किया है। उनका कहना है कि इस ऐतिहासिक मंदिर का सौंदर्यीकरण बहुत जरूरी था।

# दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम भी जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** मदरसा मोहसिन उल उलूम में दो दिवसीय वार्षिक सालाना जलसे का आयोजन किया गया जिसमें पहले दिन जलसे में तकरीर करते हुए आलिमा खदीजा ने कहा की महिलाओं को दीनी तालीम के साथ साथ दुनियावी तालीम जरूर हासिल करनी चाहिए।

रटौल में ईदगाह के समीप मदरसा मोहसिन उल उलूम में दो दिवसीय वार्षिक सालाना जलसे का आयोजन किया गया जिसके पहले दिन महिलाओं और लड़कियों के लिए जलसे का आयोजन किया गया, जिसमें तकरीर करते हुए आलिमा खदीजा नें कहा कि महिलाओं के लिए पर्दा बहुत जरूरी है जिससे बुजुर्गो का सम्मान होता है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि दीनी तालीम के साथ साथ हमे दुनियावी तालीम भी हासिल करनी चाहिए जिसमें हमे हिन्दी अंग्रेजी के साथ साथ कम्प्यूटर का भी ज्ञान हासिल करना चाहिए जिससे आत्मनिर्भर बन सके जलसे में आलिमा आयशा,आलिमा इकरा, हाजी मुन्तजिर कारी जमील, हाफजी इन्तजार, हाफिज सलमान, कारी साकिर आदि शामिल रहे।



# युवक का रेलवे ट्रैक पर मिला शव, हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बावली गांव निवासी 25 वर्षीय शुभम का शव अंबाला कैंट के पास रेलवे ट्रैक पर मिला है। शुभम पिछले पांच साल से अंबाला स्थित एक कंपनी में सुरक्षाकर्मी के तौर पर कार्यरत था। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताते हुए मामले की गहन जांच की मांग की है।

शुभम के पिता रविंद्र, जो बावली गांव के किसान हैं, ने बताया कि उन्हें शुभम का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने की सूचना मिली थी। अंबाला पहुंचने पर उन्हें पता चला कि शुभम के सिर पर गंभीर चोटें थीं। परिजनों का आरोप है कि शुभम की हत्या कर उसके शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, अंबाला जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) के अनुसार, शुभम रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया था। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जीआरपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी और मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। शुभम अपने परिवार में पिता रविंद्र, मां बिमलेश, छोटे भाई आयुष (जो इंटरमीडिएट का छात्र है) और दो बहनें राखी व अंशिका के साथ रहता था। वह नौकरी कर अपने पिता का परिवार के भरण-पोषण में सहयोग कर रहा था। मृतक का शव आज उसके पैतृक गांव बावली पहुंचेगा, जहां गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। परिजन दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## एक नजर

# पट्टी चौधरान में सर्वसमाज बैठक नशाखोरी और भ्रूण हत्या पर लगेगी रोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर की पट्टी चौधरान में रविवार को सर्वसमाज खाप चौधरियों की मासिक बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शिक्षा, संस्कार और एकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौधरी सुरेंद्र तोमर चौरासी देशखाप और पंडित सुभाष भारद्वाज ब्राह्मण समाज रहे। बैठक की अध्यक्षता 360 सर्वखाप के चौधरी जीतेन्द्र धामा ने की, जबकि संचालन शास्त्री सतीश शर्मा ने किया। आयोजन की जिम्मेदारी चौधरी 84आकाश उपाध्याय समाज के चौधरी ने निभाई। बैठक में भ्रूण हत्या, नशाखोरी और चुनावों के दौरान शराब वितरण जैसे सामाजिक अपराधों पर रोक लगाने के प्रस्ताव पारित हुए। तय किया गया कि जो व्यक्ति चुनावों में शराब का वितरण करेगा, उसका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। चौधरी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी दिनों में बावली गांव में एक बड़ी पंचायत बुलाकर कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। सुभाष चौधरी ने कहा कि समाज में फैल रही कुरीतियों पर हमें चोट करनी है। समाज में पहली बुराइयों को जड़ से मिटाना है। नशाखोरी को भी जड़ से मिटाना है अपने बच्चों को संस्कृतिवान बनाना है। बैठक में शिक्षा संस्कार की संस्कार शाला आयोजित हुई दहेज प्रथा नशा खोरी पर सभी लोगों ने प्रकाश डाला 84 देश का चौधरी ब्राह्मण समाज पंडित सुभाष भारद्वाज ने कहा कि हम सभी लोगों को सभी बिरादरी के लोगों को मिलकर अपने बच्चों को बुजुर्गो द्वारा बताई गई नीतियों को अपनाना है तभी जाकर समाज के युवा जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे। बैठक में सोरम में हुई सर्वसमाज महापंचायत का सर्वसम्मति से समर्थन किया गया। कार्यक्रम में विनोद कैप्टन, चौधरी जयपाल सिंह, डा.योगेश जिंद, उज्जवल चौधरी, वंदना गुप्ता, रश्मी और डा.इरफान मलिक सहित अन्य समाजसेवी हरीश भारद्वाज पंडित राकेश शर्मा योगेश जिंदल रमेश शर्मा सभासद श्रद्धानंद शर्मा पंडित विजयपाल शर्मा पूर्व दिल्ली पुलिस से रिटायर राधेश्याम शर्मा दरोगा दीपक शर्मा जय हिंद मंच के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य पंडित अनिल कौशिक नरेश शर्मा जागौश पूर्व प्रधान विजयपाल शर्मा जिला पंचायत सदस्य पंडित राजपाल शर्मा जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य समाजसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य खेड़ा हटाना ओंकार शर्मा विश्वास चौधरी के अलावा भारी संख्या में समाजसेवियो गणमान्य नागरिकों ने अपने अपने विचार प्रकट किया।

# जब तक राहुल गांधी कांग्रेस में हैं पार्टी का यही हाल रहेगा:बृजभूषण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत में स्टेट लेवल कुश्ती चैंपियनशिप के दौरान पूर्व सांसद और कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का स्वागत किया।मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शरण सिंह पर समर्थकों ने बुलडोजर पर खड़े होकर पुष्प वर्षा की। इस नजारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े।

शरण सिंह ने बागपत के मुख्य वंदना चौक पर शहीदों को नमन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और उनसे मुलाकात की। कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। इसी कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए बृजभूषण शरण सिंह ने बिहार चुनाव को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसी तरह के आरोपों के कारण लगातार कमजोर हो रही है। उन्होंने व्यवस्था में बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि अब दो या तीन अवैध वोट भी बनते हैं तो उन्हें काटा जा सकता है, जबकि पहले ऐसा सिस्टम नहीं था। अब सब कुछ पारदर्शी तरीके से होता है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी इलेक्ट्रॉनिक बम की बात करती है, कभी परमाणु बम की, लेकिन जनता सब समझ रही है। बृजभूषण ने यह भी कहा कि जब तक राहुल गांधी कांग्रेस में हैं, पार्टी का यही हाल रहेगा। कार्यक्रम के दौरान शरण सिंह ने कुश्ती खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने बेहतर खेल सुविधाओं को लेकर भी बात की।

# कैंसर से पीड़ित बंदी की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक बंदी आलम की दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जेल अधीक्षक प्रशांत मौर्य ने बताया कि आलम लंबे समय से कैंसर से पीड़ित था। गंभीर बीमारी के चलते उसे नियमित चिकित्सा परामर्श के बाद दिल्ली रेफर किया गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आलम को 30 सितंबर को तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम लगातार उसकी निगरानी कर रही थी। कैंसर के अंतिम चरण में होने के कारण आलम की हालत कई दिनों से नाजुक बनी हुई थी। तमाम प्रयासों के बावजूद शनिवार शाम उसकी मृत्यु हो गई। जेल अधीक्षक प्रशांत मौर्य ने बताया कि आलम हत्या के मामले में दोषी था और आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान ही उसके कैंसर का पता चला था। नियमों के अनुसार, उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर के अस्पताल में रेफर किया गया था। अधीक्षक ने यह भी बताया कि जेल प्रशासन की ओर से बंदी के उपचार में कोई कमी नहीं रखी गई और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। आलम की मौत की सूचना मिलते ही जेल प्रशासन ने कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए संबंधित अधिकारियों और मृतक के परिजनों को सूचित किया। शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा कराया जाएगा, जिसके बाद ही उसे परिजनों को सौंपा जाएगा। इस घटना के बाद जेल परिसर में अन्य बंदियों में भी चिंता देखी गई, जिस पर प्रशासन ने सभी बंदियों को समय पर आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

# पार्टी कार्यालय पर कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कांग्रेस कमेटी की बैठक पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई जिसमें नगर के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रामहरि पंवार ने की तथा संचालन रामकुमार मुखिया ने किया। बैठक में एसआईआर विशेष पुनरीक्षण गठन अभियान को लेकर शहर अध्यक्ष एवं कोआर्डिनेटर बडौत विधानसभा रामहरि पंवार ने कहा हम लोगों के सहयोग व मदद के लिए उनके बीच गये। उन्होंने बताया उन्हे काफी समस्या परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। बताया गेहूं की बुआई ईख की कटाई चल रही है। प्रतिदिन सभी परिवार शादी विवाह मे व्यस्त भी है और जैसा की सर्वविदित है। बीएलओ भारी दबाव मे है। समय पर न ही फार्म वितरित किये जा रहे है। बहुत सी समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए हम समय बढाये जाने की माग करते है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी ओमकार दत्त शर्मा जोनमाना ने कहा कि हम सब लोगों को नगर स्तर पर संगठन को मजबूत करके संगठन की नीतियों को गली गली गांव गांव में कांग्रेस के नेताओं को पहुंचना है। कांग्रेस ने हमेशा गरीबों मजदूरों व्यापारियों को एक सूत्र में बांधकर चलने का काम किया है। इस मौके पर औमवीर दुहण ब्रजमोहन शर्मा रामरंग पंवार रविन्द्र तोमर बिजेन्द्र शर्मा जावेद प्रवेज देवेन्द्र शर्मा शोकेन्द्र तोमर औकार दत्त आदि रहे।




# पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने सोमवार को पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने पुलिस ध्वज को सलामी दी और उपस्थित पुलिस बल को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन तथा सेवा-भावना की शपथ दिलाई।

इस कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, सभी क्षेत्राधिकारी, निरीक्षक, उप निरीक्षक और पुलिस विभाग के अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान एसपी सूरज कुमार राय ने पुलिस महानिदेशक का प्रेरक संदेश पढ़कर सुनाया। संदेश में पुलिसकर्मियों से सर्वोच्च अनुशासनात्मक प्रतिबद्धता बनाए रखने और जनता की सुरक्षा व सेवा को प्राथमिकता देने का आहवान किया गया था। अपने संबोधन में एसपी ने कहा कि पुलिस ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि परंपरा, गौरव, साहस और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने प्रत्येक पुलिसकर्मी से अपने आचरण से इसकी गरिमा बनाए रखने और जनता की सेवा में पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी तथा सजगता से कार्य करने का आहवान किया। एसपी ने पुलिस बल को उनके दायित्वों की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य कर्तव्य जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना, कानून-व्यवस्था बनाए रखना और संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान करना है। एसपी ने अधिकारियों और जवानों से अपने व्यवहार, वर्दी और दायित्वों के प्रति सजग रहने की अपील की। उन्होंने जोर दिया कि पुलिस की छवि जनता के विश्वास पर आधारित होती है, इसलिए हर पुलिसकर्मी को अपने कार्य से इस विश्वास को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और पुलिस ध्वज को सम्मान देने के साथ हुआ।



# जिलेभर में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाया गया एक व्यापक अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को जिलेभर में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सभी नगर निकायों में मुख्य बाजारों, प्रमुख मार्गों, बस अड्डों, औद्योगिक क्षेत्रों, घनी आबादी वाले इलाकों तथा निर्माण-प्रभावित स्थलों पर नियमित एवं निरंतर जल छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। एंटी-स्मॉग गन वाटर स्प्रिंकलर टैंकरों के माध्यम से उड़ती धूल को नियंत्रित करने के लिए विशेष ड्राइव संचालित की जा रही है, ताकि सर्दियों के दौरान हवा में प्रदूषक कणों की मात्रा न बढ़े। कई स्थानों पर सुबह और शाम दोनो समय छिड़काव कराया जा रहा है, जिससे हवा में मौजूद धूलकणों का स्तर तेजी से कम हो सके।

# हत्या के मामले में न्यायालय ने तीन दोषियों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक हत्या के मामले में न्यायालय ने तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, प्रत्येक दोषी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह फैसला ओम कुमार हत्याकांड से संबंधित है।

ओम कुमार की हत्या मामूली बात पर पीट-पीटकर की गई थी। यह घटना मार्च 2023 को हुई थी। मृतक की पत्नी शकुंतला ने इस संबंध में पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाली क्षेत्र के बली गांव निवासी ओम कुमार की हत्या खैराती पुत्र अतरे, ओमवीर पुत्र प्रकाश और सुखपाल पुत्र गजराज ने की थी। शकुंतला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन था। न्यायाधीश पवन कुमार की अदालत ने सभी गवाहों की गवाही और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अपना फैसला सुनाया। अदालत ने तीनों अभियुक्तों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा दी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) रविकांत भारद्वाज ने बताया कि सभी गवाहों की गवाही और साक्ष्यों के आधार पर ही अदालत ने यह निर्णय लिया है।

# सपाइयों ने किया जयंती पर समाजवादी नेता राजनारायण का स्मरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में प्रसिद्ध समाजवादी नेता और स्वतंत्रता सेनानी राजनारायण की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाजवादी नेता राज नारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रविंद्र देव ने कहा कि राजनारायण एक महान समाजवादी नेता और पर एक स्वतंत्रता सेनानी और महान समाजवादी नेता थे उनका देश में समाजवादी आंदोलन में एम भूमिका है एक जमीदार परिवार से संबंधित होने व बड़ी भूमि के मालिक होने के बावजूद उन्होंने समाजवाद को अपनाया और अपनी जमीन गरीबों में बांट दी स्वतंत्रता आंदोलन के द्वारा दौरान 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्होंने जेल काटी और देश की स्वतंत्रता के आंदोलन में आई थी साथ ही साथ आजाद भारत में भी हो समाजवादी आंदोलन की दूरी रहे जनता पार्टी की सरकार में केंद्र में मंत्री होने पर उन्होंने नई स्वास्थ्य नीति देशभर में लागू की। इस अवसर पर सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, नगेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, जितेंद्र सिंह गुर्जर, राहुल यादव, आदि मौजूद रहे।



# बागपत में एसआईआर अभियान जोर पर, 98.91 प्रतिशत मतदाताओं तक पहुँचे गणना प्रपत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में रविवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 अभियान तेजी से संचालित है। जिले के 513 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 981 मतदेय स्थलों पर तैनात 981 बूथ लेवल ऑफिसर और 102 सुपरवाइजर्स लगातार घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। बीएलओ मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं और भरे हुए फॉर्म को संकलित कर रहे हैं। सभी बीएलओ को गणना प्रपत्र किट, नए मानकीकृत पहचान पत्र और फील्ड रिपोर्टिंग से संबंधित आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है।

प्रशासन ने सोशल मीडिया, जनसंपर्क, माइक अनाउंसमेंट, डिजिटल माध्यमों और जागरूकता पोस्टरों के जरिए जनजागरूकता अभियान को भी गति दी है। प्रत्येक नागरिक से अपील जारी है कि वे अपना एसआईआर फॉर्म समय से भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं। जनपद की छपरौली, बड़ौत और बागपत तीनों विधानसभाओं में कुल 9,76,798 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 9,66,104 मतदाताओं यानी 98.91 प्रतिशत को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। अब तक माय बीएलओ एप पर कुल 75,524 फॉर्म का डिजिटल डेटा अपलोड हुआ है। इस प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि वे फॉर्म के संग्रहण की गति बढ़ाएं और सभी संग्रहित प्रपत्रों का समयबद्ध डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करें।

# डीआईजी के ऑपरेशन नकेल को पलिता लगा रहे अतिक्रमणकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ परिक्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव, अव्यवस्थित पार्किंग, यातायात नियमों की अनदेखी और सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप एक बड़ा अभियान शुरू किया गया है। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने क्षेत्र के चारों जनपदों मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर और बागपत में ऑपरेशन नकेल नामक विशेष अभियान की शुरुआत की है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाना, सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना, अवैध पार्किंग, अतिक्रमण एवं नियम उल्लंघन पर कड़ी कार्यवाही करना है। डीआईजी कलानिधि नैथानी के निर्देशानुसार ऑपरेशन नकेल के तहत यातायात नियमों का कड़ाई से पालन, रेड लाइट जंप, शराब पीकर ड्राइविंग, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, ओवरस्पीडिंग जैसे गंभीर उल्लंघनों पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित, रद्द किए जाएंगे। मुख्य मार्गों-बाजारों में बे-तरतीब खड़े वाहनों को क्रेन से उठाकर सीज किया जाएगा। ट्रक-बस जैसे बड़े वाहनों के सार्वजनिक मार्गों पर खड़े होने की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाएगी। बिना या फर्जी रजिस्ट्रेशन, फर्जी परमिट, परमिट उल्लंघन, फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस वाले वाहनों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। पाँच से अधिक लंबित चालान वाले वाहन स्वामियों-चालकों को नोटिस भेजे जाएंगे। साथ ही निर्धारित समय पर जुर्माना न भरने पर ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण



की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसी के साथ दुर्घटना कारित वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिन वाहनों से दुर्घटना में लोगों की मृत्यु या गंभीर घायलों की घटनाएँ सामने आई हैं, उनके चालकों के लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। डीआईजी नेथानी ने बताया कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए नई ट्रैफिक क्विक रिस्पांस टीम गठित की जाएगी। यह टीम चार पहिया वाहन से ऑपरेट करेगी। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि चेकिंग के दौरान किसी के साथ दुर्व्यवहार न किया जाए। बुजुर्ग, महिला, दिव्यांग, एम्बुलेंस, मरीज, किसान, नौकरीपेशा तथा आकस्मिक सेवाओं से जुड़े लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यवाही में पक्षपात या भेदभाव बिल्कुल न हो। अधिक से अधिक चेकिंग पाइंट्स पर वीडियो रिकार्डिंग की जाए। महत्वपूर्ण चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। नियम तोड़ने वालों पर त्वरित और कड़ी कानूनी कार्यवाही, सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। वहीं दूसरी ओर नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड पर अतिक्रमण कार्यो द्वारा अवैध अतिक्रमण और अवैध पार्किंग का अड्डा बनाया हुआ है। जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र के मेरठ रोड पर खुलेआम ऑटो रिक्शा में मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान चलाई जा रही है। जिससे यातायात भी बाधित होता है और मार्ग संकरा भी हो जाता है। जिस कारण यातायात भी बाधित होता है। अतिक्रमणकारी यातायात नियमों को ताक पर रखकर अवैध अतिक्रमण कर हुए हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि ऐसे अतिक्रमण कार्यो पर कब तक कार्रवाई की जाएगी।

# एसआईआर के फार्म भरने में मतदाताओं को हो रही परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** एसआईआर फार्म भरने में आ रहीं दिक्कतों के कारण मतदाताओं को हो रही परेशानी दूर कराने के लिए सामाजिक संगठन ने तहसीलदार और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।



गढ़ के मुहल्ला आदर्शनगर में संचालित हो रहे सामाजिक संगठन आलम आरा शिक्षा सेवा समिति के दर्जनों कार्यकर्ता शुक्रवार को तहसील मुख्यालय में एकत्र हुए। जिन्होंने समिति के सचिव अब्दुल माजिद के नेतृत्व में तहसीलदार और एसडीएम श्रीराम यादव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उल्लेख किया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत पर एसआईआर के जो फार्म भरवाए जा रहे हैं। उनमें मतदाताओं को बिना वजह की दिक्कतों का सामना करते हुए इधर उधर धक्के खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। समिति सचिव ने बताया कि सन 2003 की मतदाता सूची के भाग 71, 73, 74 और 72 के पेज चार और पांच का डेटा ऑनलाइन साइट पर उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण मतदाताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना मजबूरी बनी हुई है। समिति सदस्यों ने निर्वाचन आयोग के माध्यम से सभी बीएलओ को सन 2003 की संपूर्ण सूची उपलब्ध कराने के साथ ही एसआईआर फार्म भरने वालों को रिसीविंग फार्म अनिवार्य रूप से दिलाने, अट्ठारह वर्ष की उम्र पूरी करने वालों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए फार्म संख्या छह भी मुहैया कराते हुए अन्य दिक्कतों को पूरी तरह दूर कराने की मांग उठाई। युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अब्दुल कादिर, आदिल, माजिद चौधरी, तालिब, ताहिर खां, इकराम, रिजवान, राशिद अली, असजद अहमद समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। एसडीएम श्रीराम यादव ने भरोसा दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में एसआईआर फार्म भरने का कार्य पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कराया जा रहा है, जिसमें किसी भी तौर पर मतदाताओं को कोई अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत, पाँच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-9 रविवार तड़के एक भीषण सड़क दुर्घटना का गवाह बना। एलिवेटेड फ्लाईओवर के पिलर नंबर-56 के पास सुबह करीब 4:30 बजे तेज रफ्तार से हुई टक्कर के बाद एक मारुति बैलेनो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि पाँच दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी और शाहजहांपुर के रहने वाले छह दोस्त मारुति बैलेनो यूपी-31 सीरीज में सवार होकर दिल्ली जा रहे थे। यात्रा के दौरान वे आपस में बात करते हुए आगे बढ़ रहे थे कि तभी अचानक पीछे से आ रहे किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी कार को



भीषण झटका दे मारा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बैलेनो कार अनियंत्रित होकर एलिवेटेड फ्लाईओवर के पिलर से जा टकराई। टक्कर की आवाज आधी रात की खामोशी चीरती हुई दूर तक सुनाई दी। हाईवे से गुजर रहे दूसरे वाहन चालकों और आसपास के लोगों ने दौड़कर मौके पर पहुंचकर हालात देखने शुरू किए। कार बुरी तरह से पिचक चुकी थी और अंदर बैठे युवक दर्द से कराह रहे थे। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त दरवाजे खोलकर घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी श्योपाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत सभी घायलों को निजी अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने शाहजहांपुर के बाई कुआं निवासी नाजिम को मृत घोषित कर दिया। जबकि उल्फत, लईक, इमरान की हालत नाजुक होने के चलते उन्हें मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं अतीक व सद्दाम पिलखुवा स्थित अस्पताल में उपचाराधीन हैं। पुलिस के अनुसार सभी युवक 25 से 32 वर्ष की आयु के हैं और किसी काम से दिल्ली की ओर जा रहे थे। हादसे के कारण फ्लाईओवर पर करीब आधे घंटे तक ट्रैफिक जाम की स्थिति रही। बाद में क्रेन की मदद से कार को हटाकर यातायात सामान्य कराया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। अज्ञात वाहन की तलाश में हाईवे के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# झंडा दिवस पर एसपी ने ध्वजारोहण कर पढ़ा डीजीपी का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर रविवार सुबह पुलिस लाइन हापुड़ में एक भव्य एवं सम्मानजनक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड पर ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के उपरांत उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और पुलिस बल की गौरवशाली परंपरा को नमन किया।

इसके बाद एसपी ने सभी अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को डीजीपी का संदेश पढ़कर सुनाया, जिसमें पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, सत्यनिष्ठा और जनता की सेवा को सर्वोपरि रखने का आहवान किया गया। संदेश में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि पुलिस ध्वज साहस, त्याग और सेवा का प्रतीक है, जिसकी गरिमा बनाए रखना हर पुलिसकर्मी का प्रथम दायित्व है। अपने संबोधन में एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस ध्वज की ऐतिहासिक महत्ता, बलिदानी परंपराओं और पुलिस बल की जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने जवानों को प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस बल का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि जनता के प्रति संवेदनशीलता और विश्वास कायम रखना भी है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को निष्ठापूर्वक, ईमानदारी से और पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की



प्रेरणा दी। समारोह के दौरान पुलिस लाइन में परेड, अधिकारियों की उपस्थिति, महिला पुलिसकर्मियों की सहभागिता और जवानों का उत्साह देखने योग्य रहा। एसपी ने मिशन शक्ति, साइबर सुरक्षा, ट्रैफिक अनुशासन और जनसेवा संबंधित अभियानों के लिए भी पुलिसकर्मियों को जागरूक व प्रेरित किया। कार्यक्रम में एएसपी, सीओ, सभी थानों के निरीक्षक, उपनिरीक्षक तथा विभागीय कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पुलिस लाइन परिसर में देशभक्ति और सम्मान का वातावरण पूरे समय व्याप्त रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके बाद सभी पुलिसकर्मियों ने पुलिस ध्वज एवं वर्दी की प्रतिष्ठा बनाए रखने का संकल्प लिया।

# स्क्रैप फैक्ट्री में भीषण अग्निकांड, लाखों का सामान जलकर खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के चितौली रोड स्थित आरवीएस इंटरप्राइजेज नाम की स्क्रैप फैक्ट्री में रविवार सुबह अचानक लगी आग ने देखते ही देखते पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी विकराल थी कि लपटें कई किलोमीटर दूर से साफ दिखाई दे रही थीं, जबकि आसमान में उठता घना धुआं पूरे क्षेत्र में फैल गया। हादसे में फैक्ट्री में रखे वाहनों के पार्ट्स, मशीनें और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई, जिससे करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद फैक्ट्री परिसर में जोरदार धमाकों की आवाजें भी सुनाई दीं, जिससे आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई।



मौके पर मौजूद मजदूर सुरक्षित बाहर निकल आए, वरना हादसा और बड़ा रूप ले सकता था। फैक्ट्री के मालिक हिमांशु गोयल ने बताया कि स्क्रैप वाहनों से गैस, पेट्रोल और डीज़ल को पॉल्यूशन मशीन की मदद से सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान अचानक आग भड़क गई, जिसने पलभर में पूरे क्षेत्र को अपनी गिरफ्त में ले लिया। सूचना मिलते ही फायर अधिकारी अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में हापुड़ फायर ब्रिगेड की टीम कई दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काफी देर में काबू पाया जा सका। फायर विभाग ने बताया कि आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है। साथ ही, फैक्ट्री में उपलब्ध सुरक्षा उपायों और उपकरणों की भी विस्तृत जांच की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# व्यक्ति का मिला क्षत-विक्षत शव, इलाके में सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के प्रीत विहार इलाके में शनिवार की देर शाम एक ऐसा भयावह दृश्य सामने आया जिसने पूरे क्षेत्र को दहशत में डाल दिया। सड़क पर घूम रहे लोगों ने अचानक कुछ आवारा कुत्तों को एक व्यक्ति का कटा हुआ सिर और हाथ मुंह में दबाकर भागते देखा। कुछ ही दूरी पर कुत्ते उन अंगों को छोड़कर दूर भाग गए। यह दृश्य देखते ही लोगों में चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते भारी भीड़ घटनास्थल पर इकट्ठा हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र और पास से गुजर रहे रेलवे ट्रैक की जांच की तो करीब ही ट्रैक के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का धड़ पड़ा मिला। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवक ट्रेन की चपेट में आया और हादसे में उसके शरीर के अलग-अलग हिस्से कट गए। बाद में कुत्ते उन अंगों को उठा ले गए। पुलिस ने तुरंत क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान स्थापित करने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस दोनों मिलकर घटना की विस्तृत जांच में जुटी हैं कि यह हादसा था या इसके पीछे कोई और कारण भी हो सकता है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि इस तरह का भयावह दृश्य उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। अचानक मिली लाश के शरीर के अंग देखकर इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय निवासियों ने देर रात तक पुलिस से पूरे मामले की सच्चाई उजागर करने की मांग की। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ रेलवे ट्रैक पर मिले सुरागों की जांच में जुटी हुई है। मृतक की पहचान होने के बाद ही घटना की पूरी सच्चाई सामने आ पाएगी।



## एक नजर

### चौथे दिन भी तेंदुए का नहीं लगा कोई सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के अलग अलग गांवों में चार दिन पूर्व से तेंदुआ दिखाई पड़ रहा है, तभी से ग्रामीणों को डर सता रहा है, जिसको लेकर वन विभाग टीम ने जांच की, लेकिन अभी तक तेंदुआ पिंजरे में नहीं फंस पाया है, जिससे ग्रामीणों में दहशत बरकरार है।

वन क्षेत्र गढ़ावली, सिंभावली, हरोड़ा रोड, माधापुर में आबादी के निकट तेंदुआ देखा जा चुका है, जिसके बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं वन विभाग की टीम ने भी सतर्कता दिखाते हुए गांव में घटना स्थल पर पहुंच कर जांच की, लेकिन तीन दिन बीत चुके हैं, अभी तक भी तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। जिससे ग्रामीण खेतों पर जाने से कतरा रहा हैं। ग्रामीण महेश, रामआसरे, दीपक कुमार ने कहा कि वन विभाग द्वारा तेंदुए के पंजे के निशान भी लिए हैं, वहीं गांव के जंगल में हर महीने में तेंदुए के आने की सूचना मिलती है, लेकिन इस बार तेंदुए भी नहीं पकड़ा जा सका है इसलिए ग्रामीणों में ज्यादा दहशत बनी हुई है। वन क्षेत्राधिकारी करन सिंह ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए निंरतर टीम गश्त कर रही है, शीघ्र ही तेंदुए को पकड़ लिया जाएगा।

### एक बूथ पर एसआईआर का कार्य पूरा होने पर, बीएलओ को मिली शाबाशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गांव हिरनपुरा में एक बूथ पर एसआईआर से संबंधित कार्य सफलता के साथ समय से पहले पूरा होने पर तहसील प्रशासन ने बीएलओ के रूप में कार्यरत शिक्षामित्र की जमकर सराहना की।गढ़ क्षेत्र के गांव हिरनपुरा के बूथ पर एसआईआर से संबंधित कार्य निर्धारित समय से पहले ही सफलतापूर्वक पूरा होने पर बीएलओ का दायित्व निभा रहे शिक्षामित्र नरेंद्र कुमार कुमार को तहसील प्रशासन ने जमकर शाबाशी दी। ग्राम प्रधान मनोज फौजी ने उनके कार्य की सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि नरेंद्र कुमार ने सरकार द्वारा सौंपे गए दायित्व को पूरी निष्ठा और पूरी निष्पक्षता से निभाते हुए 585 वोट वाले बूथ का कार्य पूरा किया है। जिसके लिए वे प्रशंसा के पात्र हैं। एसडीएम श्रीराम यादव और खंड विकास अधिकारी विजय कुमार ने भी मोबाइल पर कॉल करते हुए संदेश के माध्यम से बीएलओ नरेंद्र कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। ग्रामीणों ने भी इस महत्वपूर्ण कार्य की समय पर पूर्णता के लिए बीएलओ की प्रतिबद्धता की जमकर सराहना की।

### एंटी-रोमियो स्क्वाड ने बाजारों, पार्को और कस्बों में चलाया व्यापक चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रारम्भ किए गए मिशन शक्ति अभियान के तहत हापुड़ पुलिस सक्रिय रूप से मैदान में उतरी हुई है। रविवार को जनपद के सभी थानों की एंटी-रोमियो स्क्वाड टीमों एवं महिला सुरक्षा दलों ने संयुक्त रूप से व्यापक चेकिंग अभियान चलाकर मनचलों और संदिग्ध युवकों पर नकेल कसने की कोशिश तेज कर दी।

टीमों ने जनपद के प्रमुख बाजारो जैसे रेलवे रोड, गांधीगंज, देहली रोड मार्केट, ओरियन्ट चौक, गंगा रोड के अलावा कस्बों, गांवों के मुख्य चौराहों, कोचिंग सेंटरों, स्कूल-कॉलेजों के आस-पास तथा सार्वजनिक पार्को में पैदल गश्त की। अभियान के दौरान कई युवकों को अनावश्यक रूप से घूमते, मोबाइल से वीडियो बनाते, महिलाओं को घूरते या संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया गया। ऐसे युवकों से पूछताछ कर उनका विवरण दर्ज किया गया और कड़ी चेतावनी देते हुए दोबारा गलती न करने की सख्त हिदायत दी गई। एंटी-रोमियो स्क्वाड की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

बाजारों में खरीदारी कर रही महिलाओं ने पुलिस टीमों की उपस्थिति पर संतोष जताते हुए कहा कि इससे छेड़छाड़, टिप्पणी और पीछा करने जैसी घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगती है। थाना प्रभारियों ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत केवल कार्रवाई ही नहीं बल्कि जागरूकता फैलाने पर भी जोर दिया जा रहा है। हापुड़ पुलिस का कहना है कि मिशन शक्ति के दौरान जिले भर में इसी तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस ने स्पष्ट कहा कि मनचलों, शोहदों, छेड़छाड़ करने वालों या महिलाओं का पीछा करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# सड़क हादसे में हुई महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गंगा स्नान कर लौट रहे बाइक सवार मां-बेटा ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान मां की मौत हो गई, जबकि पुत्र का गंभीर हालत में दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली के प्रताप गार्डन निवासी नरेंद्र ने मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें बताया गया कि उसका पुत्र अर्जुन कुमार व पत्नी सविता 20 नवंबर को बाइक पर सवार होकर गंगा स्नान करने के लिए गढ़मुक्तेश्वर आए हुए थे। गंगा स्नान करके दोनों अपने घर वापस लौट रहा थे, जैसे ही वह निजामपुर चौराहे पर पहुंची तो ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर पीड़ित का पुत्र अर्जुन व पत्नी सविता गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सरस्वती मेडीकल कलिज में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति गंभीर देखते हुए दोनों घायलों को सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली के लिए रेफर कर दिया था। जहां 21 नवंबर की रात की उपचार के दौरान सविता की मौत हो गई, जबकि पुत्र का गंभीर हालत में उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर ट्रैक्टर ट्राली के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी चालक को गिर" तार किया जाएगा

# सड़कों पर बैठे आवारा पशु दे रहे हैं हादसों को न्यौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर की सड़कों पर इन दिनों काफी संख्या में आवारा पशु घूमते देखे जा सकते हैं। यह आवारा पशु नगर में जाम की स्थिति पैदा करने का कारण तो बन रहे हैं साथ ही सड़क हादसों को भी न्योता दे रहे हैं। यह समस्या गंभीर है लेकिन नगर पालिका प्रशासन इससे बेखबर बना हुआ है।

नगर की सड़कों पर इस समय दर्जनों की संख्या में आवारा पशु घूमते और सडक के बीच मे बैठे रहते हैं। इनमें सबसे अधिक गायों की संख्या है। इसके अलावा सांड भी काफी संख्या में घूमते देखे जा सकते हैं। नगर पालिका भी इनको पकड़ने के लिए अभियान नहीं चला रही है। जिससे इन आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में पहुंचाया जा सके। नगर पालिका के अभियान के ठंडा होने के कारण आवारा पशुओं की तादात बढ़ने लगी है। जिसके कारण सड़क हादसों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अभी कुछ दिन पहले ही नगर की नक्का कुआं रोड पर बाइक पर सवार होकर जा रहे दो लोगों के सामने अचानक गाय आ जाने से हादसा हो गया था। उस हादसे में दोनों युवक घायल हो गए थे। इसके अलावा नगर में अब तक और भी दर्जनों ऐसे हादसे हो चुके हैं जिनका कारण आवारा पशु पाया गया है। जानकारों का मानना है कि नगर की सड़कों पर घूमने वाली गाय डेयरियों मालिकों व अन्य पशु पालकों की हैं। अनेक पशु पालक ऐसे हैं जो सिर्फ दूध निकालने के लिए उनको रखते हैं। ऐसे लोग



सुबह-सायं दूध निकालने के बाद दिनभर उनको सड़कों पर घूमने के लिए खुला छोड़ देते हैं। ऐसे पशुओं से होने वाले सड़क हादसों के लिए पशु पालकों को भी जिम्मेदार मानें तो गलत नहीं होगा। वहीं इस संबंध में नगर पालिका की ईओ ने बताया कि सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए कुछ समय पहले अभियान चलाया गया था। अब अगर इनकी संख्या अधिक हो चली है। और यह हादसों का कारण बन सकते हैं। तो जल्दी ही फिर से अभियान चलाया जाएगा। और ऐसे आवारा पशुओं को पकड़कर गऊशाला में छोड़ा जाएगा ताकि सड़क हादसे ना हो सके।

# रामलीला मैदान में आस्था का सैलाब, प्रवचन ने जीता जनमानस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** रामलीला मैदान में आयोजित तीन दिवसीय रामकथा के अंतिम दिन प्रसिद्ध कवि और वक्ता डा. कुमार विश्वास ने अपने ओजस्वी, भावपूर्ण और प्रभावशाली प्रवचन से हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि रामायण केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन को नैतिकता, संयम, सत्य और आदर्शों की ओर ले जाने वाला शाश्वत मार्गदर्शक ग्रंथ है।

डा. विश्वास के वक्तव्य पर रामलीला मैदान जयकारों, तालियों और जय श्री राम के नारों से लगातार गूंजता रहा। समापन सत्र के दौरान ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, नीरज सिंह सहित कई गणमान्य अतिथियों ने डा. कुमार विश्वास को विशेष सम्मान प्रदान किया।



उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। समापन पर सामूहिक भजन-कीर्तन के साथ रामकथा का शांतिपूर्ण और भावनात्मक समारोप हुआ। इस अवसर पर कुंवर बृजेश सिंह, पुंडरिक महाराज, अमित टांक, दीपक राबिया, अश्वनी अग्रवाल, सचिन पुंडीर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पंडित रविकांत को मिला श्रृंगेरी के शंकराचार्य का आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** श्रृंगेरी शारदा पीठम् के शंकराचार्य स्वामी विधुशेखर तीर्थ महास्वामी अपनी उत्तर भारत विजय यात्रा के दौरान रविवार को पंडित रविकांत शर्मा चेयरमैन विश्व ब्राह्मण संघ भारत एवं मुख्य सलाहकार सर्व ब्राह्मण महासभा, पंजीकृत राष्ट्रीय स्तर के विकास पुरी स्थित हिमगिरी अपार्टमेंट निवास पर पहुंचे। यहाँ उन्होंने पंडित रविकांत शर्मा को सपरिवार अपना शुभाशीर्वाद प्रदान किया और उन्हें ब्राह्मण समाज का गौरव बताया।

शंकराचार्य महाराज ने कहा कि पंडित रविकांत शर्मा अपने पिता पंडित मांगे राम शर्मा की तरह सदैव समाज सेवा और ब्राह्मण संस्कृति के संरक्षण में तत्पर रहते हैं। शर्मा परिवार की परंपरा सदैव शास्त्रीय मर्यादा, धार्मिकता और संस्कारों से परिपूर्ण रही है। उनके दादा भी संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे, वहीं उनके पिता ने तन-मन-धन से ब्राह्मण समाज के उत्थान में जीवन समर्पित किया। साल 1994 में भी पंडित रविकांत शर्मा को श्रृंगेरी शारदा पीठम् के तत्कालीन शंकराचार्य का आशीर्वाद प्राप्त हुआ था। उस समय यात्रा आयोजन में उनके विशेष योगदान के कारण शंकराचार्य महाराज ने विश्व ब्राह्मण संघ भारत का मुख्य संरक्षक पद स्वीकार किया था।

महाराज ने इस अवसर पर कहा कि ब्राह्मण समाज को पंडित रविकांत शर्मा जैसे संस्कारी और समर्पित व्यक्तित्व पर गर्व है और आशा जताई कि वे अपनी परंपराओं व संस्कारों से समाज सेवा में निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे। पूजन कार्यक्रम के दौरान पंडित रविकांत शर्मा, उनकी धर्मपत्नी प्रीति शर्मा, पुत्र मणि कान्त शर्मा और पुत्री स्वस्ति शर्मा ने सपरिवार चरण पादुका पूजन, दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया।

श्रृंगेरी पीठ के ब्राह्मण विद्वानों ने वेद-मंत्रों के साथ विधि-विधान से पूजन कराया तथा भारत सहित सम्पूर्ण सृष्टि में सुख-शांति की कामना की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव संजय कौशिक, उपाध्यक्ष पंडित अंबिका प्रसाद शर्मा, पंकज पाठक, पंडित स्वतंत्र शर्मा, पंडित राधेश्याम शर्मा, राजेश कौशिक, विनोद वशिष्ठ, विजेंद्र शर्मा, पुष्पा शर्मा, पंडित नाथूराम शर्मा, उमेश कौशिक, पंडित राघवेंद्र भट्ट, प्रशाद पंडित, पंडित नरेश शास्त्री सहित कुरुक्षेत्र व अन्य क्षेत्रों से आए अनेक विप्र बंधु उपस्थित रहे।

# रामपुर के युवक की संदिग्ध हालत में मौत

## कमरे में खिड़की से लटका मिला शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पांच साल से शहर में रहे रहे रामपुर के युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। उसका शव मकान में खिड़की से लटका मिला। परिजनों ने हत्या की आंशका जतायी है। जबकि पुलिस मृतक के साथ रह रही महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



रामपुर जिले के सैफनी थाना क्षेत्र के गांव चंदपुर कलां में रामपाल सिंह का परिवार रहता है। उनका 39 वर्षीय बेटा लोकेश अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में जोया रोड स्थित मोहल्ला बदावाला में विजयपाल सिंह के मकान में किराए पर रहता था। साथ में एक महिला भी रहती है। यहां रहकर लोकेश एक प्रॉपर्टी डीलर की प्लॉटिंग की खरीद-फरोख्त से जुड़ा हिसाब देखता था। रविवार दोपहर करीब चार बजे लोकेश का शव किराए के मकान में ही खिड़की के सहारे रस्सी के फंदे पर लटका हुआ मिला। लोकेश के साथ में रहने वाली महिला ने परिजनों को फोन करके घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही लोकेश के परिजन मौके पर आ गए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोटवाल सनोज प्रताप सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। फिर फोरेंसिक व फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम बुलाकर सबूत जुटाए। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि लो. केश द्वारा आत्महत्या की गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, लो. केश के साथ रहने वाली महिला से पूछताछ की जा रही है। महिला कौन है, वो कहां की रहने वाली है और लो. केश के साथ क्यूं रहती थी, इसका पता लगाया जा रहा है।

**■ मृतक के साथ रह रही महिला को पुलिस ने हिरासत में लिया**



■ अमरोहा। मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस।

# संतान न होने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

## पति, नंदोई समेत ससुरालियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। ससुराल में विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। ननदोई ने अपने क्लीनिक पर बुलाकर छेड़छाड़ की। शिकायत की तो पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म कर लिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति व ननदोई समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कस्बा जोया के एक मोहल्ले में रहने वाले एक व्यक्ति ने 24 अप्रैल 2024 को अपनी बेटी की शादी कैलसा निवासी एक युवक के साथ की थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के अगले दिन से ही ससुराल वाले उसे कम दहेज लाने के ताने देने लगे। फिर बाद में बच्चा नहीं होने पर तलाक दिलवाकर पति की दूसरी शादी करने की धमकी दी जाती थी। लगातार प्रताड़ना झेलने वाली विवाहिता ने इसका जिक्र कस्बे में क्लीनिक चलाने वाले अपने ननदोई से किया। आरोप है कि फैसला कराने के बहाने 21 सितंबर की सुबह 11 बजे ननदोई ने धोखे से अपने क्लीनिक पर बुला लिया। वहां अकेला पाकर छेड़छाड़ करते हुए किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने घर पहुंच शिकायत पति से की तो उसने तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म कर लिया। मायके में पिता के साथ रहने वाली पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ डिडौली कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने नामजद दो आरोपियों समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

# लापरवाही पर बीएलओ का मानदेय रोका

## विद्यालय बंद कर चले गए थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने का दोषी मानते हुए निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बीएलओ शिक्षामित्र का एक माह का मानदेय रोकने का आदेश जारी किया है।

बीएलओ टोडरमल की ड्यूटी बूथ संख्या 313 पर एसआईआर कार्य में लगी हुई थी। बीएलओ टोडरमल विद्यालय बंद कर बिना किसी को कोई सूचना दिये हुए चले गये थे। एसआईआर के फार्म भरवा कर बीएलओ की लागिन पर अपलोड कराये जाने के लिए सहायता नहीं की जा रही थी। जिसके कारण वर्तमान में किया गया जा रहा विशेष प्रागढ़ पुनरीक्षण एसआईआर का कार्य प्रभावित हो रहा था। सहायक निर्वाचन रजिस्ट्री करण अधिकारी ने कार्य में लापरवाही बरतने के कारण बीएलओ टोडरमल के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी को बीएलओ टोडरमल का एक माह का मानदेय बाधित करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई किये जाने की संस्तुति की है। साथ ही अग्रिम आदेशों तक बीएलओ टोडरमल का मानदेय आहरित न किये जाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही अग्रिम आदेशों तक बीएलओ शिक्षामित्र के मानदेय पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

# आम के कटे पेड़ों को छोड़ भागे माफिया

## विभाग ने लकड़ी को लिया कब्जे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। आम के हरे भरे कटे हुए पेड़ों को छोड़कर माफिया फरार हो गये। वन विभाग ने लकड़ी को अपने कब्जे में ले लिया।

शनिवार की रात मुंसिफी कोर्ट से कुछ फासले पर माफिया ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए आम के तीन हरे भरे पेड़ों को काट लिया। आहट होने पर माफिया आम के कटे हुए पेड़ों को छोड़कर मौके से फरार हो गये। इससे पहले भी माफियाओ ने दो पेड़ों को काट लिया था। अब माफियाओ ने हसनपुर क्षेत्र में नियम बना लिया है कि वह प्रतिबंधित पेड़ों को रात के अंधेरे में ही काटेंगे। माफिया रातों-रात खासकर आम के हरे-भरे पेड़ों को काट लेते हैं। सूत्रों की बात पर विश्वास किया जाये तो वन विभाग के छोटे कर्मचारी माफियाओं से मिलकर इस काम को अंजाम दे रहे हैं। पेड़ काटने के बाद वन विभाग माफियाओ से मिली भगत कर हल्का जुर्माना डालकर फाइल को बंद कर देता है। वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि आम के पांच पेड़ों को काटने की सूचना मिली है। लकड़ी को कब्जे में ले लिया है। मुकदमा लिखे जाने की तैयारी की जा रही है।

# महात्मा गांधी की प्रतिमा के सौंदर्यकरण का अनावरण

## पालिका शहर के विकास के लिए कटिबद्धः तंवर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सांसद कँवर सिंह तंवर ने कहा कि महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का यह सौंदर्यकरण केवल एक संरचना का नवीनीकरण नहीं, बल्कि नगर के विकास के प्रति नगर पालिका व जनप्रति. निधियों की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

नगर पालिका द्वारा महात्मा गांधी जी की प्रतिमा एवं प्रतिमा स्थल के सौंदर्यकरण कार्य का भव्य अनावरण आज नगर के स्टेशन रोड पर किया गया। कई वर्ष पूर्व स्थापित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा एवं आस पास का क्षेत्र काफी क्षीर्ण हो गया था। नगर सुशोभन कार्यक्रम से प्रेरित होकर प्रतिमा स्थल का व्यापक सौंदर्यकरण कराया गया। नई प्रतिमा की स्थापना, प्रतिमा के नीचे स्वचालित फव्वारा, छत्र पर आकर्षक लाइटें तथा फव्वारे में रंग बदलती रोशनी से यह स्थल दिन और रात्रि दोनों समय विशेष सौंदर्य प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मा. योगी आदित्यनाथ जी के आशीर्वाद तथा



जनपद के जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों के सहयोग से अमरोहा को आदर्श, सुंदर एवं बेहतर नगरीय सुविधाओं से सम्पन्न नगर बनाने की दिशा में सतत कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य कँवर सिंह तंवर, सत्यपाल सिंह सैनी, विधायक राजीव तरारा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उदयगिरी गोस्वामी, अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार अतुल जैन, समस्त सभासद तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# परिवार में चले लाठी डंडे, महिला ने बरसाए चप्पल

## पुलिस ने छह को भेजा जेल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। घरेलू विवाद में एक परिवार के लोग आपस में ही भिड़ गए। जमकर मारपीट चली, लाठी-डंडों के साथ एक-दूसरे पर चप्पलों से हमला किया गया। किसी ने झगड़े का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले में दो महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर चालान किया है। घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मिठनपुर की है। यहां रहने वाले एक परिवार के दो पक्ष रविवार सुबह किसी बात को लेकर आमने-सामने आ गए। जिनमें देखते ही देखते मारपीट होने लगी। बाद में लाठी-डंडे निकल आए, महिलाओं ने एक-दूसरे की चप्पलों से पिटाई कर दी। गांव के लोगों ने बमुश्किल बीच-बचाव कराया लेकिन भीड़ में शामिल किसी व्यक्ति ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके पुलिस अफसरों तक पहुंचते ही डिडौली पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने गांव पहुंचकर जांच-पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में परिवार की दो महिलाओं समेत अंकित, भोले, धर्मपाल व मोनू को गिरफ्तारी करते हुए शांतिभंग की धारा में चालान किया गया है।

# एसआईआर पूरा सहयोग करें सपाईः महबूब

## कोई भी गणना प्रपत्र जमा होने से न छूटे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि एसआईआर के अभियान में सपा कार्यकर्ता पूरा सहयोग करें। आजाद रोड स्थित अपने आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक लेते श्री अली ने कहा कि इस समय मतदाता सघन पुनरीरीक्षण अभियान सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक केन्द्र पर बीएलओ नियुक्त किये गये हैं जबकि सपा ने भी बूथों पर बीएलओ नियुक्त किये हैं जो घर घर जाकर मतदाता गणना प्रपत्र भरने के लिए जागरूक कर रहे हैं। चार दिसम्बर तक हर हाल में अपने गणना प्रपत्र जमा कर दें। कार्यकर्ता इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी व्यक्ति का गणना प्रपत्र जमा होने से न रह जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव, शाहिद प्रधान, वहाब सैफी, शशिकांत गोयल, मुख्तार नकवी, इकरार मेम्बर आदि मौजूद रहें

## भटठे की झाड़ियों में निकला अजगर



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। नगर के कुमराला चौकी क्षेत्र में स्थित एक ईंट भट्ठे के परिसर में सात फीट लंबा अजगर दिखाई देने से लोगों में खलबली मच गई। सूचना मिलने पर पहुंचे वन विभाग कर्मचारी ने लोगों की मदद से अजगर को पकड़ने की कोशिश की तो अजगर झाड़ियों में जाकर छिप गया। रविवार की दोपहर में एक ईंट भट्ठे के परिसर में उगी झाड़ियों में अजगर दिखाई देने से मजदूरो में खलबली मच गई। आसपास के लोग भी अजगर देखने के लिए एकत्र हो गए। वन विभाग के सूचना दी गई, एक कर्मचारी ने मौके पर पहुंचकर अजगर को पकड़ने की कोशिश की लेकिन अजगर झाड़ियां में जाकर छुप गया। लोगों का अनुमान है कि अजगर अपने बिल से धूप सेंकने के लिए बाहर आया होगा।

# ओवरटेक के प्रयास में तीन वाहन खंदक में पलटे

## चालक व क्लीनर बुरी तरह घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ओवरटेक करने के प्रयास में गुड़ से लदा ट्रक व स्विफ्टस कार व कैंटर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक का चालक व क्लीनर बुरी तरह से घायल हो गये।

शनिवार की रात एक ट्रक जनपद बिजनौर के चांदपुर मंडी से गुड भरकर इलाहाबाद को जा रहा था। जब वह गजरौला हसनपुर मार्ग पर दीपपुर गेट के समीप पहुंचे तो एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने आगे चल रहे है। एक कैंटर को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान तीनों वाहन अनियंत्रित होगा सड़क किनारे खंदक में जाकर



अनियंत्रित ट्रक एक पेड़ से भी टकरा गया। हादसे में ट्रक का क्लीनर लियाकत अली वह चालाक मोहम्मद उमर घायल हो गये। दुर्घटना होने के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। क्लीनर को ट्रक के केबिन से बाहर निकाला गया। घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। घायलों को हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। स्विफ्ट कार व कैंटर में बैठे लोगों के गनीमत रही की कोई गंभीर चोट नहीं आई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# पुलिस ने साइबर ठग को किया गिरफ्तार



## क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर की थी ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 55 हजार रूपये की ठगी के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। अन्य राज्यों में भी आरोपी के खिलाफ कई शिकायते दर्ज हैं।

सीओ साइबर क्राइम शक्ति सिंह ने बताया कि गुजरात की सूरत सिटी के अदाजन थाना क्षेत्र निवासी गौरांग से 21 अक्तूबर 2025 को साइबर अपराधियों ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 55,707 रुपये की ठगी की थी। ठगी से संबंधित संदिग्ध मोबाइल नंबर को प्रतिबिंब पोर्टल पर अपलोड किया गया था। जिसमें एक नंबर अमरोहा का भी था। इसी नंबर को ट्रेस करते हुए साइबर थाना पुलिस ने नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव रज्जाकपुर के रहने वाले समीर खान उर्फ सैम को हिरासत में लेकर जब उससे सख्ती से पूछताछ की तो क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर लोगों के साथ ठगी करने का चौंकाने वाला खुलासा हुआ। सीओ के मुता. बिक अभियुक्त समीर बेहद शातिर है। वह टेलीग्राम ऐप की डाटा टीम के संपर्क में रहता है। वह टीम से क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग करने वाले लोगों का डाटा खरीद लेता था। जिसमें उसे ये भी बताया जाता था कि किस कार्ड से हाल-फिलहाल में विभिन्न शॉपिंग साइट्स से खरीदारी की गई है। इसके बाद वह ऐसे लोगों का मोबाइल नंबर लेकर उन्हें कॉल करता था। उन्हें बताता था कि शॉपिंग करने पर आपको क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का ऑफर दिया जा रहा है। झांसे में फंसने वाले लोगों को व्हाट्सऐप पर लिंक भेजकर वह उनके फोन का एक्सस अपने पास ले लेता था। इसके बाद उनके कार्ड से गिफ्ट वाउचर खरीद लेता था। बाद में उन वाउचर को विभिन्न स्टोर पर रिडीम कर कैश करा लेता था। चालान कर जेल भेजे गए आरोपी समीर से बरामद मोबाइल फोन व सिम कार्ड के विरुद्ध विभिन्न राज्यों में शिकायतें दर्ज मिली हैं। उनकी भी विस्तृत जांच कराई जा रही है।



■ नौगांवा सादात। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते विधायक समरपाल सिंह।

# दौड़ में हुसैन अब्बास ने सबको पछाड़ा

## विजेताओं को विधायक ने किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सीनियर बालक वर्ग 1500, 400 व 200 मीटर दौड़ में हुसैन अब्बास ने बाजी मारी। जबकि कबड्डी में जीरखी तथा चक्का फेंक में दिवेश सिद्धू प्रथम स्थान पर रहे।

किसान इंटर कालेज बादशाहपुर में नौगांव सादात में विधायक खेल स्पर्धा का समापन किया गया।

सब जूनियर बालक वर्ग लॉन्ग जंप में आदि प्रथम सीनियर 200 व 100 मीटर बालिका वर्ग में विजयलक्ष्मी, सीनियर बालक वर्ग लॉन्ग जंप में इकरार, सब जूनियर बालिका वर्ग गोला फेक में पारुल, सीनियर बालक वर्ग गोला फेंक में सोनू, जूनियर बालक वर्ग गोला फेंक में ध्रुव चाहल सब जूनियर बालक वर्ग चक्का फेंक में दिवेश सिद्धू, जूनियर बालक वर्ग लॉन्ग जंप में कन्हैया, जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी में जगुआ खुर्द, जूनियर बालक वर्ग कबड्डी में कैस्केड सीनियर 1500, 200 व चार सौ मीटर दौड़ में हुसैन अब्बास, कबड्डी जुनियर बालक वर्ग में जिरखी की टीम प्रथम स्थान पर रही। विधायक समरपाल सिंह द्वारा खेलों को जीवन का हिस्सा बनने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया उनके द्वारा बताया गया खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है खेलों के द्वारा हम अनुशासन, हार जीत को स्वीकारने की क्षमता शारीरिक विकास मानसिक विकास इत्यादि महत्वपूर्ण तरीके से कर सकते हैं। इस मौके पर प्रतीक चौधरी, संतराम यादव, निर्मोज यादव, ऋषि कुमार, अश्विनी कुमार, गौरव कुमार, अंकुर प्रकाश, प्रदीप कुमार, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री की उपस्थिति में आंबेडकर पार्क में आयोजित हुआ एकता यात्रा कार्यक्रम

- सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य
- सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ की बैठक, जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को आच्छादित करने हेतु प्रभावी कदम उठाने के लिए अधिकारियों को निर्देश
- उप मुख्यमंत्री ने कहा, जिले में प्रत्येक माह दो ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से आयोजित हों ग्राम चौपालें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में रामपुर शहर स्थित आंबेडकर पार्क में एकता यात्रा कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्र निर्माण के अमूल्य योगदान को नमन किया।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एकता यात्रा कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देश की एकता एवं अखंडता के लिए सदैव प्रेरक रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने एकता यात्रा के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सरदार पटेल ने 565 रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में पिरोया। उन्होंने कहा कि 31अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा निर्णय लिया गया।

उन्होंने वंदेमातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने का जिक्र करते हुए कहा कि इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन में देश को एकजुट कर आजादी की अलख जगाने का कार्य किया। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान देने वाले अमर बलिदानियों को नमन किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात में विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कर सरदार पटेल की स्मृतियों को चिरस्थायी स्वरूप दिया गया है।

उन्होंने कहा कि देश को वर्ष 2045 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा इसी दिशा में निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नया संसद भवन निर्मित कर भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर सदैव महिला सशक्तिकरण के अग्रदूत रहे हैं। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को मजबूत एवं सम्मानजनक स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि जनधन योजना के माध्यम से देश के गरीबों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है। आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि सीधे किसानों के जनधन खातों में हस्तांतरित की जा रही है, जिससे लाभार्थियों को पारदर्शी और समयबद्ध लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत आज अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सक्षम एवं सजग है।

देश दुश्मन की गोली का जवाब गोली से तथा बम का जवाब बम से देने की शक्ति रखता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसमें पात्र नागरिक अपने नाम जोड़ने, संशोधन कराने एवं आवश्यक सुधार हेतु आवेदन कर सकते हैं। समापन में उन्होंने कहा कि "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की संकल्पना को सदैव सशक्त बनाए रखना ही सरदार वल्लभभाई पटेल जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने रामपुर शहर स्थित संत शिरोमणि रविदास सर्किट हाउस के सभागार में जनपद के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान उन्होंने जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र और मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं।

उन्होंने जनपद में ग्राम चौपाल के आयोजन के बारे में समीक्षा के दौरान कहा कि इस संबंध में रोस्टर तैयार होना चाहिए तथा प्रत्येक माह दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाए ताकि ग्राम चौपाल के दौरान स्थानीय लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को चिन्हित करके उनका गुणवत्तापूर्ण समाधान हो सके साथ ही योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का भी चयन किया जा सके। शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उन्होंने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए प्रभावी कदम उठाने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराया जाए साथ ही शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी होनी चाहिए।

इस अवसर पर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया, शहर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक विधायक राजबाला सिंह, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, कुंवर महाराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, उपाध्यक्ष, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सूर्य प्रकाश पाल, सदस्य राज्य महिला आयोग सुनीता सैनी, चेयरमैन डीसीबी रामपुर मोहन लाल सैनी, जिला प्रभारी राजा वर्मा, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली से बाइक की टक्कर, महिला की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** अवैध खनन की ट्रैक्टर ट्राली से बाइक में टक्कर लगने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई भाई बाइक सवार महिला का पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कृपिया पांडे निवासी अनिल पुत्र राम प्रकाश ( 38 वर्ष) वह अपनी माता को आज मिलक से अपने गांव को बाइक से ले जा रहा था। गोलकुंडा जटपुरा संपर्क मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली तेज गति से आ रही थी जिसने बाइक में टक्कर मार दी अनिल की माता वैदेई की मौके पर मौत हो गई और अनिल के पैर फैक्चर हो गए। ट्रैक्टर ट्रॉली टक्कर मार कर रफू चक्कर हो गया स्थानीय लोगों की मदद से ट्रैक्टर ट्राली को लोगों ने पहचान लिया।

सूचना पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर कोतवाली ले आई घटनास्थल पर रोते बिलखते परिजन पहुंचे और रोने चिल्लाने लगे परिजन ट्रैक्टर ट्राली सहित चालक के खिलाफ आक्रोश में आ गए शव को उठाने से इनकार करने लगे कार्रवाई की मांग की पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर शव पीएम के लिए भेज दिया और घायल अनिल को रामपुर अस्पताल को ले गए। इस संबंध में मृतका वैदेई के पति रामप्रकाश ने कोतवाली में तहरीर दी जिसमें ट्रैक्टर ट्रॉली सहित चालक के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## हिंदू रीति रिवाज से किया गाय का अंतिम संस्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर के छितौनी गांव में रविवार को एक मृत गाय का हिन्दू विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया। गांव के स्वयंसेवकों ने मिलकर यह संस्कार संपन्न कराया।ग्राम प्रधान शिव ओतार ने बताया कि शनिवार को गाय की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए तत्काल डॉक्टर को बुलाया गया और दवा भी दी गई। हालांकि, तमाम प्रयासों के बावजूद दवा का कोई असर नहीं हुआ और रविवार को गाय की मृत्यु हो गई। गाय की मृत्यु की खबर मिलते ही गांव में शोक छा गया। इसके बाद, गांव के स्वयंसेवकों ने मिलकर निर्णय लिया कि गाय का अंतिम संस्कार शास्त्रों के अनुसार पूरे सम्मान के साथ किया जाएगा। रविवार को, सभी स्वयंसेवकों और ग्राम प्रधान ने मिलकर धार्मिक निष्ठा के साथ अंतिम संस्कार संपन्न कराया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों और ग्राम प्रधान शिव ओतार सहित कई अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## दलित लडकी की बरामदगी को लेकर भावाधस ने स्वार कोतवाली पर किया धरना-प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** रविवार ग्राम हसनपुर उत्तरी निवासी राकेश वाल्मीकि की नवालिग लडकी को दिनांक 20 नवम्बर को इसी ग्राम निवासी रोहित मौर्य बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है जिस का मुकदमा स्वार कोतवाली मे दर्ज है। लेकिन तीन बाद भी पुलिस दलित लडकी को बरामद नही कर पाई है जिसको लेकर वाल्मीकि समाज के लोगो ने भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंन्त्री दीप सिंह राही के नेतृत्व मे कोतवाली पर धरना-प्रदर्शन कर जल्द लडकी बरामदगी की मांग की धरना-प्रदर्शन करने वालों में सतपाल वाल्मीकि, राकेश वाल्मीकि, मनोज, सचिन, अनुज रवि, संजय, गोलू,कृष्ण वती, रीता, सुनीता, ममता, ज्योति, भूरी, रजनी आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के लोधी बाला रायपुर गांव में शनिवार को एक पति ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने सात घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी पति रामवीर को गिरफ्तार कर लिया।

मृतक शीला के पिता भरतपाल सिंह, निवासी ग्राम भजनपुरी, थाना मूण्डा पाण्डे, जनपद मुरादाबाद ने इस संबंध में तहरीर दी। तहरीर के अनुसार, उनके दामाद रामवीर पुत्र राम बहादुर, निवासी ग्राम रायपुर का मझरा, थाना सैफनी, जनपद रामपुर ने घरेलू विवाद के चलते उनकी बेटी शीला को तमंचे से गोली मार दी थी।

गोली लगने से शीला की मौके पर ही मौत हो गई थी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियुक्त रामवीर के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 214/2025 धारा 103(1) वीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

पुलिस ने रामवीर को रायपुर मझरा से गिरफ्तार किया और उसके पास से हत्या में प्रयुक्त एक. 315 बोर का अवैध तमंचा तथा चार जिंदा कारतूस बरामद किए।

गिरफ्तारी के बाद रामवीर को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## आमने-सामने से बाइकों हुई भिड़ंत चार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मिलक भूबरी सीतारामपुर संपर्क मार्ग पर दो वाइको की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई जिसमें चार लोग घायल हो गए घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

शनिवार की देर रात अर्जुन कुमार पुत्र पप्पू निवासी मिल्क भूबरी बाइक से मसवासी अपने गांव लौट रहा था कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी अर्जुन कुमार अपने एक रिश्तेदार के साथ बाइक पर सवार था वह भी गंभीर रूप से घायल होगया दूसरे बाइक सवार दो युवक स्वार के बताए जा रहे हैं वह भी घायल हुए हैं।

दुर्घटना होते ही तमाम राहगीर मौके पर इकट्ठा हो गए और घायलों को एक बाहन में डालकर स्वार अस्पताल पहुंचाया गया है।

जहां उनकी हालत को नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## घर का ताला तोड़ कर सोने चांदी के आभूषण सहित लाखों की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के गंगापुर जदीद मे बीती रात में बंद पड़े घर से मेन गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के आभूषण तथा बर्तन सहित लाखों रुपए का सामान किया साफ। प्रातः सुबह को गांव के लोग जब घूमने के लिए निकले तो बंद घर का दरवाजा खुला था और सामान इधर-उधर फैला हुआ था। इसकी जानकारी गृह स्वामी राजपाल पुत्र बाबूराम को दी जो की काफी समय से पूरा परिवार रुद्रपुर में रहकर मेहनत मजदूरी का कार्य करते हैं। गृह स्वामी राजपाल घर पहुंचे और सूचना पर पुलिस भी पहुंची प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एस आई आर देश और प्रदेश की सबसे बड़ी जरूरत है : केशव प्रसाद




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी, कार्यालय रामपुर पर उत्तर प्रदेश सरकार के यशस्वी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी और अन्य पदाधिकारियों को संबोधित किया।।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एसआईआर पर विपक्ष के विरोधों पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि मतदाता शुद्धिकरण कार्य में विपक्ष भाग नहीं ले रहा है, बाद में आरोप लगाएगा। बिहार के मतदाताओं ने विपक्ष के आरोपों को नकार दिया है। राहुल गांधी के तालाब में कूदने पर भी बोले, ष्तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव को लेकर कूद जाओ।ष लेकिन मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्य में सभी को शामिल होना चाहिए।

साथ ही साथ उन्होंने कहा, तीसरी बार उत्तर प्रदेश में भी प्रचंड जीत हासिल करेंगे। 2027 में 2017 का रिजल्ट दो. हराएंगे। जनता की कृपा पार्टी और नेतृत्व पर बनी हुई है। अपने को विरोधी मानने वाले समझते हैं कि मेहनत भाजपा का कार्यकर्ता करे और फल उन्हें मिले। अब ऐसा नहीं होगा। जो जनता के बीच काम नहीं करेगा, उनकी जीत नहीं होगी।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, विपक्ष ने हमेशा वोट चोरी का काम किया है और जनता के हितों का हमेशा भक्षण किया है, भारतीय जनता पार्टी विपक्ष की किसी भी कूटनीति को सफल नहीं होने देगी, हमने हिमेश जनता के हितों की रक्षा की है और हमेशा जनता के लिए ही काम किया है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य लोकतंत्र का पवित्र महायज्ञ है। राहुल गांधी ने बिहार में वोट चोरी का मुद्दा उठाया था। उनकी पार्टी कहां चली गई? 6 सीटों में सिमट कर रह गई है। तालाब में भी कूद गए थे। तब उन्होंने कहा था कि नदी में कूदो, चाहे कुएं में कूदो, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव को लेकर कूद जाओ। मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य महायज्ञ है। इसमें सभी पार्टियों के नेताओं को शामिल होना चाहिए।

मृतक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं। एक मतदाता का एक से अधिक स्थान पर नाम नहीं होना चाहिए। घुसपैठियों जिन्होंने जुगाड़ से मतदाता सूची में नाम दर्ज कर लिया है, उनका नाम भी हटाया जाना जरूरी है। 18 साल की उम्र पूरी कर रहे युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य हो रहा है। शुद्धिकरण का कार्य होने पर कांग्रेस, सपा, राजग कहते हैं कि हम हिस्सा नहीं लेंगे और कार्य होने के बाद आरोप लगाएंगे। अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कार्यकर्ताओं से बढ़कर और कोई चीज नहीं आप सब लोग ही भारतीय जनता पार्टी को मजबूती देने वाले लोग हैं और आपका संबंध मेरे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए मैं हमेशा कहता हूं कार्यकर्ताओं के सम्मान में केशव मैदान में।

बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, जिला अध्यक्ष हरीश गंग. वार, जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा, मंत्री बलदेव सिंह औलख, विधायक आकाश सक्सेना, राजबाला, जयपाल सिंह व्यस्त, कुंवर महाराज ठाकुर, हरि सिंह ढिल्लों, घनश्याम सिंह लोधी, ख्याली राम लोधी, सूर्य प्रकाश पल, सुनीता सैनी, हंस राज पप्पू, अभय गुप्ता, मोहन लाल सैनी, सुभाष भटनागर, राकेश मिश्रा, काशीराम दिवाकर, ज्वाला प्रसाद गंगवार, बिना भारद्वाज, युसूफ अली, अर्जुन रस्तोगी, अर्चना गंगवार, कुलवंत औलख, जगपाल सिंह यादव, मोहन कुमार लोधी, अशोक बिश्नोई, दीक्षा गंगवार, चित्रक मित्तल, दिनेश गोयल, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, मोहित सैनी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 350 वें शताब्दी शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में सिंघ सेवक जत्थे द्वारा कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज एवं भाई मति दास जी, भाई सती दास जी एवं भाई दयाला जी के 350 वें शताब्दी शहीदी दिवस के उपलक्ष में गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा जी सिविल लाइंस रामपुर में सिंघ सेवक जत्थे द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 22 नवंबर को शाम 5.00 बजे से 6.00 बजे तक नाम सिमरन जत्था की महिलाओं द्वारा कीर्तन दरबार सजाया गया। रात्रि कार्यक्रम में 8.30 बजे से 9.15 बजे तक सहज पाठ साहिब संगति रूप में हुए जिसकी समाप्ति 25 नवंबर को सुबह 8.30 बजे होगी। दिनांक 23. 11.2025 को नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होगा जो श्री गुरु गो. विंद सिंह जी पार्क से मंदिर वाली गली होता हुआ रेलवे स्टेशन रोड से थाना सिविल लाइन से पुराना बस अड्डा गन्ना समिति से राधा रोड होता हुआ गुरुद्वारा साहिब पर लगभग दोपहर 12:30 बजे समाप्त होगा। दिनांक 25.11.2025 को विशेष समागम होगा। आज के कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं सिंह सेवक जत्थे के प्रधान दर्शन सिंह खुराना, गुरचरण सिंह, भूपेंद्र सिंह, सिंघ सेवक जत्थे से सेक्रेटरी त्रिलोचन सिंह वाधवा, मीत प्रधान सुरेंद्र सिंह चावला, खजांची हरपाल सिंह एवं मीत सेक्रेटरी महेंद्र सिंह होरा, पपिंदर सिंह,हरजीत सिंह, राज सिंह, गुरजीत सिंह माटा,जसमीत सिंह, अमर जीत सिंह, संतोख सिंह खालसा, हरीश अरोड़ा, धनवंत सिंह , कंवलजीत सिंह कथूरिया,अमरजीत कौर, रवींद्र कौर, गुरमीत कौर आदि मौजूद रहे।

## मंदबुद्धि युवती के साथ अवैध संबंध बनाकर किया गर्भवती पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

- एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ था मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के एक गांव में मंदबुद्धि युवती के साथ प्रेम प्रसंग कर गर्भवती करने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

इस मामले में तमाम ग्रामीणों ने आरोपी बनाए गए युवक के समर्थन में पुलिस चौकी पहुंचकर बेकसूर बताया। चौकी क्षेत्र के गांव में एक मंदबुद्धि युवती को प्रेम प्रसंग के जाल में फंसा कर पांच माह की गर्भवती बना दिया गया गर्भवती बनने पर उसके परिजनों के होश उड़ गए।

गर्भवती बनाने के मामले में उसके परिजनों ने छानबीन शुरू कर दी गांव के ही एक युवक पर शक ठहर गया। और इस मामले को लेकर गांव में पंचायत बुलाकर नितिन नामक युवक के साथ बीते 11 नवंबर को मंदिर में शादी कर दी गई है। अब उसके पति ने सच सामने लाने के लिए अपनी मंदब. ुद्धि पत्नी पर दबाव बनाया तो उसने सच उगल दिया।

उसने भूबरा के अभिषेक नामक युवक से संबंध बनाने की बात स्वीकार की। इसके बाद युवती की ओर से इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई।

एसपी के आदेश पर पुलिस ने अभिषेक नमक युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया। और उसे रविवार को हिरासत में ले लिया।

जबकि पुलिस ने गांव के एक अन्य युवक को भी हिरासत मे ले लिया है। पुलिस का कहना है कि मंदबुद्धि युवती ने संबंध बनाने के मामले में हाथ पकड़कर शिनाख्त की है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री सत्य साई बाबा का 100 वां जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को श्री सत्य साई सेवा समिति रामपुर के तत्वाधान में श्री सत्य साई बाबा का 100 वां जन्मोत्सव कार्यक्रम बहुत उत्साह एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। जन्मदिन की पूर्व संध्या पर समिति की ओर से बाल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कला प्रतियोगिता अर्पित सिंह प्रथम, देविका राजपूत द्वितीय नील तृतीय एवं रंगोली प्रतियोगिता यशिका प्रथम मानसी द्वितीय पलक तृतीय स्थान पर एवं,भजन प्रतियोगिता में नैना अग्रवाल प्रथम सक्षम द्वितीय अभज गुप्ता तृतीया स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त इन्टर मीडिएट में उत्तीर्ण छात्र साई सार्थक प्रथम, तनुश्री पटवा द्वितीय, करीना अरोड़ा तृतीया स्थान पर रहे हाईस्कूल में कशिश गुप्ता प्रथम, हर्ष कश्यप स्थान पर रहे। समिति की ओर से समस्त बाल विकास बच्चों को षसिंबल ऑफ लव षवितरित किये गये। जन्मोत्सव कार्यक्रम में बोलते हुए समिति जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार नंदा ने कहा कि हमें हर परिस्थिति में अपनी आस्था एवं धैर्य को नहीं खोना चाहिए।

बल्कि हर परिस्थिति का दृढ़ता पूर्वक सामना करना चाहिए नंदा ने कहा कि भगवान साई ने अपना संपूर्ण जीवन मानवता के लिए लगा दिया। आज संपूर्ण विश्व में अशांति का माहौल कायम है, हमारा जीवन पानी के एक बुलबुले के समान है इसलिए हमें मानवता को सर्वोपरि मानते हुए प्रेम पूर्वक समाज के निर्बल व कमजा. ेर, विकलांग, विधवा आदि लोगों की सेवा करना चाहिए और हमेशा दूसरों की भलाई के कार्य करना चाहिए।तभी हमारा मानव जीवन का उद्देश्य सफल हो सकेगा।

वरिष्ठ साइ भक्त डॉ. अनुज कुमार भटनागर ने उक्त कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि हमें बाबा के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए और हमें सबसे प्रेम और सबकी सेवा के मूल मंत्र को मानते हुए अपने जीवन को जीना चाहिए उन्होंने कहा मानव की सेवा ही माधव की सेवा है यह जानकर हमें परसेवा करना चाहिए। साई समिति संयोजक महेंद्र सिंह यादव ने जन्मोत्सव कार्यक्रम में समस्त लोगों का अभिनंदन किया और अभार व्यक्त किया।

उक्त वक्ताओं के अतिरिक्त हर सरन सक्सेना, सुमित अरोरा ,राजेंद्र कुमार सक्सेना, दिनेश कुमार, एसके मल्होत्रा, मुकेश कश्यप, साई समर्थ,नवीन अग्रवाल,चेतन माथुर, मुकेश कश्यप विजय कुमार, साई सार्थक, मीनू गुप्ता, दीपा नंदा, बाल विकास समनयक ज्योति देववंशी, श्वेता अरोरा, अंजली माथुर, शोभा सिंह, सीमा अरोरा, मिथिलेश शर्मा आदि ने अपने विचार रखें। उक्त अतिरिक्त अनू गुप्ता, श्वेता वर्मा, सीता, प्रीति, विपुल आनंद आदि साईं भक्तों ने भाग लेकर उक्त कार्यक्रम सफल बनाया।

## भाकियू इंडिया ने अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं को दुरुस्त कराने की मांग को लेकर सीएमएस से की वार्ता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया का डेलिगेशन जिला अध्यक्ष बाबू अली के साथ रामपुर जिला चिकित्सालय के सीएमएस ब्रजेश चंद्र से मिला जिसमें मुख्य बिंदु पर वार्ता हुई

केंद्रित अग्निशामक पाइप लाइन पूरे चिकित्सालय में हो, मरीजों के लिए और बेड्स कि व्यवस्था हो, आयुष्मान कार्ड के लिए एक अलग ऑफिस कि व्यवस्था की जाये, डिजिटल एक्स-रे प्रिंटिंग हो, साफ सुथरे शौच कि व्यवस्था की जाये,सोलर पैनल्स और अनेकों बिंदु पर बात रही।

भारतीय किसान यूनियन इंडिया को सीएमएस साहब ने इन सभी सेवाएं को सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। भारतीय किसान यूनियन इंडिया इसी तरह सदैव लोगों के लिए समाज हित में काम करने को तैयार रहता है। हमारा संगठन हर कमजोर की आवाज है जो जुल्म के खिलाफ हमेशा संघर्ष करता रहता है जिसकी गूंज भू माफियों के खिलाफ मेरठ में 15 दिन से चल रहे धरनें में सुनी जा सकती है।

# कर-करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में डीएम ने वसूली लक्ष्य में पीछे चल रहे विभागों को शीघ्र प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को उपभोक्ताओं से समय पर बिल जमा कराने के लिए शिविर लगाने और उनका व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा। समीक्षा के दौरान सेमीखेड़ा चीनी मिल के सुचारु रूप से न चलने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी को मिल का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

डीएम ने समस्त उपजिलाधिकारियों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आय तथा जाति प्रमाण पत्र शत-प्रतिशत जांच-पड़ताल के बाद ही जारी किए जाएं। इसके अतिरिक्त, जिन तहसीलों में धारा 34 के अंतर्गत मामले लंबित हैं, उनका निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री स्तर से इसकी लगातार निगरानी की जाती है, जिससे जनपद की रैंकिंग भी प्रभावित होती है। बैठक में एसआईआर (स्पेशल इनरोलमेंट रिवीजन) कार्य की प्रगति पर भी चर्चा हुई। डीएम ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को अपनी पूरी टीम के साथ उत्कृष्ट कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अच्छा प्रदर्शन करने वाले बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को तहसील में बुलाकर सम्मानित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सिंह, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, डिप्टी आरएमओ कमलेश कुमार पांडे सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# आरिफ की अवैध संपत्ति पर दूसरे दिन भी गरजा बुलडोजर

■ आरिफ का आलीशान शोरूम पूरी तरह हुआ जमींदोज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण(बीडीए) की बुलडोजर कार्रवाई रविवार को भी जारी रही। दूसरे दिन भी पीलीभीत बायपास रोड स्थित आरिफ के करोड़ों के आलीशान शोरूम पर बुलडोजर जमकर गरजा, देर शाम तक भी इस शोरूम को पूरी तरह से जमींदोज करने के लिए बीडीए की प्रवर्तन टीम कड़ी मशक्कत करती रही। शोरूम जमींदोज होते ही चारों तरफ धूल का गुबाल फैल गया।

दरअसल, रविवार को दोपहर करीब 12 बजे प्रशासन, पुलिस और बीडीए की संयुक्त टीम आरिफ के तीन मंजिला शोरूम पर पहुंची, बीते शनिवार को यहां शोरूम के आगे का हिस्सा ही ध्वस्त हो पाया था, शेष भाग पर बीडीए ने कार्रवाई आरंभ कर दी। जैसे ही बुलडोजर ने ध्वस्तीकरण आरंभ किया, रोड पर लोग वाहन रोक कर कार्रवाई को देखने को लगे। ऐसे में जाम लगने पर पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए फौरन लोगों को रोका। लेकिन बार-बार इस मार्ग पर जाम से लोग जूझे। सुबह करीब 12 बजे आरंभ हुई कार्रवाई देर शाम पांच बजे तक भी जारी रही। सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव भी लगातार कार्रवाई की निगरानी करते रहे।

पीलीभीत बायपास रोड पर ये अवैध शोरूम स्थापित है। इससे पहले ही पुलिस ने रास्ते को बंद कर दिया था। कई बार लोगों ने इस रोड से वाहन लेकर गुजरने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें वापस कर दिया।

इतना ही नहीं इस शोरूम के ठीक बराबर में गार्डन सिटी कॉलोनी का मुख्य द्वार को भी पुलिस ने बंद कर दिया, किसी को भी आवागमन नहीं करने दिया गया।



## एक नजर

# नवाबगंज में हाईवे पर खड़ा ट्रक चोरी, चार माह बाद रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** थाना भोजीपुरा के गांव मुरारपुर खानपुर के रहने वाले ट्रक मालिक काशिब खान चार माह पूर्व 28 जुलाई को धौरा टांडा से पीलीभीत की ओर माल की तलाश में जा रहा था, रास्ते में गांव धौरेरा थाना नवाबगंज के पास उसका ट्रक अचानक खराब हो गया।

काशिब ने ट्रक के शीशे ऊपर चढ़ा दिए और मिस्त्री बुलाने के लिए नवाबगंज कस्बे चला गया। काफी देर बाद जब वह वापस लौटा तो ट्रक गायब देख उसके होश उड़ गए। सड़क किनारे खड़ा ट्रक वहां मौजूद नहीं था। आसपास काफी तलाश की गई लेकिन ट्रक का कोई सुराग नहीं मिला। काशिब ने तत्काल डायल 112 पर कॉल करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। मजबूर होकर उसने अपने परिजनों को सूचना दी और फिर थाने पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिन दहाड़े हुए इस ट्रक चोरी की घटना ने एक बार फिर थाना नवाबगंज क्षेत्र की पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाईवे के पास से इस तरह वाहन का चोरी होना पुलिस गश्त और निगरानी सिस्टम पर भी सवाल खड़ा करता है।

# कस्बे में आयोजित प्रतियोगिता में हिमांशु ने पाया पहला स्थान



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** नवाबगंज युवा टैलेंट समिति द्वारा आयोजित डांस, सिंगिग प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में आए युवाओं ने अपने-अपने टैलेंट का प्रदर्शन किया। इसमें कई युवा समिति के निर्णय से नाखुश नजर आए।

कस्बे के एक निजी बारात घर में आयोजित किए गए इस टैलेंट प्रतियोगिता में जहां हिमांशु ने पहला, अमर सोनी ने दूसरा तो सानिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही शिव धन शर्मा, आयुषी, रिजवान, राजा, गोपाल यादव, नेहा, मानसी, शिवम सहित एक दर्जन से अधिक प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में विजय प्राप्त करने वाले युवाओं को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महासचिव डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने मेडल और प्रमाण पत्र और नकद इमाम देकर पुरस्कृत किया। युवा टैलेंट समिति के अध्यक्ष अली शेर, कोच आविद खान, मो0 ताजीम, नरेंद्र गंग. वार, अमित कुमार, नीतीश कुमार आदि ने प्रतियोगिता में भाग लेगे वाले युवाओं का आभार व्यक्त किया।

# न्यायालय के आदेश पर हामिद राजा को किया गया जिला बदर



शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** गुंडा एक्ट में निरुद्ध चल रहे हामिद राजा पुत्र जलीस अहमद पर न्यायालय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की बाद संख्या2158/2024 अंतर्गत धारा(3) उत्तरप्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 1970की तामीला हेतु उपनिरीक्षक अमर सिंह व हेड कांस्टेबल त्रिवेंद्र सिंह द्वारा अभियुक्त के मकान पर जाकर तलाश किया तथा अभिरक्षा में लेकर रामपुर जनपद की सीमा ग्राम मंसूरपुर ले जाकर न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराया गया

प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि अभियुक्त हामिद राजा पुत्र जलीस अहमद निवासी बिलासपुर बस अड्डा थाना शीशगढ़ का मूल निवासी है तथा आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है इसके द्वारा आय गुंडई के वल पर लोगों के साथ मारपीट,बलवा, दंगा व जान से मारने की धमकी देना जैसे अपराध कर जनता में भय पैदा करता है इसकी आम शोहरत भी ठीक नहीं है।

# भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने रखी थी चुन्ना मियां मन्दिर की आधार शिला

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** बरेली में स्थित फजलुर्रहमान उर्फ चुन्ना मियाँ का मन्दिर बरेली के सद्भावना की मिशाल है। फजलुर्र रहमान उर्फ चुन्ना मियां एक ऐसे व्यक्ति जिन्होंने बरेली में हिन्दू मुस्लिम एकता की बुनियाद को और मजबूत करने का काम किया। बरेली जहाँ भारत के हर कोने से प्यार और सांप्रदायिक सौहार्द की खुशबू महकती है। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के कटरा मानराय में बना चुन्ना मियां का मंदिर भी एक ऐसी जगह है, जहाँ अमन और सौहार्द के फूल महकते हैं। श्री लक्ष्मी नारायणजी जी का यह मंदिर

उनके भक्त बरेली के सेठ फजरुल रहमान उर्फ चुन्ना मियां ने बनवाया था। स्वयं श्रमदान (मजदूरी) भी किया था, उनका श्रमदान करते हुये छायाचित्र भी मन्दिर में लगा है। मन्दिर निर्माण में चुन्ना मियां का परिवार निभा रहा है आज भी परम्परा चुन्ना मियां तो अब इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन उनका परिवार आज भी इस मंदिर से जुड़ा हुआ है। उनके पोते आज भी यहां आते हैं और साथ ही मंदिर के कार्यों में हिस्सा भी लेते हैं। बरेली में इस मंदिर को हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक माना जाता है। देश से ही नहीं बल्कि विद. ेशों से भी लोग इस मंदिर को देखने के लिए आते हैं। मंदिर के लिए दिया सबसे ज्यादा दान इस मंदिर के योगदान में कई दानदाताओं की भूमिका रही है, लेकिन फजरुल रहमान उर्फ चुन्ना मियां जैसा योगदान किसी का नहीं रहा। बताया जाता है कि चुन्ना मियां ने तमाम विरोधों को झेलने के बाद भी मंदिर बनाने के लिए दान दिया।

साथ ही श्रमदान करके भी मिशाल पेश की। शहर के बुजुर्गों द्वारा बताया जाता है उस समय में चुन्ना मियां शहर के सबसे रहीस सेठ हुआ करते थे। अशोक की लाट से मंदिर सजा हुआ है। दरअसल, गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक और इंसानियत को अपना

धर्म मानने वाले चुन्ना मियां का यह मंदिर धर्म और मजहब को बांटने वालों के लिए एक नजीर से कम नहीं। इस मंदिर के प्रवेश पर अशोक की लाट लगी हुई है। जो आमतौर पर देश के किसी भी मंदिर में दिखाई नहीं देती। इस मंदिर के निर्माण की कई खासियतों में एक खासियत यह भी है कि इस मंदिर की आधारशिला देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने रखी थी।



# मतदाताओं की सुविधा के लिए टेलीफोन हेल्पलाइन नंबर जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान चल रहा है। इस अभियान के तहत प्रदेश के प्रत्येक मतदाता को स्वयं से संबंधित गणना प्रपत्र भरकर 4 दिसंबर तक अपने मतदेय स्थल के बीएलओ को उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

मतदाताओं की सुविधा के लिए एक टेलीफोन हेल्पलाइन भी उपलब्ध है। किसी भी जनपद के एसटीडी कोड के साथ 1950 डायल करने पर कॉल सीधे उस जनपद के संपर्क केंद्र पर जाती है। यहां बैठे कर्मचारी मतदाताओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हैं और उनकी शिकायतें दर्ज करते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और नगर आयुक्तों को नगरीय इलाकों में अधिक से अधिक हेल्प डेस्क संचालित करने के निर्देश दिए हैं। कॉन्टैक्ट सेंटर और हेल्प डेस्क पर एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया से पूर्णतः प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अब तक 3 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्रों का संग्रह और डिजिटाइजेशन का कार्य बीएलओ द्वारा किया जा चुका है। उन्होंने समस्त मतदाताओं से एसआईआर प्रक्रिया में पूर्ण उत्साह के साथ भाग लेने और अपने बीएलओ का सहयोग करने की अपील की। नगरीय क्षेत्रों में अक्सर बीएलओ स्थानीय कर्मचारी नहीं होते, जिससे उनका काम ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कठिन हो जाता है। ऐसी स्थिति में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को भी अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ सहयोग करना चाहिए और एसआईआर प्रक्रिया में सक्रियता से भाग लेना चाहिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके जनपद के समस्त गांवों के मजरों और नगरीय क्षेत्रों के मोहल्लों, कॉलोनियों तथा बस्तियों में रहने वाले प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र अवश्य उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों को विभिन्न स्रोतों से फीडबैक लेने का भी निर्देश दिया ताकि कोई भी भौगोलिक क्षेत्र बीएलओ के भ्रमण से छूट न जाए।

# बैंड में नाबालिग बच्चों से कराया जा रहा है काम

**शादी समारोह में बैंड का भारी भरकम सामान उठाते नजर आए नाबालिग**



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** शादी समारोह में नाबालिग बच्चों से धड़ल्ले से काम कराया जा रहा है। तहसील के ग्राम गुरसौली में बैंड बाजा संचालक द्वारा नाबालिग बच्चों से काम करवाने का मामला सामने आया है। बैंड के साथ 10-12 साल के नाबालिग बच्चे भारी भरकम सामान उठाकर चल रहे थे।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे शादी समारोह के एक वीडियों में पंजाब बैन्ड नाम का बैंड चलता हुआ दिखाई दे रहा है।

बैंड के साथ नाबालिग बच्चे भारी भरकम सामान अपने नाजुक हाथों से उठाते हुए चल रहे हैं। जिन मासूमों की पढ़ने लिखने की उम्र है वह या तो मजबूरी में या फिर पैसों के लालच में मजदूरी कर रहे हैं। मजदूरी कराने वाले लोगों को भी नाबालिग बच्चे कम पैसों में मिल जाते हैं और कम पैसे देकर भी वह लोग बच्चों से पूरा काम करवाते हैं। जिन मासूमों की पढ़ने लिखने की उम्र है वह सिस्टम की लापरवाही के चलते बाल श्रम की जद में आ गए हैं। ऐसा नहीं है कि प्रशासन इस बात से अनजान है। सरकारी कार्यालयों में भी नाबालिग बच्चों के हाथों चाय परोसने के कई मामले भी सामने आ चुके हैं।

# मुतावल्लियों की मदद के लिए दरगाह पर लगाया गया हेल्प कैंप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** हुकूमत द्वारा वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करने की प्रकिया चल रही है। जिसकी आखिरी तारीख 05 दिसम्बर है। मस्जिदों, मदरसों, दरगाहों, खानकाहों, कब्रिस्तानों व मकतब के बहुत से मुतावल्लियों ने जानकारी के अभाव में अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराए हैं।

इसकी मदद के लिए आज दरगाह आला हजरत परिसर में तहरीक ए तहफ्फुज सुन्नियत (टीटीएस) की ओर से दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां की सदारत (अध्यक्षता) में वक्फ हेल्प कैंप लगाया गया। वक्फ बोर्ड कोऑर्डिनेटर बरेली हाजी फैज मंसूरी व आलेनबी ने बताया कि कैंप में बहुत से ऐसे लोग आए जिनके पास संपत्तियों के कागज नहीं थे। उनको मशवरा दिया गया कि वो अपने कागज तलाशें। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि कैंप में बहेड़ी, आंवला, मीरगंज, नवाबगंज समेत शहर भर से लगभग 200 मुतावल्ली पहुंचे। प्रदेश के अन्य जिले कानपुर, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, पीलीभीत, आगरा, झांसी आदि से फोन कॉल आई। जिन्हें वक्फ संबंधित जानकारी दी गई।

वहीं जो लोग अपने कागज साथ लाए थे उनके तुरंत अदनान हुसैन और इशरत नूरी ने उम्मीद पोर्टल पर संपत्ति दर्ज कराई। जो लोग रह गए हैं उन्हें सलाह दी गई कि वो लोग दरगाह द्वारा दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर राब्ता (सम्पर्क) कर सकते हैं। वहीं 24 नवम्बर दिन पीर (सोमवार) को अगला कैंप काकरटोला स्थित छः मीनारा मस्जिद में शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक लगाया जाएगा। इसके अलावा सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने सभी से अपील करते हुए कहा कि उम्मीद पोर्टल के अलावा देश के कई सूबे में एसआईआर की भी प्रकिया चल रही है। बीएलओ घर घर जाकर फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं। लोग जल्द से जल्द फॉर्म भर कर जमा करें। कैंप में शाहिद नूरी, मुजाहिद रजा, परवेज नूरी, सय्यद माजिद, अदनान हुसैन, औरंगजेब नूरी, काशिफ सुब्हानी, अजमल नूरी, इशरत नूरी आदि मौजूद रहे।



# अगले महीने जनता को रामायण वाटिका की सौगात दे सकते हैं सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो




**बरेली।** रामगंगा नगर आवासीय योजना में बनी रामायण वाटिका को लोकार्पण से पहले ही देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। लोग रामायण वाटिका के भ्रमण के दौरान मोबाइल पर यहां के आकर्षण को कैमरे में कैद कर रहे हैं। बीडीए ने रामायण वाटिका के लोकार्पण से पहले फोटो और सेल्फी खींचने पर रोक लगा दी है। वहीं, लोगों की आवाजाही की भी निगरानी आरंभ कर दी गई है।

बीडीए अफसरों के अनुसार, रामायण वाटिका का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मुख्यमंत्री का दिसंबर माह में बरेला का दौरा संभावित है। इसी कारण परिसर को पूरी तरह व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने पर जोर दिया जा रहा है। बीते शुक्रवार को कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने भी रामायण वाटिका का निरीक्षण किया कर तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बीडीए उपाध्यक्ष डा. मनिकंडन ए. ने बताया कि वाटिका में निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है और करीब एक सप्ताह में सभी काम पूरे कर लिए जाएंगे। इसको लेकर निगरानी बढ़ा दी गई है।

# बरेली में विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के श्रेष्ठ कर्मी सम्मानित

■ चार विधानसभाओं के 5-5 सुपरवाइजर और बीएलओ को सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** भारत निर्वाचन आयोग और जिलाधिकारी बरेली के निर्देशानुसार, आगामी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के तहत तहसील-सदर बरेली की चार विधानसभाओं के 05-05 सुप. रवाइजर और 05-05 बीएलओ को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अन्य बीएलओ और सुप. रवाइजरों को प्रेरणा देने के उद्देश्य से दिया गया। विधानसभा 120 भोजीपुरा में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार ने सुपरवाइजर विपिन पटेल, लाल सिंह, भुवनेन्द्र कुमार, छत्रपाल, सलीम अहमद और बीएलओ सोमपाल, उमेश पाल सिंह, पवन कुमार, धर्मेन्द्र रफीक अहमद को सम्मानित किया।

इसी प्रकार, विधानसभा 123 बिथरी चौनपुर के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/अपर नगर मजिस्ट्रेट, द्वितीय विजय सिंह ने सुप. रवाइजर सिराज अहमद, अजीत कुमार, उर्मिलेश कुमार, शेर सिंह, मो. असलम और बीएलओ विजय सिंह, प्रमोद कुमार गंगवार, निष्ठा गुप्ता, डोरी लाल वर्मा, अंजली वर्मा को सम्मानित किया। विधानसभा 124 बरेली में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने भूपेन्द्र गंगवार, अजय आनन्द, अशोक कुमार गंगवार, प्रदीप कुमार, प्रेमराज को सुपरवाइजर के रूप में और मयंक शर्मा, प्रदीप कुमार, प्रमिता रानी, नीतू चौधरी, शहाना को बीएलओ के रूप में सम्मानित किया। विधानसभा 125 बरेली कैंट के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ अपर नगर मजिस्ट्रेट, प्रथम गुलाब चन्द्र ने सुपरवाइजर राजेश कुमार कंचन, सौरभ चौहान, संजीव सक्सेना, जितेन्द्र पाल सिंह, अभिषेक आर्य और बीएलओ प्रत्यूश प्रसून उपाध्याय, अटल सक्सेना, नेहा सक्सेना, जितेन्द्र कुमार, प्रियंका उपाध्याय को सम्मानित किया।

इसके अतिरिक्त, कार्यालय में प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में लगातार परिश्रम कर रहे वीआरसी ऑपरेटरों को भी उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया। इनमें वीआरसी 120 भोजीपुरा से ऋषि कुमार, आशीष दीक्षित; 123 बिथरी चौनपुर से शशांक शेखर, मेहराज आलम; 124 बरेली से रमेश कुमार, लकी सक्सेना; और 125 बरेली कैंट से योगेन्द्र पाल सिंह आजाद, मनोज कुमार शामिल हैं।



**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# नाबालिग छात्रा को अपने जाल में फंसाकर ले गया शादीशुदा युवक

■ पुलिस ने दर्ज किया अपहरण का मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** नगर से सटी एक बस्ती की एक महिला ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री के अपहरण का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

महिला के मुताबिक, उत्तराखंड की तहसील सितारगंज निवासी सलमान जो पहले से ही शादीशुदा है, और जिसकी ससुराल भी यासीन नगर में ही है, अक्सर उनके घर आया-जाया करता था। इसी दौरान उसकी नीयत नाबालिग बेटी पर खराब हो गई, और उसने करीब एक साल तक मीठी-मीठी बातों में उलझाकर उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया।

महिला के अनुसार उनके घर सलमान 15 तारीख की सुबह उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। यह जानकारी सलमान के बहनोई द्वारा दी गई, जिसने पूरे मामले का खुलासा किया। पीड़िता के परिजनों का आरोप है कि बेटी अपने साथ घर से जेवर व नगदी भी ले गई है। पीड़िता की मां ने पिछले सप्ताह थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि नाबालिग होने के कारण मामला अत्यंत संवेदनशील है, और आरोपी की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। ग्रामीणों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है।

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसे तत्व समाज में और हौसला पकड़ेंगे। वहीं महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर नाबा. लिग को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# भारत ने दृष्टिबाधित महिला विश्वकप जीता

## फाइनल में दिखा दृष्टिबाधित भारतीय टीम का दबदबा, नेपाल को सात विकेट से हराया

**कोलंबो, वार्ता।** भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने टी-20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट से हराया। इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा। भारत ने नेपाल को पांच विकेट पर 114 रन पर रोक दिया था। जवाब में टीम ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय महिला दृष्टि बाधित टीम का फाइनल में ऐसा दबदबा रहा कि नेपाल की टीम अपनी पारी में सिर्फ एक बाउंड्री ही लगा सकी। भारत के लिए फाइनल में सबसे ज्यादा रन फुला सारेन ने बनाए। वह 44 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने



पाकिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इस टूर्नामेंट की सह-मेजबान श्रीलंका शुरुआती दौर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीत सकी थी। टीम ने अमेरिका को हराया था। पाकिस्तान की मेहरीन अली छह टीमों के बीच खेले गए इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने 600 से ज्यादा रन बनाए जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों पर 230 रन बनाना शामिल है। मेहरीन ने इसके अलावा आस्ट्रेलिया के खिलाफ 133 रन बनाए थे।

### अभिनव देशवाल ने 25मी पिस्टल इवेंट में जीता गोल्ड

**टोक्यो, वार्ता।** भारत के अभिनव देशवाल ने रविवार सुबह यहां चल रहे डेफलम्पिक्स के 9वें दिन 25मी पिस्टल मेन्स इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। साउथ कोरिया की लीना सेउंग ह्वा ने सिल्वर मेडल जीता, जबकि यूक्रेन के फोमिन सेरही ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। एक और भारतीय शूटर, चेतन हनमंत सपकाल, 5वें स्थान पर रहे। क्वालिफायर में 600 में से 575 के साथ क्वालिफिकेशन वर्ल्ड रिकॉर्ड और क्वालिफिकेशन डेफलम्पिक्स रिकॉर्ड की बराबरी करने के बाद अभिनव 25मी पिस्टल मेन्स इवेंट के फाइनल में पहुंच गए थे।



# केएल राहुल साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में कप्तानी करेंगे

● **इंजर्ड श्रेयस शुभमन बाहर कोहली-रोहित 9 महीने बाद घर में इंटरनेशनल मैच खेलेंगे**

**गुवाहाटी, वार्ता।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। इंजर्ड कप्तान शुभमन गिल, उपकप्तान श्रेयस अय्यर और आलराउंडर हार्दिक पांड्या इस सीरीज से बाहर हैं। वनडे टीम की कप्तानी विकेटकीपर केएल राहुल संभालेंगे। वहीं रोहित शर्मा और विराट कोहली करीब 9 महीने बाद भारत में इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते दिखाई देंगे। जसप्रीत बुम. राह को आराम दिया गया है।

3 वनडे की सीरीज 30 नवम्बर से शुरू होनी है। टी-20 सीरीज 9 दिसंबर से खेली जाएगी, लेकिन इसके लिए टीम घोषित नहीं की गई। विकेटकीपर केएल राहुल तीनों फार्मेट में भारत की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने 2023 में आखिरी बार साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही टीम की वनडे में कप्तानी की थी, जिसमें भारत को 8 विकेट से हार मिली थी। उन्होंने 12 वनडे में टीम की कप्तानी की है। 8 में भारत को जीत और 4 में हार मिली। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इंजर्ड हो गए थे। पहली पारी में बैटिंग के दौरान स्वीप शाट खेलने के बाद उन्हें गर्दन में खिंचाव महसूस हुआ। जिसके बाद वे रिटायर्ड हर्ट हो गए। उन्हें हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां सामने आया कि वे क्रिकेट खेलने के लिए फिलहाल फिट नहीं हैं। शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में बैटिंग करने के दौरान इंजर्ड हो गए थे। श्रेयस आस्ट्रेलिया में इंजर्ड हुए टीम इंडिया अक्टूबर में आस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे और टी-20 खेलने गई थी। वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में उप कप्तान श्रेयस अय्यर कैच लेने की कोशिश में इंजर्ड हो गए। वे कैच लेते हुए अपने कंधे के बल गिरे, जिस कारण उन्हें गंभीर चोट लग गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उनका अगले साल मार्च तक क्रिकेट के मैदान पर वापसी कर पाना मुश्किल है। हार्दिक पांड्या एशिया कप में चोटिल हुए आलराउंडर हार्दिक पांड्या एशिया कप में चोटिल हो गए थे। इसी साल सितम्बर में सुपर-4 स्टेज मैच के दौरान उन्हें चोट लगी थी। जिस कारण वे 28 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल भी नहीं खेल सके थे। हालांकि, टीम इंडिया ने 5 विकेट से मुक. ाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया था। अगले साल फरवरी में टी-20 वर्ल्ड कप होना है, बीसीसीआई उससे पहले हार्दिक की फिटनेस पर पैनी नजर रखे हुए हैं। माना जा रहा है कि वे 26 नवम्बर से सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्राफी में कुछ मैच खेलेंगे। यहां उनकी फिटनेस जांचने के बाद ही उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट में उतारा जाएगा। हार्दिक पांड्या सैयद मुश्ताक अली टी-20 टूर्नामेंट से मैदान पर वापसी कर सकते हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली करीब 9 महीने बाद भारत में इंटरनेशनल मैच खेलते नजर आएंगे। दोनों ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी बार फरवरी में घरेलू मैदान पर वनडे सीरीज खेली थी। फिर दुबई में चौंपियंस ट्राफी जीतने के बाद दोनों ने पिछले महीने आस्ट्रेलिया में खेले थे।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### सत्र को जीत के साथ समाप्त कर अच्छा लगा: लक्ष्य सेन

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियन ओपन के रूप में सत्र का अपना पहला खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेन ने आज कहा कि सत्र को जीत के साथ समाप्त कर अच्छा लग रहा है। इंडिया के टॉप रैंक वाले पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, जो 14वें नंबर पर हैं, ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के फाइनल में जापान के वर्ल्ड नंबर 26 युशी तनाका को 21-15, 21-11 से हराया। इस जीत के बाद लक्ष्य ने कहा,'' मैंने इस सीजन में बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं, सीजन की शुरुआत में कुछ चोटें भी लगीं, लेकिन मैंने पूरे सीजन में अपनी मेहनत जारी रखी और मैं सीजन को अच्छे नोट पर खत्म करके बहुत खुश हूं। मैं बहुत उत्साहित हूं, अब अगले सीजन का इंतज़ार कर रहा हूं और मैं आज और इस हफ्ते जिस तरह से खेला, उससे सच में बहुत खुश हूं।

#### जर्मनी को हराकर डेविस कप फाइनल में पहुंचा स्पेन

**स्पेन, वार्ता।** स्पेन यहां जर्मनी पर 2-1 से जीत के बाद छह साल में पहली बार डेविस कप फाइनल में पहुंचा। छह बार के डेविस कप चैंपियन शनिवार को जर्मनी के खिलाफ 2-1 से सेमीफाइनल जीत के साथ आगे बढ़े, जब मार्सेल ग्रैनोलर्स और पेड्रो मार्टिनेज की डबल्स जोड़ी ने केविन क्राविएट्ज़ और टिम पुट्ज़ को 6-2, 3-6, 6-3 से हराया। स्पेन का सामना रविवार को मेजबान और डिफेंडिंग चैंपियन इटली से होगा। इटली शुक्रवार के सेमीफाइनल में बेल्जियम पर जीत के साथ फाइनल में पहुंचा था। कैप्टन डेविड फेरर की टीम, चोटिल दुनिया के नंबर 1 कार्लोस अल्काराज के बिना, अपने डबल्स स्पेशलिस्ट, 39 साल के फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन चैंपियन ग्रैनोलर्स और उनके पार्टनर मार्टिनेज का शुक्रिया अदा कर सकती है।

# अनाहत ने जीता इंडियन ओपन स्क्वैश का खिताब

● **जोशना चिनप्पा की कड़ी टक्कर के बावजूद अनाहत ने 5वां मैच जीत लिया और इस सीजन का का अपना तीसरा टाइटल जीता**

**इंदौर, वार्ता।** भारतीय स्क्वैश की होनहार खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शनिवार को इंदौर में अपनी सीनियर हमवतन जोशना चिनप्पा को हराकर एसआरएफआई इंडियन ओपन 2025 पीएसए चैलेंजर महिला खिताब जीता। डेली कॉलेज में मुकाबला कर रही, टॉप सीड और दुनिया की 33वें नंबर की महिला स्क्वैश खिलाड़ी, अनाहत सिंह ने अपनी ज़्यादा अनुभवी और बिना सीड वाली विरोधी के खिलाफ 54 मिनट में 3-2 (11-8, 11-13, 11-9, 6-11, 11-9) से फाइनल जीता। 17 साल की अनाहत ने पहले गेम में शानदार शुरुआत की और 7-4 से आगे हो गईं। हालांकि 39 साल की अनुभवी जोशना, जो दो बार की एशियन चैंपियन हैं, ने कुछ देर के लिए कंट्रोल करके 8-7 की बढ़त बना ली, लेकिन अनाहत ने बिना जवाब दिए चार पॉइंट्स के साथ गेम जीत लिया। अनाहत ने दूसरे गेम में भी इसी मोमेंटम को बनाए रखा और 10-7 से आगे हो गईं। हालांकि, जोशना ने और ज़ोर लगाया, लगातार चार पॉइंट्स बनाकर 11-10 से आगे होने से पहले 13-11 से गेम अपने नाम कर लिया। मैच तीसरे गेम में भी इसी तरह जारी रहा, जोशना 9-8 से आगे थीं, इससे पहले अनाहत सिंह ने लगातार तीन पॉइंट जीतकर मैच 2-1 कर दिया।



खिताब दांव पर होने के साथ, जोशना ने चौथे गेम की शुरुआत में कंट्रोल हासिल कर लिया और 4-0 की बढ़त बना ली। उन्होंने इसे 9-2 तक बढ़ाया और हालांकि अनाहत ने लगातार चार पॉइंट बनाए, लेकिन यह निर्णायक मुकाबला रोकने के लिए काफी नहीं था। हालांकि, मुंबई में इंडियन ओपन इवेंट और चेन्नई में एसआरएफआई इंडियन टूर टाइटल के बाद जोशना चिनप्पा की कड़ी टक्कर के बावजूद अनाहत ने पांचवां गेम जीत लिया और इस सीजन का अपना तीसरा टाइटल जीत लिया। कुल मिलाकर, यह अनाहत सिंह का सिर्फ 20वें पीएसए इवेंट में 13वां पीएसए टाइटल था। दोनों भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी मार्च में मुंबई में हुए इंडियन ओपन के सेमीफाइनल में भी आमने-सामने हुए थे, जिसे अनाहत सिंह ने 3-1 से जीता था। इससे पहले इंदौर में हुए सेमीफाइनल में, अनाहत सिंह ने आयरलैंड की हन्ना क्रेग को 3-2 (11-4, 10-12, 9-11, 11-6, 11-4) के स्कोर से हराकर जीत हासिल की। इस बीच, जोशना ने अपने सेमीफाइनल मुकाबले में मिस्र की दूसरी सीड नादियन एल्हममी को 3-1 (7-11, 11-5, 11-7, 11-7) से हराया। पिछले महीने कैनेडियन विमेंस ओपन में, अनाहत सिंह ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड की वर्ल्ड नंबर 10 जॉर्जिना केनेडी से हारने से पहले सातवीं रैंक की टिने गिलिस और दुनिया की 20 नंबर की मेलिसा अल्वेस को हराया था।

# मेरे लिए सचमुच यह एक खास पल है: सेनुरन

● **मुझे खुशी है कि मैं टीम में अपना योगदान दे सका**

**गुवाहाटी, वार्ता।** भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को शानदार शतक बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज सेनुरन मुथुसामी ने कहा कि यह उनके लिए सचमुच यह एक घस पल है। मुथुसामी ने 109 रन बनाए जिसकी बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 489 रन का विशाल स्कोर खघ किया। दिन के खेल के बाद मुथुसामी ने कहा कि इतने भरे हुए हाउस के सामने यह सच में एक खास पल था। मुझे खुशी है कि मैं टीम में अपना योगदान दे सका और पहली इनिग्स में कुछ रन बना सका, जो हमेशा जरूरी होता है। यह (प्लान) बस पार्टनरशिप बनाने और इनिग्स को आगे बढ़ाने और फिर बीच में रन बनाने का था। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि स्कोल्सी (वेरेन) ने आज सच में बहुत अच्छा किया और मार्को स्पेशल था। और दूसरे लोगों ने भी योगदान दिया, जो बहुत बढ़िया था। यानसन के लंबे छक्कों पर मुथुसामी ने हैरानी जताते हुए कहा कि ओह, यह अविश्वसनीय था। मुझे हाउस में सबसे अच्छी सीट मिली थी। वह स्पेशल था। स्पेशल बॉल स्ट्राइकिग। यह उसकी तरफ से शानदार था। यह बहुत बढ़िया था। पगबाधा कॉल को सफलतापूर्वक रिव्यू करने पर उन्होंने कहा कि मैं सच में बहुत निराश था। और जब मैं स्कोल्सी के साथ खड़ा था, तो मैंने कहा कि तुम्हें पता है, यह शायद मेरे ग्लब से छू गया होगा।

# द. अफ्रीका पहली पारी में 489 पर ऑलआउट

**गुवाहाटी, वार्ता।** कुलदीप यादव ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को शतक की ओर बढ़ रहे मार्को यानसन (93) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी का 489 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 6.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए नौ रन बना लिए है। केएल राहुल दो और यशस्वी जयसवाल सात रन बनाकर क्रीज पर है। भारत के लिए कल तीसरा दिन बहुत चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि मेजबान टीम के सामने दक्षिण अफ्रीका का विशाल स्कोर होगा। कुलदीप ने आज 152वें ओवर की पहली गेंद पर मार्को यानसन को आउटकर दिन का अपना यह पहला विकेट झटककर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 489 रन के स्कोर पर अंत किया। मार्को यानसन ने 91 गेंदों में सात छक्के मारे और छह चौके लगाते हुए 93 रनों की पारी



● **दूसरे टेस्ट का दूसरा दिन- अब नजरें भारतीय बल्लेबाजों पर, स्कोर 9/0**

खेली। कुलदीप ने चार विकेट लिए, और जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा को दो-दो विकेट मिले। दक्षिण अफ्रीका की पारी में केवल साइमन हार्मर ही एकमात्र ऐसे बल्लेबाज रहे जो दहाई की संख्या में नहीं पहुंच सके वरना अन्य सभी 10 बल्लेबाजों ने दहाई का आंकड़ा पार किया। दक्षिण अफ्रीका की पारी में 21 अतिरिक्त रनों का भी योगदान रहा। इससे पहले भोजनकाल के बाद 139वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने शतकवीर सेनुरन मुथुसामी जयसवाल के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। सेनुरन मुथुसामी ने 206 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए 109 रनों की पारी खेली।

# जयपुर ने कश्मीर चैलेंज कप के फाइनल में जगह पक्की की

● **कश्मीर चैलेंज कप में थंडरबोल्ट टीम पर 13-02-05 से शानदार जीत दिलाई**

**जयपुर, वार्ता।** जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने शानदार परफॉर्मेंस दिया, शानदार नौ गोल करके जयपुर पोलो टीम को कश्मीर चैलेंज कप में थंडरबोल्ट टीम पर 13-2-5 से शानदार जीत दिलाई, जिससे रविवार को कनोता पोलो के खिलाफ फाइनल में उनकी जगह पक्की हो गई। शुरुआती चक्कर से ही, पद्मनाभ सिंह ने अपनी शानदार सटीकता और कंट्रोल से माहौल बनाया, जयपुर के अटैक को लीड किया और पूरे मैच में लगातार दबाव बनाए रखा। उन्हें प्रणव कपूर का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने तीन गोल किए, और दक्षिण अफ्रीका के लांस वॉटसन ने एक और गोल करके जयपुर का स्कोर 13-2-5 कर दिया। मुश्किल के बावजूद, थंडरबोल्ट टीम ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी, जिसमें लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल चौहान ने एक बार गोल किया। उनके 1-5 के हैंडीकैप को मिलाकर, थंडरबोल्ट ने कुल 2-5 गोल किए। जयपुर ने शुरू से ही मैच पर दबदबा बनाया, जल्दी ही बढ़त बना ली और सभी चक्करों में मजबूत बढ़त बनाए रखी। पद्मनाभ सिंह के शानदार नौ गोल मैच का सबसे अहम हिस्सा साबित हुए, क्योंकि जयपुर के आसान तालमेल और अटैकिंग मोमेंटम ने उन्हें आखिरी घंटी तक मजबूती से कंट्रोल में रखा। इस शानदार जीत के साथ, जयपुर पोलो टीम ने कश्मीर चैलेंज कप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है, और टूर्नामेंट में आगे बढ़ते हुए अपने पक्के इरादे, स्किल और जबरदस्त जोश का परिचय दिया है।

# बांग्लादेश ने आयरलैंड को 217 रनों से हराया और सीरीज भी जीती

● **सीरीज में 13 विकेट लेने वाले तैजुल इस्लाम को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा**

**बांग्लादेश, वार्ता।** तैजुल इस्लाम और हसन मुराद (चार-चार विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर बंगलादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन आयरलैंड को दूसरी पारी में 291 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला 217 रनों से जीत लिया। इसी के बंगलादेश ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। मुशफिकुर रहीम को 106 और नाबाद 53 रनों की शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज मे 13 विकेट लेने वाले तैजुल इस्लाम को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया। आयरलैंड ने कल के छह विकेट पर 176 रन से आगे खेलना शुरु किया। आयरलैंड ने निचले क्रम के बल्लेबाजों के समर्थन से जबरदस्त विरोध किया। कैमफर ने बहुत हिम्मत और पक्के इरादे के साथ बल्लेबाजी की और उन्हें निचले क्रम के बल्लेबाजों का भी समर्थन मिला। मेजबान टीम पहले सेशन में कुछ विकेट लेने में कामयाब रही। लेकिन उसके बाद कैमफर और होए ने बंगलादेश के गेंदबाजों को पसीना बहाने पर मजबूर कर दिया। सुबह के सत्र में तैजुल इस्लाम ने एंडी मैक्ब्राइन (21) को पगबाधा आउटकर बंगलादेश को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जॉर्डन नील ने कर्टिस कैमफर के साथ पारी को संभाला और आठवें विकेट के लिए 48 रन जोड़े। 82वें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने जॉर्डन नील को बोल्डकर इस साझेदारी का अंत किया। जॉर्डन नील ने 46 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 30 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए गेविन होए ने कर्टिस कैमफर के साथ जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए बंगलादेश के गेंदबाजों को जीत के लिए तरसाए रखा। दोनों बल्लेबाजों के बीच नौवें विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी हुई। 114वें ओवर में हसन मुराद ने गो. विन होए को आउटकर आयरलैंड को नौवां झटका दिया। गोविन होए ने 104 गेंदों में चार चौकों की मदद से 37 रन बनाए। इसी ओवर की अगली गेंद पर हसन मुराद ने मैथ्यू हम्फ्रीज (शून्य) को आउटकर आयरलैंड की पारी का 291 रन के स्कोर पर अंत कर अपनी टीम को 217 रनों से जीत दिला दी। कर्टिस कैमफर 259 गें. दों में 71 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश के लिए तैजुल इस्लाम और हसन मुराद ने चार-चार विकेट लिए। मेहदी हसन मिराज और खलील अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# साइना-पीटर ने 'द लेजेंड्स' विजन-लेगेसी टूर इंडिया की शुरुआत की

## आठ साल बाद भारत लौटे लेजेंड्स विजन का दिल्ली चैप्टर बेहद उत्साह के साथ शुरू हुआ




**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली में आज भारतीय बैडमिंटन के लिए एक यादगार दिन रहा, जब साइना नेहवाल और पीटर गेड ने सीरीफोर्ट डीडीए स्क्वैश एंड बैडमिंटन कॉम्प्लेक्स में आयोजित ष्द लेजेंड्स' विजन - लेगेसी टूर इंडियाष की शुरुआत की। यह दिन विरासत, युवा ऊर्जा और उद्देश्य का ऐसा संगम लेकर आया, जिसने दिखाया कि जब महान खिलाड़ी अपने नन्हे चाहने वालों के साथ खड़े होते हैं, तो खेल की ताकत कई गुना बढ़ जाती है। आठ साल बाद भारत लौटे 'लेजेंड्स' विजन' का दिल्ली चैप्टर बेहद उत्साह के साथ शुरू हुआ। स्टेडियम शुरुआत से ही दर्शकों से भर गया था-जूनियर खिलाड़ी अपनी क्लब जर्सी में पहुंचे और परिवारों ने इसे एक उत्सव की तरह मनाया। जैसे ही साइना और गेड कोर्ट पर उतरे, चारों ओर गूं. जती तालियों ने साफ कर दिया कि शहर इस पल का लंबे समय से इंतज़ार कर रहा था। एम्बेसडर्स परुपल्ली कश्यप, आनंद पवार, अपर्णा पॉपट और सायली गोखले ने भी लेजेंड्स के साथ बच्चों के साथ मज़ेदार सत्र खेले, जिसमें लेजेंड्स और एम्बेसडर्स ने युवा खिलाड़ियों के साथ मिलकर कई दिलचस्प मुकाबले खेले। दिन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था ' ए रैकेट सेकंड लाइफ' का भारत में शुभारंभ। योनैक्स द्वारा लगाए गए दान बॉक्स में जब बच्चे और प्रशंसक अपने इस्तेमाल किए हुए रैकेट जमा करने लगे, तो इस पहल की असल भावना स्पष्ट दिखी-एक रैकेट, जो किसी ने कभी प्यार से इस्तेमाल किया, अब किसी ऐसे बच्चे के हाथों में जाएगा जिसे खेलने का मौका नहीं मिल पाता।

ऑन-कोर्ट सत्र पूरे कार्यक्रम की धड़कन थे। जूनियर खिलाड़ियों को साइना और गेड के साथ रैली खेलने का दुर्लभ अवसर मिला। लेजेंड्स ने उनके शॉट सुधारे, ग्रिप ठीक करवाई और कई बार सिर्फ बच्चों को उस अनुभव का आनंद लेने दिया-यह एक ऐसी मास्टरक्लास थी, जिसे बच्चे जिदगीभर याद रखेंगे। साइना नेहवाल ने कहा कि 'ये रैकेट सेकंड लाइफ' को भारत लाना मेरे लिए बेहद खास है। इस देश ने मुझे मेरा सफर दिया-कोच, प्रशंसक, सपोर्ट सिस्टम, सबकुछ। इसलिए अब जब मैं कुछ लौटाने की स्थिति में हूं, तो यह दिल से महसूस होता है। इस पहल की खूबसूरती यह है कि यह सिर्फ प्रोफेशनल या बड़े अकैडमियों के लिए नहीं है, बल्कि हर किसी के लिए है। हर फैन, हर खिलाड़ी सिर्फ एक रैकेट दान करके किसी बच्चे की जिदगी बदल सकता है। मेरा संदेश है-आपका रैकेट किसी का भविष्य बन सकता है। इस कहानी का हिस्सा बनें। पीटर गेड ने कहा कि शुरू से ही 'द लेजेंड्स' विजन' का मकसद था दुनिया को बैडमिंटन को नए नजरिए से देखने के लिए प्रेरित करना-सिर्फ मेडल और ट्रॉफियों से आगे बढ़कर। पिछले दस सालों में जागरूकता तो बढ़ी है, लेकिन असली मायने तब हैं जब जागरूकता कार्रवाई में बदलती है। यही वजह है कि भारत में उठाया गया यह कदम इतना महत्वपूर्ण है। 'ए रैकेट सेकंड लाइफ' इस वैश्विक मिशन को जमीन पर लाने जैसा है-बच्चों को उपकरण मिलना, समुदायों तक पहुंच बढ़ना, और ज़िदिगियां बदलना। और इसे साइना द्वारा अपने देश में लीड किया जाना इसे और प्रभावशाली बनाता है। कार्यक्रम के अंत में, बच्चों ने दोनों लेजेंड्स के साथ अंतिम रैली खेली और यादगार पलों को कैमरे में कैद किया। यह दृश्य बताने के लिए काफी था कि यह दिन किस बारे में था-एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी तक लिगेसी का सीधा हस्तांतरण। कल (24 नवम्बर) टूर दिल्ली-एनसीआरके विभिन्न स्थानों पर जारी रहेगा, जहां साइना नेहवाल और पीटर गेड चुनिदा योनेक्स सनराइज स्टोर्स में जाकर फैंस से मिलेंगे, दान को प्रोत्साहित करेंगे और 'ए रैकेट सेकंड लाइफ' को सीधे समुदायों तक ले जाएंगे।

# चंडीगढ़ पर फिर सियासत

पंजाब और हरियाणा के बीच स्थित केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को लेकर फिर सियासत शुरू हो गई है। यह वही चंडीगढ़ है, जिसको लेकर पंजाब और हरियाण समय-समय पर एक-दूसरे के सामने आते रहे हैं। चंडीगढ़ का विवाद नया नहीं है, लेकिन यह इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पंजाब और हरियाणा की राजधानी है। दोनों प्रदेशों के सचिवालय यहीं स्थित है। 2002 में जब ओमप्रकाश चौटाला हरियाणा के मुख्यमंत्री थे, तब पंजाब सरकार ने केंद्र सरकार से चंडीगढ़ को मांगा था और इसके बदले हरियाणा ने पंजाब के हिन्दी भाषी क्षेत्र अबोहर और फाजिल्का मांग लिए थे। इसके बाद से ये विवाद चला आ रहा है। अब केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। लोकसभा और राज्यसभा के बुलेटिन में बताया गया है कि सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र (1 दिसंबर से शुरू) में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2025 पेश कर सकती है। अगर ये बिल अपने मौजूदा रूप में पास होता है, तो संभावना है कि चंडीगढ़ के लिए एक स्वतंत्र प्रशासक नियुक्त किया जा सकेगा। जैसा कि पहले यहां स्वतंत्र मुख्य सचिव हुआ करते थे। प्रस्तावित बिल पर बवाल इसलिए है, क्योंकि ये बदलाव चंडीगढ़ की प्रशासनिक पहचान को पूरी तरह बदल देगा। अभी तक चंडीगढ़ एक ऐसा केंद्र शासित प्रदेश है, जिसके संचालन में पंजाब की भूमिका मानी जाती है और पंजाब के राज्यपाल उसकी कमान संभालते हैं। एसएसपी और डीसी जैसी प्रमुख नियुक्तियां भी पंजाब और हरियाणा कैडर से होती हैं, इसलिए यह शहर दोनों राज्यों की साझा राजधानी की तरह काम करता है, लेकिन प्रस्तावित संशोधन के बाद चंडीगढ़ का मॉडल बदल जाएगा। इसे राष्ट्रपति के सीधे नियंत्रण वाला केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाएगा, जिसमें एक अलग प्रशासक या उपराज्यपाल नियुक्त होगा। हालांकि गृह मंत्रालय के बयान में कहा गया कि चंडीगढ़ की शासन व्यवस्था में किसी भी प्रकार का बदलाव करने या पंजाब और हरियाणा के साथ उसके पारंपरिक संबंधों को प्रभावित करने की कोई बात नहीं है। इस मुद्दे पर पंजाब की राजनीति गरमाई हुई है। आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल ने इसे पंजाब के अधिकारों पर हमला बताते हुए केंद्र सरकार पर तीखे आरोप लगाए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि प्रस्तावित संशोधन बिल चंडीगढ़ पर पंजाब के अधिकार को कमजोर करेगा। सीएम मान ने इसे पंजाब के हितों के विरुद्ध बताते हुए कहा था कि चंडीगढ़ सिर्फ पंजाब का है और राज्य अपने अधिकार से पीछे नहीं हटेगा। मान के पोस्ट के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी केंद्र पर सीधा हमला बोला था और कहा था कि संविधान संशोधन के नाम पर चंडीगढ़ पर पंजाब के अधिकार खत्म करने की कोशिश की जा रही है, जो पंजाब की पहचान और संवैधानिक अधिकारों पर हमला है। केजरीवाल ने इसे पंजाब की आत्मा को चोट पहुंचाने वाला कदम बताया था। फिलहाल यह साफ हो गया है कि केंद्र सरकार के स्तर पर अभी कोई बदलाव न तो अंतिम रूप ले चुका है और न ही संसद में इसे तुरंत लाने की योजना है। ऐसे में चंडीगढ़ को लेकर चल रही बयानबाजी पर विराम लगने की संभावना है, हालांकि राजनीतिक हलकों में बहस आगे जारी रहने की पूरी उम्मीद है।

## नोटबंदी और लॉकडाउन की याद ताजा



काम के दबाव में बीएलओ की मौत के जो आंकड़े दिखाए जा रहे हैं, वास्तविक संख्या उनसे बहुत अधिक है, यह अत्यंत गंभीर चिंता का विषय है और इस पर सबको ध्यान देना जरूरी है, एसआईआर इसके लिए जिम्मेदार है, भाजपा की वोट चोरी बीएलओ के लिए जानलेवा रूप ले चुकी है,काम के भार से बीएलओ और पोलिंग अधिकारी लगातार आत्महत्या करने पर मजबूर हैं, मेरी हर एक परिवार, जिसने अपनों को खोया है, उनके प्रति गहन संवेदनाएं हैं, इन पीड़ित परिवारों को न्याय कौन दिलाएग, भाजपा चोरी की सत्ता की मलाई खाने में व्यस्त है और आयोग मूक दर्शक बने तमाशा देख रहा है, हड़बड़ी में बिना योजना के जबरन एसआईआर लागू करना नोटबंदी और कोरोना लॉकडाउन की याद दिलाता है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

# सेना बनाम सर्वोच्च न्यायालय बनाम मानवाधिकार



**विनीत नारायण**



पिछले दिनों एक पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई। इस पोस्ट में सेवानिवृत्त कर्नल एएन रॉय का बयान सेना के उस वर्ग की भावना को स्पष्ट करता है, जो लगातार आतंकवाद, हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता वाले इलाकों में डटा रहता है। जब सैनिक सीमाओं या कश्मीर जैसे 'संवेदनशील क्षेत्रों' में आतंकवाद का सामना करते हैं, तब उन्हें कुछ फैसले अक्सर सेकंडों में लेने पड़ते हैं। इसमें औपचारिकताओं के लिए समय नहीं होता। जो भी निर्णय लेना होता है वह उन सैनिकों को दिए गए प्रशिक्षण और अपने विवेक से ही लेना पड़ता है।

इस पोस्ट ने सीधे सवाल उठाया, क्या आपने कभी अपने बेटे को खोया है? यह व्यवस्था से उपजी पीड़ा और असंतोष की प्रामाणिक अभिव्यक्ति है। इसका मूल भाव यही है कि जब सैनिक आतंकवादी का सामना करता है, तो वह कानून या न्यायालय की व्याख्याओं से अधिक, अपने प्रशिक्षण और परिस्थिति पर ही निर्भर करता है। बाद में उस पर अभियोग या अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगना उसे अपमानजनक महसूस होता है। दूसरी ओर, सर्वोच्च न्यायालय की दृष्टि संविधान की मूल भावना, 'हर नागरिक के मौलिक अधिकार' से निर्देशित होती है। न्यायालय किसी सेना या व्यक्ति का विरोध नहीं करता, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि 'राज्य की शक्ति' जवाबदेही से परे न हो। कश्मीर या किसी अशांत क्षेत्र में नागरिकों पर अत्याचार या फर्जी मुठभेड़ों के आरोप अक्सर सामने आते हैं। यदि जांच का हक छीन लिया जाए, तो लोकतांत्रिक संस्थाओं की पारदर्शिता पर सवाल उठेंगे। न्यायालय यह नहीं कहता कि आतंकवादी को बचाया जाए, बल्कि यह मांगता है कि निर्दोष लोग आतंकवादी समझकर मारे न जाएं। यही 'न्याय का नैतिक आधार' है।

पोस्ट में आतंकवादियों के मानवाधिकारों को लेकर जो कटाक्ष किया गया है, वह भावनात्मक प्रतिक्रिया है, लेकिन मानवाधिकारों का सार आतंकवादी के प्रति करुणा नहीं, बल्कि बिना भेदभाव सिद्धांतों पर आधारित न्याय को सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में है। जब किसी संदिग्ध की मौत की जांच होती है, तो लक्ष्य अपराधियों को बचाना नहीं, बल्कि सत्ता के दुरुपयोग को रोकना होता है। वैश्विक संदर्भ में भी अमेरिका, ब्रिटेन या फ्रांस जैसे देशों में वॉर क्राइम्स या एक्सेसिव फोर्स पर सवाल उठते रहे हैं। सशक्त लोकतंत्र वे हैं जो अपने संस्थानों से प्रश्न पूछने का साहस रखते हैं। यह साफ है कि सेना को अपराधी न मानें और न्यायपालिका को देशविरोधी न कहें। दोनों राष्ट्रीय सुरक्षा और संवैधानिक निष्ठा के दो मजबूत स्तंभ हैं। समस्या तब आती है जब संवैधानिक प्रक्रिया को देश विरोधी साजिश या सैनिक कार्रवाई को न्याय की हत्या मान लिया जाता है। इससे संवाद में विघटन और अविश्वास बढ़ता है। समुचित समाधान यही है कि सेना को 'ऑपरेशनल प्रोटेक्शन' मिले, ताकि तत्काल कार्रवाई में की गई गलती अपराध न माना जाए, लेकिन शक्ति का दुरुपयोग करने पर न्यायिक जांच की प्रक्रिया बनी रहे। ऐसे पोस्ट सोशल मीडिया पर राष्ट्रभक्ति की भावना को सीधा स्पर्श करते हैं। खतरा इस बात में है कि भावनाओं की लहरों में तथ्य और कानूनी सीमाओं की अनदेखी होने लगती है। न्यायपालिका, सेना और मानवाधिकार, ये विरोधी नहीं बल्कि लोकतंत्र के पूरक अंग हैं। सोशल मीडिया पर एकांगी नैरेटिव अंततः सार्वजनिक विश्वास को कमजोर करता है। भारत में सेना, सुप्रीम कोर्ट और मानवाधिकार को लेकर टकराव की घटनाएं केवल हाल ही की नहीं, बल्कि देश के इतिहास में समय-समय पर सामने आई हैं।

18वीं शताब्दी में, कोलोनियल शासन के दौरान सुप्रीम कोर्ट और गवर्नर जनरल इन काउंसिल के बीच अधिकार को लेकर पहली बड़ी भिड़ंत कोसिजुरा मामला में देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट ने सेना का इस्तेमाल करते हुए अपनी शक्तियां बढ़ाने का प्रयास किया, जबकि गवर्नर जनरल इन काउंसिल ने अदालत के आदेशों को चुनौती दी और सेना को अदालत के खिलाफ तैनात कर दिया। यह विवाद बंगाल ज्यूडिकेचर एक्ट 1781 के पास होने तक चलता रहा, जिसने अदालत की सीमाएं तय कर दीं और टकराव का अंत किया। इस मामले ने जता दिया कि अधिकारों की अस्पष्टता शक्ति संघर्ष का हमेंशा केंद्र रही है।

1945 में आजाद हिंद फौज के सैनिकों पर देशद्रोह और हत्या के आरोप लगे और उन पर कोर्ट मार्शल चलाया गया। ब्रिटिश सरकार ने इन सैनिकों की गतिविधियों को किंग के खिलाफ युद्ध माना, जबकि भारतीय जनता और नेताओं ने देशभक्ति की भावना को कानूनी प्रक्रिया के विरोध में जोरदार तरीके से रखा। इस संघर्ष में अदालत के आदेशों और जनता के मानस के बीच गहरा विभाजन आया। नगा पीपल्स मूवमेंट बनाम भारत सरकार केस में सर्वोच्च न्यायालय में AFSPA की वैधता को चुनौती दी गई, लेकिन अदालत ने यह माना कि राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर सेना को अतिरिक्त अधिकार देने का प्रावधान संविधान के खिलाफ नहीं। फिर भी, अदालत ने सेना के अधिकारों पर निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिशा-निर्देश जारी किए। इस मामले में मानवाधिकार और सैन्य अधिकार की सीमा को लेकर बड़ी बहस छिड़ी।

2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा के दौरान सर्वोच्च न्यायालय से सेनाध्पैरामिलिट्री तैनात करने की मांग की गई थी। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि ऐसे आदेश देना न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। यह कार्यकार्यपालिका का दायित्व है। बावजूद इसके, कभी-कभी अदालत ने सुरक्षा बलों की तैनाती के निर्देश दिए हैं, जैसे 2008 के ओडिशा के दंगों या 2023 के पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावों के दौरान हुआ। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस जैसे देशों में भी कभी-कभी सेना और मानवाधिकार संस्थाओं के बीच टकराव सामने आते हैं। मगर वहीं बार-बार यह सुनिश्चित किया जाता है कि जनहित और राज्यहित के बीच संतुलन बना रहे। मणिपुर अथवा कश्मीर में जारी घटनाओं में, अदालत के आदेश, सेना के अधिकार और जनता का विश्वासकृतीनों पहलू परस्पर टकरा सकते हैं। मगर, लोकतंत्र की खूबसूरती इनमें संतुलन बनाना और संवाद की प्रक्रिया में सही समाधान ढूंढना ही होना चाहिए। जरूरत इसी बात की है कि अतीत के अनुभवों से सीखकर, आज के तात्कालिक विवादों को अंधी भावनाओं के बजाय गहन विश्लेषण और खुले संवाद द्वारा हल किया जाए। संविधान की साझा जिम्मेदारी मानते हुए सुरक्षा और अधिकार दोनों के बीच संतुलन जरूरी है। संवाद के बिना, नफरत और अविश्वास बढ़ते हैं। सेना का आत्मसम्मान वही रख सकेगा, जो न्यायपालिका पर भरोसा रखे और न्यायपालिका वही सम्मान पाएगी जो सैनिक के त्याग को समझ सके। इसीलिए, सवाल पूछना गलत नहीं है लेकिन, एक दूसरे पर दोषारोपण करना लोकतंत्र के लिए रचनात्मक नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बसपा का महागठबंधन को जोर का झटका धीरे से

जबकि बीएसपी ने सभी 243 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है, उसने आकाश आनंद द्वारा बनाई गई एक अच्छी तरह से सोची-समझी रणनीति के बाद केवल 40 सीटों पर चुनाव लड़ा और एकमात्र सीट जीती। यह चुनाव एक मजबूत नेता के रूप में उभरे आकाश आनंद के लिए अग्निपरीक्षा था। चुनाव की खूबसूरती यह थी कि बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने एक रैली को संबोधित किया और आकाश आनंद ने रैलियों को संबोधित किया और पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया और चुनाव लड़ रहे पदयात्रा का आयोजन किया।



**मसूद हसन**

एक सोची-समझी रणनीति के तहत बहुजन समाज पार्टी ने बिहार में सरकार बनाने के न सिर्फ महागठबंधन के सपने को चकनाचूर कर दिया, सियासी गलियारों में चर्चा है कि बसपा ने बिहार में महागठबंधन को जोर का झटका धीरे से ही नहीं दिया बल्कि राज्य में एक सीट जीतकर अपनी पैठ भी बना ली। बसपा की इस जीत में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम का भी सहयोग या रणनीतिक चाल मानी जा रही है। बीएसपी ने 243 में से 143 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ा और 57 सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवारों की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया, जिससे गठबंधन जादुई आंकड़े को छूने से काफी पीछे रह गया।

बीएसपी ने राज्य में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में अकेली सीट जीतकर बिहार में बढ़त बना ली है। बसपा प्रमुख मायावती ने दावा किया है कि अगर चुनाव श्स्वतंत्र और निष्पक्षश होते तो उनकी पार्टी को कई और सीटें हासिल होतीं। बीएसपी उम्मीदवार सतीश कुमार यादव ने बीजेपी उम्मीदवार अशोक कुमार को 30 वोटों के मामूली अंतर से हराकर रामगढ़ सीट जीती। बीएसपी ने रामगढ़ सीट पर कब्जा कर लिया है, जिसे पारंपरिक रूप से आरजेडी का गढ़ माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों ने दावा किया है कि यह परिणाम राज्य में एकमात्र सीट हासिल करके बीएसपी के प्रवेश का प्रतीक है। बीएसपी उम्मीदवार सतीश यादव ने बिहार में अच्छे प्रतिशत वोट हासिल करके बीजेपी उम्मीदवार अशोक कुमार को हरा दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का दावा है कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता आकाश आनंद को पार्टी में प्रोजेक्ट करने के इरादे से एक सीट जीतने के बाद उत्साहित और उत्साहित महसूस कर रहे हैं।

कार्यकर्ताओं का मानना है कि आकाश आनंद ही बीएसपी सुप्रीमो मायावती के असली उत्तराधिकारी हैं क्योंकि बीएसपी सुप्रीमो ने आकाश आनंद को राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी दी है, बीएसपी नेतृत्व ने कई बार उन्हें अपना उत्तराधिकारी नामित करने का संकेत दिया है। बामसेफ की पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने संकेत दिया है कि पार्टी को मजबूत करने के लिए आकाश आनंद को बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी, बीएसपी सुप्रीमो ने पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके नेतृत्व में काम करने का निर्देश दिया है, बिहार में विधानसभा चुनाव आकाश आनंद के निर्देशन में लड़ा गया था, बिहार में अन्य राजनीतिक दलों को बड़ा झटका लगा है जबकि बीएसपी किसी तरह एक सीट हासिल करने में सफल रही है।

जबकि बीएसपी ने सभी 243 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है, उसने आकाश आनंद द्वारा बनाई गई एक अच्छी तरह से सोची-समझी रणनीति के बाद केवल 40 सीटों पर चुनाव लड़ा और एकमात्र सीट जीती। यह चुनाव एक मजबूत नेता के रूप में उभरे आकाश आनंद के लिए अग्निपरीक्षा था। चुनाव की खूबसूरती यह थी कि बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने एक रैली को संबोधित किया और आकाश आनंद ने रैलियों को संबोधित किया और पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया और चुनाव लड़ रहे पदयात्रा का आयोजन किया। बीएसपी की रणनीति ने 57 सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों को बड़ा झटका दिया है और वे अधर में लटक गए हैं, रामगढ़ सीट पर बीएसपी की सफलता आकाश आनंद को पार्टी में स्थापित करने में मदद करेगी। उत्तर प्रदेश में भी बी एस पी का गढ़ था। पार्टी ने यूपी में अपनी सरकार बनाने के लिए समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के साथ क्रमशः एक और तीन बार गठबंधन किया है। बीएसपी ने 2007 में राज्य में आश्चर्यजनक वापसी की थी जब मायावती ने बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी सरकार बनाई थी। लेकिन 2022 में, बीएसपी ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में केवल एक सीट जीती और 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में बहुत खराब प्रदर्शन किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सेहत ही नहीं, त्वचा के लिए भी फायदेमंद हैं ये फल और सब्जियां

फलों और सब्जियों का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी जरूरी होता है। फलों और सब्जियों में मौजूद फाइबर न सिर्फ पाचन को स्वस्थ रखता है, बल्कि इससे आपकी इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है। इसके अलावा यह हमारी त्वचा के लिए भी लाभकारी होती है। कई ऐसे फल और सब्जियां होती हैं, जो स्किन को हेल्दी बनाए रखने में सहायक होती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन फलों और सब्जियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनके सेवन से आपको सेहत संबंधी लाभ मिलने के साथ ही स्किन संबंधी फायदे भी मिलते हैं।

**शकरकंद**

आपको बता दें कि सेहत के साथ-साथ शकरकंद स्किन के लिए भी फायदेमंद मानी जाती है। शकरकंद में बीटा केरोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जो हमारी त्वचा को नेचुलर रूप से हेल्दी रखने में मददगार होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा भी पाई जाती है। जो त्वचां संबंधी इंफेक्शन के खतरे को कम करता है। शकरकंद को उबालकर खाने से त्वचा को फायदा मिलता है।

**एवोकाडो**

स्किन के लिए एवोकाडो का सेवन भी लाभकारी माना जाता है। एवोकाडो में विटामिन्स, एंटीऑक्सीडेंट और ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है। इसके सेवन से आपकी त्वचा अंदर से साफ होता है। जब स्किन अंदर से साफ होती है तो बाहर भी इसका निखार साफ पता चलता है। आप चाट या फिर शेक के तौर पर भी एवोकाडो का सेवन कर सकते हैं।

**खीरा**

खीरा में पानी की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। इसके सेवन से त्वचा हाइड्रेड रहती हैं। वहीं खीरे में एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मददगार होता है। खीरे के नियमित सेवन से स्किन हाइड्रेट रहने के साथ ही मॉइस्चराइज रहती है।

**संतरा**

विटामिन सी से भरपूर संतरा त्वचा की सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। संतरा में आवश्यक एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो स्किन को नेचुरल तरीके से हेल्दी और ग्लोइंग रखता है। साथ ही संतरे के सेवन झुर्रियां कम होने के साथ कोलेजन बढ़ता है।

**पपीता**

हमारे पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में पपीता भी अहम भूमिका निभाता है। पपीता में मिनरल्स के साथ-साथ विटामिन-ए, विटामिन बी और विटामिन सी पाया जाता है। जो स्किन को हेल्दी बनाने में मदद करता है। साथ ही यह त्वचा को हाइड्रेट भी रखता है। ऐसे में आप रोजाना पपीते का सेवन कर सकते हैं।

**अनानास**

स्किन को हेल्दी रखने में अनानास भी मददगार होता है। अनानास में विटामिन ए, सी की अधिक मात्रा पाई जाती है। इसमें मौजूद विटामिन ए और सी त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाता है। वहीं इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं। जो चोट को जल्दी रिकवर करते हैं। इसके सेवन से आपकी त्वचा हील होने के साथही ग्लोइंग भी बनती है।

## दही का रायता ही नहीं बल्कि कई तरीके से बनाएं चटनी

भारतीय खाने में दही को जरूर शामिल किया जाता है। अक्सर लोग सादा सदी या फिर रायता खाना पसंद करते हैं। बता दें कि पेट के लिए दही काफी फायदेमंद होता है। वहीं इसके सेवन से गट हेल्थ भी बेहतर होती है। भारतीय खाने में चटनी काफी फेमस है। सब्जी और फल से लेकर नारियल तक की चटनी बनाई जाती है। वहीं बोरिंग खाने के स्वाद को चटनी स्वादिष्ट बना देती है। इसलिए अधिकतर घरों में चटनी बनाकर खाई जाती है। लेकिन क्या आपने दही चटनी खाई हैं। अगर आपका जवाब नहीं है, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दही की चटनी बनाने की विधि के बारे में बताने जा रहे हैं। आप कई चीजों और कई तरीकों से दही चटनी बना सकते हैं। आइए जानते हैं दही की चटनी बनाने की रेसिपी के बारे में।।।

**राजस्थानी स्टाइल में दही चटनी**

पूरे भारत देश में राजस्थानी स्टाइल की चटनी फेमस है। राजस्थान में बनने वाली लहसुन चटनी वाकई स्वाद में बेहद लाजवाब होती है। अगर आपने राजस्थानी दही-लहसुन की चटनी नहीं खाई हैं, तो आप इस रेसिपी को घर पर ट्राई कर सकते हैं।

**ऐसे बनाकर करें तैयार**

- राजस्थानी स्टाइल की दही चटनी बनाने के लिए सूखे लाल मिर्च को पानी में भिगो दें।
- फिर एक पैन में तेल गर्म करके उसमें लहसुन की कलियों को भूरा होने तक भूनें।
- फिर लहसुन में 2 चम्मच धनिया के बीज, 1 चम्मच जीरा, सूखा लाल मिर्च और आधा चम्मच काली मिर्च डालकर धीमी आंच पर पका लें।
- कुछ देर में चटनी से खुशबू आने लगेगी, तब गैस को बंद कर लें। वहीं पेस्ट को ठंडा होने के लिए छोड़ दें।
- जब पेस्ट ठंडा हो जाए तो इन्हें अच्छे से पीस लें।
- अब पीसे गए पेस्ट को तेल में डालकर तब तक पकाए जब तक उसका तेल अलग न हो जाए।
- फिर इसमें 1 चम्मच जीरा, चुटकी भर हींग ,करी पत्ता, 1 चम्मच सरसों और फेटा हुआ दही अच्छे से मिक्स कर दें।
- करीब 5 मिनट तक चलाने के बाद गैस बंद कर दें।
- इस तरह से आपकी दही-लहसुन की राजस्थानी स्टाइल चटनी बनकर तैयार है।
- इसे आप सादे चावल से लेकर स्नैक्स तक के साथ खा सकते हैं।

**ऐसे बनाएं परफेक्ट चटनी**

- चटनी को घर टेस्टी बनाने के लिए ताजे लहसुन का इस्तेमाल करें।
- क्योंकि लहसुन के खराब होने पर चटनी का स्वाद बिगड़ जाएगा। इस चटनी के लिए अंकुरित लहसुन का इस्तेमाल न करें।
- वहीं ताजे दही का इस्तेमाल करें, क्योंकि अगर दही खट्टा होगा तो चटनी उतनी स्वादिष्ट नहीं होगी।
- अधिक मात्रा में इसमें तेल का उपयोग न करें।
- वही चटनी बनने के बाद इसको सही से स्टोर करें। जिससे कि यह 2-3 दिन चल जाए।
- आप कांच के जार में चटनी को स्टोर करके रख सकती हैं।
- चटनी अधिक पतली नहीं होनी चाहिए। क्योंकि चटनी गाढ़ी अच्छी लगती है।

**दही हरी मिर्च चटनी की रेसिपी**

हरा मिर्च भी खाने के स्वाद को दोगुना करता है। हरी मिर्च का इस्तेमाल खाने को चटपटा करने के लिए किया जाता है। आप चाहें तो हरी मिर्च की चटनी भी बना सकती हैं। आज हम आपको दही और हरी मिर्च की चटनी की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। आप भी इसे घर पर बनाकर खा सकते हैं। हरी मिर्च की चटनी बनाने के लिए हरी मिर्च को अच्छे से धो लें। फिर इन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अगर आप स्वादिष्ट चटनी बनाना चाहते हैं, तो मिर्च को मिक्सी की जगह सिलबट्टे पर पीसें। इससे चटनी का स्वाद दोगुना हो जाएगा। हरी मिर्च को बारीक पीसने के बाद इसमें दही मिक्स कर लें। फिर इसमें हींग, जीरा पाउडर और स्वादानुसार नमक मिला लें। इस तरह से आपकी दही-हरी मिर्च की चटनी बनकर तैयार हो जाएगी।

# वेनेजुएला में तख्तापलट करा सकता है अमेरिका

## सीक्रेट ऑपरेशन की तैयारी, इलाके में घेराबंदी कर रहा, टकराव की आशंका बढ़ी

**वाशिंगटन।** अमेरिका और लैटिन अमेरिकी देश वेनेजुएला के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में वेनेजुएला के खिलाफ नया ऑपरेशन शुरू हो सकता है। ट्रम्प प्रशासन वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का तख्तापलट भी करवा सकता है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी रायटर्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी है।

अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक शुरुआत सीक्रेट ऑपरेशन से हो सकती है। अभी साफ नहीं है कि यह कदम कब उठाया जाएगा और इसका दायरा कितना बड़ा होगा, लेकिन इतना जरूर है कि ट्रम्प प्रशासन इसे लेकर काफी गंभीर है। हाल के हफ्तों में अमेरिकी सेना ने कैरेबियाई इलाके में बड़ी संख्या में जहाज, विमान और सैनिक तैनात किए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच टकराव की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन और सीक्रेट एजेंसी सीआईए इस पूरे मामले पर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। व्हाइट हाउस का कहना है कि राष्ट्रपति



■ ट्रम्प प्रशासन वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर गिराएगा गाज

ट्रम्प ड्रग तस्करी रोकने के लिए हर तरह की ताकत का इस्तेमाल करने को तैयार हैं। कैरेबियाई इलाके में बीते कुछ महीनों से अमेरिकी सेना का जमावड़ा लगातार बढ़ रहा है। सबसे बड़ा अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर 'जेराल्ड आर फोर्ड' और उसके साथ कई युद्धपोत, एक परमाणु पनडुब्बी और एफ-35 विमान तैनात किए गए हैं। अमेरिका लंबे समय से मादुरो पर आरोप लगाता रहा है कि वह ड्रग तस्करी में शामिल हैं, हालांकि मादुरो इन आरोपों को साफ तौर पर झूठा बताते हैं। दूसरी तरफ मादुरो का कहना है कि अमेरिका उन्हें सत्ता से निकालना चाहता है, लेकिन देश और सेना किसी भी बाहरी दखल का विरोध करेगी। अमेरिकी सेना सितम्बर से अब तक दर्जनों ड्रग बोट्स पर हमले कर चुकी है, जिनमें 80 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि अमेरिका बिना सबूत के लोगों को मार रहा है और यह अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। दो महीने पहले वेनेजुएला की बोट पर अमेरिकी हमले का फुटेज। इस हमले में 3 लोग मारे गए थे। हालात और तनावपूर्ण तब हो गए जब अमेरिका की फेडरल एविएशन एजेंसी (एफएए) ने वेनेजुएला के ऊपर उड़ान भरने को लेकर चेतावनी जारी कर दी। एफएए ने कहा कि वेनेजुएला के एयर स्पेस में मिलिट्री एक्टिविटी बढ़ गई है और जीपीएस सिस्टम में दखल जैसी समस्याएं देखी गई हैं, जो उड़ानों के लिए खतरा पैदा कर सकती हैं।

# मोदी ने जमैका के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जोहान्सबर्ग में जी-20 समिट के दौरान जमैका के अपने समकक्ष एंड्रयू होलनेस के साथ बातचीत की और कैरेबियाई देश के साथ भारत के मजबूत और बढ़ते रिश्तों को पक्का किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर शेयर किया कि जोहान्सबर्ग में जी-20 समिट के दौरान जमैका के प्रधानमंत्री मिस्टर एंड्रयू होलनेस से बातचीत की। भारत और जमैका इतिहास से बनी और सांस्कृतिक जुड़ाव से मजबूत हुई दोस्ती से बंधे हैं। हमारी पार्टनरशिप मिलकर तरक्की करने के गहरी प्रतिबद्धता के साथ बढ़ती जा रही है।



प्रयागराज। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए मतदाता फॉर्म जमा करते हुए।

# वियतनाम में बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 90 लोगों की मौत

**हनोई।** मध्य वियतनाम इलाके में बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 90 हो गई। समाचार पत्र थान निएन ने वियतनाम आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के हवाले से से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक 12 लोग अभी भी लापता हैं। तेज बारिश और बाढ़ से इलाके में 1154 घरों और 80800 हेक्टेयर से जयादा चावल और दूसरी फसलों को नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने मध्य प्रांतों में गंभीर बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के उपाय बढ़ाने को कहा है। वियतनाम न्यूज़ एजेंसी ने बताया कि वियतनामी सरकार ने इस आपदा से बुरी तरह प्रभावित इलाकों की सहायता के लिए 700 बिलियन वियतनामी डोंग (लगभग 26.6 लाख डॉलर) की आपातकालीन मदद दी है।

# गाजा में फिर एयरस्ट्राइक, 24 लोगों की मौत

## सीजफायर के बाद भी नहीं मान रहा इजरायल, 54 लोग घायल, अस्पतालों ने की पुष्टि

**गाजा/तेल अवीव।** इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने हमास ठिकानों में हवाई हमले किए, जिनमें 24 लोगों की मौत हो गई और 54 लोग घायल हुए। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इजरायली सेना ने दावा किया कि ये हमले उन हमास लड़ाकों के जवाब में किए गए, जिन्होंने संघर्षविराम के बावजूद इजरायल-नियंत्रित क्षेत्र में घुसकर सैनिकों पर गोली चलाई। सेना ने इस घटना को सीजफायर का गंभीर उल्लंघन बताया।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि कार्रवाई में हमास के पांच वरिष्ठ सदस्य मारे गए, जबकि हमास ने आरोप लगाया कि इजरायल बहाने बनाकर युद्ध फिर शुरू करना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका द्वारा कराए गए युद्धविराम के बावजूद इजरायल अब तक गाजा में 394 हमले कर चुका है, जिनमें 300 से अधिक लोग मारे गए और करीब 700 से ज्यादा घायल हुए। इससे पहले बुधवार को भी आईडीएफ ने गाजा में हमले कर 25 लोगों को मार दिया था, जब इजरायल ने दावा किया कि हमास ने युद्धविराम का उल्लंघन किया है। गाजा में कई इलाकों पर एक के बाद एक हुए हमलों ने पूरे माहौल को दहशत से भर दिया। गाजा सिटी के रिमाल क्षेत्र में एक वाहन को



■ गाजा सिटी के रिमाल क्षेत्र में एक वाहन को निशाना बनाए गए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक गंभीर रूप से घायल हुए

निशाना बनाए गए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक गंभीर रूप से घायल हुए। शिफा अस्पताल के डाक्टरों के मुताबिक, घायलों में बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हैं। इसी के साथ, अल-अवदा अस्पताल के पास एक मकान पर हुए हमले में 3 लोगों की जान गई और 11 घायल हुए। नुसेरात कैंप में एक घर पर किए गए हमले में सात लोगों की मौत हुई, जिनमें एक बच्चा भी शामिल था। दैर अल-बलाह में एक और आवासीय घर को निशाना बनाए जाने से तीन लोगों की मौत हुई, जिनमें एक महिला भी थी। दैर अल-बलाह के खालिल अबू हातब ने भयावह दृश्य बताते हुए कहा अचानक जोरदार धमाका हुआ और चारों तरफ धुआं ही धुआं फैल गया। कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। यह कैसा संघर्षविराम है? यहां तो कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर 2023 से शुरू हुए इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 69733 लोग मारे जा चुके हैं, 170000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा, 7 अक्टूबर 2023 के हमास हमले में इजरायल में 1,139 लोगों की मौत हुई थी और 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाया गया था। संघर्षविराम के दौरान भी मौतों का आंकड़ा बढ़ा है, क्योंकि नए हमलों के अलावा मलबे से पुराने शव भी निकाले जा रहे हैं। मंत्रालय का कहना है कि मृतकों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। वहीं इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद ने दावा किया है कि फलस्तीनी संगठन हमास पूरे यूरोप में आतंकी हमलों की साजिश रच रहा है। इसके लिए हमास द्वारा स्लीपर सेल द्वारा आतंकी नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

■ अब यूरोप में हमले की साजिश रच रहा हमास, इजरायली खुफिया एजेंसी ने किया दावा

एक बयान में मोसाद ने कहा कि यूरोपीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया है और हथियारों को जब्त किया है। साथ ही कुछ संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है और हमलों को रोका गया है। मोसाद का कहना है कि हमास का आतंकी नेटवर्क यूरोप में यहूदी समुदाय औरइजरायली नागरिकों पर हमले की साजिश रच रहा था। जर्मनी, आस्ट्रिया जैसे देशों में भी मोसाद ने स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वित ऑपरेशन चलाकर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पिछले सितम्बर में वियना में आस्ट्रिया की डीएनएस सिक्योरिटी सर्विस ने हथियारों का एक जखीरा ढूंढा, जिनमें विस्फोटक और हैंडगन शामिल थे। सुरक्षा बलों ने मोहम्मद नईम नामक संदिग्ध के बारे में पता लगाया, जांच में पता चला कि मोहम्मद नईम हमास के शीर्ष ब्यूरो अधिकारी बासेम नईम का बेटा है, जो गाजा में हमास के शीर्ष नेता खलील अल-हया का करीबी बताया जा रहा है। मोसाद ने आरोप लगाया कि हमास का नेतृत्व भी यूरोप में आतंकी नेटवर्क तैयार करने में मदद कर रहा है। तुर्की में भी हमास के संगठन बेस की जांच चल रही है।

# प्रतिबद्धता के साथ हो रियो समझौते का पालन: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने ब्राजील के बेलेम में जलवायु वित्त के मुद्दे को सामने लाने में सीओपी प्रेसीडेंसी के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि जलवायु संरक्षण के मुद्दे पर पूरी दुनिया रियो में 33 वर्ष पहले किए वादों को प्रतिबद्धता के साथ पूरा करेगी। भारत ने यूएनएफसीसीसी सीओपी30 के समापन पूर्ण सत्र में उच्चस्तरीय वक्तव्य में सीओपी30 प्रेसीडेंसी के समावेशी नेतृत्व का पूरा समर्थन किया और सम्मेलन में लिए गए निर्णयों का स्वागत किया। भारत ने सीओपी अध्यक्ष के नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मेलन समावेसिता, संतुलन पर आधारित रहा और उसने सीओपी30 का ईमानदारी से मार्गदर्शन किया। सम्मेलन में भारत ने जलवायु वित्त प्रदान करने हेतु विकसित देशों के दीर्घकालिक दायित्वों पर जोर दिया और कहा कि भारत को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की भावना से पूरी उम्मीद है कि 33 वर्ष पहले रियो में किए गए वादे अब बेलेम में उठाए गए शुरुआती कदमों के कारण पूरे होंगे। इसके साथ ही भारत ने सीओपी30 के न्यायसंगत बदलाव तंत्र की स्थापना प्रमुख परिणामों पर संतोष व्यक्त किया।

# आठ में से पांच युद्ध टैरिफ की धमकी से रुकवाए: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि उन्होंने टैरिफ की धमकी देकर आठ में से पांच युद्ध रुकवाए हैं। ट्रम्प ने ये भी दावा किया कि टैरिफ के चलते अमेरिका को दुनिया भर के देशों से खरबों डॉलर मिल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी टैरिफ नीति को कामयाब बताते हुए कहा कि इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ है। ट्रुथ सोशल पर साझा एक पोस्ट में ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने आठ में से पांच लड़ाइयों को सीधे टैरिफ के खतरे की वजह से रोका।

ट्रम्प ने लिखा कि हम टैरिफ की वजह से विभिन्न देशों से टैरिफ और निवेश के रूप में खरबों डॉलर्स ले रहे हैं। मैंने आठ में से पांच युद्ध को टैरिफ की धमकी से रोका, क्योंकि अगर वे लड़ना बंद नहीं करते हैं तो उन पर टैरिफ लगने का खतरा है। गौरतलब है कि ट्रम्प ने इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव को रोकने के लिए भी टैरिफ की धमकी देने का दावा किया था। हालांकि भारत ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम में ट्रम्प की भूमिका की कभी पुष्टि नहीं की है। ट्रम्प



■ अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: टैरिफ के चलते अमेरिका को दुनिया भर के देशों से खरबों डॉलर मिल रहे हैं

ने अपने पोस्ट में लिखा कि अब अमेरिका में कोई महंगाई नहीं है जबकि जो बाइडन के समय में यह इतिहास में सबसे खराब थी। ट्रम्प ने लिखा कि स्टॉक मार्केट 9 महीनों में 48वीं बार ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि टैरिफ ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मदद की है और अमेरिका को लूटने वाले लोगों पर निशाना साधा। उन्होंने यह भी कहा कि अभी, अमेरिका अब तक का सबसे अमीर, सबसे मजबूत और सबसे इज्जतदार स्थिति में है और इसके वजह उन्होंने खुद के राष्ट्रपति चुने जाने और टैरिफ को बताया।

# भारत ने सीओपी-30 में ब्राजील के नेतृत्व को सराहा

**बेलेम।** भारत ने ब्राजील के बेलेम में हुई संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन सीओपी-30 में जलवायु न्याय की मजबूत आवाज बनकर उभरते हुए ब्राजील के समावेशी नेतृत्व की सराहना ही। साथ ही जलवायु न्याय, समानता और वैश्विक एकजुटता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

■ सम्मेलन में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसलों का स्वागत किया और सीओपी अध्यक्ष का धन्यवाद किया
■ यह कदम वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु न्याय को लागू करने में मदद करेगा

भारत ने सम्मेलन में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसलों का स्वागत किया और सीओपी अध्यक्ष का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व समावेश, संतुलन और ब्राजील की सामूहिक प्रयास की भावना पर आधारित रहा, जिसने पूरे सम्मेलन को सकारात्मक दिशा दी। इसके साथ ही भारत ने ग्लोबल गोल आन एडाप्टेशन (जीजीए) में हुई प्रगति का स्वागत किया। साथ ही कहा कि यह फैसले विकासशील देशों की जरूरतों को समझते हैं, क्योंकि जलवायु परिवर्तन का असर सबसे ज्यादा उन पर है। इस दौरान भारत ने दोहराया कि विकसित देशों की लंबे समय से चली आ रही जिम्मेदारी है कि वे विकासशील देशों को पर्याप्त जलवायु वित्त उपलब्ध कराएं। भारत ने उम्मीद जताई कि 33 साल पहले रियो में किए गए वादों को अब पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ेंगे। भारत ने सीओपी-30 के सबसे महत्वपूर्ण परिणाम के रूप में 'जस्ट ट्रांजिशन मैकेनिज्म' की स्थापना को बताया। भारत ने कहा कि यह कदम वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु न्याय को लागू करने में मदद करेगा। इस दौरान भारत ने एकतरफा, जलवायु के नाम पर लगाए जाने वाले व्यापारिक प्रतिबंधों का मुद्दा भी उठाया। साथ ही कहा कि ऐसे कदम विकासशील देशों को नुकसान पहुंचाते हैं और समानता तथा साझा लेकिन विभेदित जिम्मेदारी के सिद्धांतों के खिलाफ हैं। इस दौरान भारत ने यह भी स्पष्ट कहा कि जलवायु परिवर्तन का बोझ उन देशों पर नहीं डाला जाना चाहिए जो इसके लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं। भारत ने विज्ञान-आधारित, न्यायपूर्ण और समानता पर आधारित जलवायु कार्रवाई के प्रति फिर से प्रतिबद्धता जताई। अंत में, भारत ने ब्राजील और सभी देशों को धन्यवाद दिया।

# दुबई एयर शो में रूसी विमानों ने नमांश सयाल को दी श्रद्धांजलि

**दुबई।** दुबई एयरशो के आखिरी दिन रूसी विमानों टीम ने तेजस हादसे में मारे गए विंग कमांडर नमांश स्याल को खास श्रद्धांजलि दी। रूसी विमानों ने आकाश में मिसिंग मैन फार्मेशन बनाया। रूसी टीम ने बताया कि उन्होंने एयर शो में अपना प्रदर्शन जारी रखने का फैसला इसलिए लिया, ताकि उन भाइयों की याद में उड़ान भरी जा सके जो आखिरी उड़ान से वापस नहीं लौटे। टीम ने कहा कि तेजस क्रैश के तुरंत बाद के पल बयां करना मुश्किल थे। 21 नवम्बर को दुबई एयर शो के दौरान भारतीय तेजस जेट क्रैश हो गया था। हादसे में विंग कमांडर नमांश स्याल की मौत हो गई थी। वे विमान से इजेक्ट नहीं कर पाए थे। डेमो फ्लाइट के दौरान तेजस नीचे आकर जमीन से टकराकर क्रैश हो गया।

# अब उत्तरी अफ्रीकी देश में विद्रोह की चिंगारी भड़की

## ट्यूनीशिया में सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**ट्यूनिस।** उत्तरी अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में भी सरकार विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। शनिवार को हजारों की संख्या में लोग राष्ट्रपति काइस सईद के खिलाफ राजधानी ट्यूनिश की सड़कों पर उतरे।

लोग राष्ट्रपति सईद की बढ़ती कथित तानाशाही और जेल में बंद राजनीतिक कैदियों की रिहाई की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने अन्याय के खिलाफ बैनर के तले विरोध प्रदर्शन किया, जिसका नेतृत्व जेल में बंद राजनीतिक कैदियों के परिवारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने किया। प्रदर्शन में हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी शामिल हुए, जिन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए। ये प्रदर्शन ऐसे समय हो रहे हैं, जब ट्यूनीशिया आर्थिक और राजनीतिक स्तर पर परेशानियों से घिरा हुआ है। इससे पहले गुरुवार को ट्यूनीशिया के पत्रकारों ने भी सरकार विरोधी प्रदर्शन किए। दरअसल पत्रकारों ने प्रेस की आजादी को दबाने और प्रमुख नागरिक समाज संगठनों के खिलाफ कार्रवाई विरोध प्रदर्शन किया।



■ प्रदर्शन में हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी शामिल हुए, जिन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि राष्ट्रपति सईद न्यायपालिका में दखलअंदाजी कर रहे हैं। साथ ही उन पर अपने राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल करने आरोप है। जेल में बंद विपक्षी नेता अब्देलहामिद जलसी की पत्नी मोनिया ब्राहिम ने कहा कि वह मार्च में इसलिए शामिल हुईं क्योंकि उनका मानना है कि कई ट्यूनीशियाई लोगों के साथ बहुत नाइंसाफी हो रही है। मैं एक नागरिक के तौर पर अपने अधिकारों की रक्षा करने आई हूं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक कैदी अच्छी तरह जानते हैं कि वे अपने उसूलों, सिविल और पॉलिटिकल एक्टिविज्म के अपने संवैधानिक हक की कीमत चुकाने के लिए जेल में हैं, और आज ट्यूनीशिया में बनी सरकार उन्हें बंधक बनाए हुए है। हिरासत में लिए गए लोगों में से कुछ भूख हड़ताल पर हैं, जिसमें संवैधानिक कानून के प्रोफेसर जाहेर बेन म्बारेक भी शामिल हैं, जो 20 दिनों से जयादा समय से हड़ताल पर हैं। ट्यूनीशिया में बढ़ते दमन पर कई मानवाधिकार संगठनों ने चिंता जताई है। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा है कि 2022 के आखिर से 50 से ज़्यादा लोगों को, जिनमें राजनेता, वकील, पत्रकार और एक्टिविस्ट शामिल हैं, अपनी बात कहने की आजादी, शांति से इकट्ठा होने या राजनीतिक गतिविधि चलाने के अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए गिरफ्तार किया गया।

# बांग्लादेश में विशेषज्ञों ने दी भीषण भूकंप की चेतावनी

## कहा: अगर सरकार ने तुरंत सख्त कदम नहीं उठाए, तो नुकसान कहीं ज्यादा हो सकता है

**ढाका।** बांग्लादेश में शुक्रवार सुबह आए 5.7 तीव्रता के भूकंप ने कम से कम 10 लोगों की जान ले ली और राजधानी ढाका समेत कई जिलों में कई इमारतों को नुकसान पहुंचाया।

वहीं विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह झटका किसी बड़े विनाशकारी भूकंप की आहट हो सकता है और अगर सरकार ने तुरंत सख्त कदम नहीं उठाए, तो नुकसान कहीं ज्यादा हो सकता है। शनिवार को भी देश तीन हल्के झटकों से कांपता रहा, जिससे लोगों में डर और बढ़ गया। स्थानीय समाचार पत्र में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार का भूकंप 'ढाका की नाजुकता' को साफ दिखाता है। ढाका जिला प्रशासन ने 14 इमारतों में नुकसान की पुष्टि की है। वहीं राजुक ने 50 से अधिक इमारतों में नुकसान की बात



■ ढाका जिला प्रशासन ने 14 इमारतों में नुकसान की पुष्टि की
■ राजुक पर वर्षों से निर्माण निगरानी में लापरवाही और कम स्टाफ होने के आरोप लगते रहे हैं

कही है, और मान रही है कि जांच आगे बढ़ने पर यह संख्या और बढ़ेगी। राजुक के चेयरमैन एम. रियाजुल इस्लाम ने कहा कि हमारी जांच जारी है। कई और इमारतें जोखिम भरी मिलेंगी। राजुक पर वर्षों से निर्माण निगरानी में लापरवाही और कम स्टाफ होने के आरोप लगते रहे हैं। बांग्लादेश भूकंप सोसायटी के उपाध्यक्ष प्रो. मुनाज अहमद नूर ने कहा कि राजुक हमेशा किसी बड़े हादसे के बाद ही जागता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बांग्लादेश नेशनल बिल्डिंग कोड का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। नूर के अनुसार, समस्या अक्सर डिजाइन में नहीं बल्कि उसके लागू होने में होती है, जैसे लोहे की मजबूती को गलत जगह लगाना। वहीं बांग्लादेश इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रो. मेहेदी अहमद अंसारी ने चेतावनी दी कि जिन इमारतों में दरारें या नुकसान दिख रहा है, उनका तुरंत मूल्यांकन होना चाहिए। जोखिम के आधार पर उन्हें श्रेणीबद्ध कर कार्रवाई होनी चाहिए। यह हाल के झटके किसी बड़े भूकंप के पूर्व संकेत यानी पूर्वाभास भी हो सकते हैं। उनका कहना है कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो किसी बड़ी घटना में भारी जनहानि हो सकती है। वरिष्ठ भूकंप वैज्ञानिक सईद हुमायूं अख्तर ने कहा कि भारत-बर्मा सबडक्शन क्षेत्र में बहुत ऊर्जा जमा हो रही है, जो किसी भी समय बहुत बड़े भूकंप का रूप ले सकती है। ढाका दुनिया के 20 सबसे भूकंप-जोखिम वाले शहरों में शामिल है। घनी आबादी, पुरानी और जर्जर इमारतें, और अवैध निर्माण इसे और ज्यादा असुरक्षित बनाते हैं। इतिहास की

# श्रीलंका: पहले मौके पर गिराएंगे सरकार

**कोलंबो।** श्रीलंका में सरकार और विपक्षी दल के बीच जारी तनाव के बीच पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नेतृत्व वाले विपक्षी दल ने राष्ट्रीय जनशक्ति (एनपीपी) सरकार पर चुनावी वादों को पूरा ना करने का आरोप लगाया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए तो पहले मौके पर सरकार को गिरा दिया जाएगा। राजधानी कोलंबो के उपनगर नुगेगोडा में शुक्रवार को आयोजित एक रैली में महिंदा राजपक्षे के बेटे और राजनीतिक उत्तराधिकारी नमल राजपक्षे ने कहा कि हम तैयार हैं और सरकार को चेतावनी देते हैं कि हम पहले मौके पर इसे गिरा देंगे। नमल ने आगे कहा कि श्रीलंकाई सरकार को जनता से किए गए अपने वादे पूरे करने चाहिए। इस दौरान उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल या जमानत पर कई पार्टी नेताओं के बावजूद वह डरेंगे नहीं और संघर्ष जारी रखेंगे। बता दें कि श्रीलंकाई सरकार के खिलाफ आयोजित रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, हालांकि मुख्य विपक्षी दल एसजेबी ने इसमें भाग नहीं लिया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108